केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ महारानी के चौथे सीजन का ऐलान...



प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी परिदृश्य.. ◀ 12

गाजियाबाद, सोमवार 10 मार्च 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 03, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

# भारत ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी की अपने नाम, न्यूजीलैंड से लिया 25 साल पुरानी हार का बदला

**खेल डेस्क।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा गया । भारत पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 251 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने छह विकेट गंवाकर 49 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 7 विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाए। इस दौरान कीवी टीम की तरफ से डेरिल मिचेल ने सबसे ज्यादा 61 रन की पारी खेली। उनके अलावा ब्रेसवेल ने भी अर्धशतकीय पारी खेली और रचिन रविंद्र ने 37 रन बनाए। टीम इंडिया की ओर से वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए। फिलहाल, भारत को खिताब जीतने के लिए 252 रन चाहिए। पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरूआत सधी हुई थी। विल यंग और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच 57 रन की साझेदारी हुई। वरुण चक्रवर्ती ने भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने यंग (15) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। रचिन रविंद्र 29 गेंद में 37 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। केन विलियमसन 14 गेंद में 11 रन ही बना पाए। टॉम लैथम ने 30 गेंद में 14 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने 34 रन की पारी खेली। डेरिल मिचेल ने कीवी टीम के लिए सबसे ज्यादा 63 रन की पारी खेली। उन्हें शमी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान मिचेल सैंटनर महज 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे।



# अंतरिक्ष में फट रहे एलन मस्क के सैटेलाइट दुनिया के लिए खतरा, वैज्ञानिकों ने जारी की चेतावनी

**न्यूयॉर्क ।** एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी द्वारा भेजे गए सैटेलाइट्स दुनिया के लिए खतरा बने हुए है। जिन्हें लांच करके कुदरत से खिलवाड़ किया जा रहा है। पिछले दिनों अंतरिक्ष में सैटेलाइट में विस्फोट हुआ था। एक्सपट्र्स का कहना है कि इन जलते सैटेलाइट्स से निकलने वाले एल्यूमिनियम ऑक्साइड कण लंबे समय तक वातावरण में रह सकते हैं और ओजोन परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इसे पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा बताया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जब ये सेटेलाइट्स वातावरण में पुनः प्रवेश करते हैं तो इनसे निकलने वाले एल्युमिनियम ऑक्साइड के कण ऊपरी वायुमंडल यानी समताप मंडल में जाकर बस जाते हैं। यह वही परत है जो पृथ्वी को सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है। शोध के अनुसार यह एल्युमिनियम ऑक्साइड ओजोन परत को नुकसान पहुंचा सकता है।



## न्यूज डायरी

### 5 रुपए के गुटखे में केसर का स्वाद कैसे,कोर्ट ने शाहरुख खान, अजय देवगन व टाइगर श्राफ को किया नोटिस जारी, मांगा जवाब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जिला उपभोक्ता आयोग-जयपुर द्वितीय ने गुटखे में केसर बताने संबंधी विज्ञापन को लेकर अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ तथा गुटखा कंपनी के चेयरमैन को नोटिस जारी कर 19 मार्च तक जवाब मांगा है। आयोग अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीणा और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने योगेन्द्र सिंह बडियाल के परिवाद पर यह आदेश दिया। परिवाद में कहा कि जेबी इंडस्ट्रीज गुटखे का निर्माण कर उसे बाजार में सप्लाई करती है। तीनों अभिनेता इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए विज्ञापन करते हैं। विज्ञापन में गुटखे के दाने-दाने में केसर का मिश्रण होने का दावा किया जाता है, जबकि केसर की कीमत करीब 4 लाख रुपए प्रति किलो है और गुटखा 5 रुपए में बिकता है। ऐसे में इसमें केसर मिलाना तो दूर उसकी खुशबू भी नहीं होती। भ्रामक विज्ञापन दिखाकर गुटखे की बिक्री बढ़ाकर निमार्ता को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। अभिनेताओं की ओर से इस पान मसाले में दाने-दाने में केसर का दम दिखाकर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। परिवाद में विज्ञापन पर रोक लगाने का आग्रह किया है।



### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत बिगड़ी, सीने में दर्द के बाद दिल्ली एम्स में करवाया भर्ती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें रविवार सुबह सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई। इस पर उपराष्ट्रपति को दिल्ली एम्स के कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। एजेंसी ने एम्स अस्पताल के सूत्रों के हवाले से बताया कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सुबह-सुबह दिल्ली के एम्स के हृदय विभाग में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है।



### प्रेमानंद महाराज को लेकर बड़ी खबर आई सामने, भक्तों में छाई निराशा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रेमानंद महाराज ने अपनी पदयात्रा पर कुछ दिनो के लिए रोक लगा दी है। जानकारी के अनुसार यह फैसला होली के त्योहार और महाराज के स्वास्थ्य को लेकर लिया गया है। ऐसे में प्रेमानंद महाराज 10 मार्च से 14 मार्च तक पदयात्रा नहीं निकालेंगे।

उन्होंने ये जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर भजन मार्ग अकाउंट पर दी है। होली के मौके पर सड़कों पर बहुत ज्यादा भीड़ दिखती है। ऐसे में प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया और अपील की गई कि इन दिनों प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए न आएं। श्री हित राधा केलि कुंज परिकर श्रीधाम वृंदावन की ओर से सूचना में लिखा गया, आप सभी प्रियजनों को सूचित किया जाता है कि होली के पावन पर्व के चलते और पूज्य महाराज जी के स्वास्थ्य की अनुकूलता को ध्यान में रखते हुए दिनांक 10 मार्च से 14 मार्च 2025, रात 02:00 बजे से पूज्य महाराज जी की पदयात्रा नहीं निकलेगी। आप सभी प्रियजनों से प्रार्थना है कि अगर आप दर्शन के लिए आ रहे हैं तो इन दिनों में दर्शन के लिए ना आएं। बता दें कि वृंदावन में होली का उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ बनाया जाता है। कल यानी 10 मार्च को रंग भरनी एकादशी है और ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन करने के लिए ब्रज में होली खेलने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु वृंदावन आते हैं। ऐसे में प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य पर किसी तरह का असर न पड़े। इसे ध्यान में रखते हुए यह बड़ा फैसला लिया गया।



# सुक्खू ने महाराणा प्रताप स्मारक भवन का किया शिलान्यास




**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के शाहपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप स्मारक भवन का शिलान्यास किया। सुक्खू ने इस मौके पर कहा कि कांग्रेस सरकार आम लोगों की सरकार है। प्रदेश सरकार सुशासन सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा कि बदलाव के साथ चुनौतियां भी आ रही हैं लेकिन हर चुनौती का डटकर सामना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शाहपुर में शीघ्र ही राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार न केवल शिक्षा बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सुधार कर रही है। पिछले दो वर्षों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर सरकार ने 2,600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है जिससे प्रदेश की जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

इस मौके पर उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि महाराणा प्रताप सभी समुदायों के रक्षक थे। उन्होंने महाराणा प्रताप स्मारक भवन के निर्माण के लिए 10 लाख रुपये का योगदान देने की घोषणा की तथा समाज कल्याण में राजपूत कल्याण सभा के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष ठाकुर कुलदीप सिंह ने मुख्यमंत्री का कार्यक्रम में आने के लिए आभार व्यक्त किया।

# सार्वजनिक कार्यक्रमों, बसों में डबल मीनिंग वाले भोजपुरी गाने बजाए तो होगा एक्शन, पुलिस ने जारी किया आदेश

**पटना (आरएनएस)।** बिहार पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील और डबल मीनिंग भोजपुरी गाने बजाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। पुलिस मुख्यालय से जारी एक सर्कुलर में कहा गया है कि यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन गई है। बच्चों के मानसिक विकास पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। राज्य के पुलिस मुख्यालय ने एक सर्कुलर जारी कर सभी आईजी, डीआईजी और रेलवे पुलिस को इस आदेश को लागू करने के निर्देश दिए। सर्कुलर में कहा गया है कि राज्यभर में विशेष अभियान चलाकर उन लोगों की पहचान की जाए, जो सार्वजनिक कार्यक्रमों, बसों, ट्रकों और ऑटो-रिक्शा में अश्लील और द्विअर्थी भोजपुरी गाने बजाकर माहौल खराब करते हैं। पुलिस के मुताबिक, जो भी व्यक्ति इस निर्देश का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बिहार विधानसभा में यह मुद्दा पहले भी उठ चुका है। दो साल पहले कांग्रेस विधायक प्रतिमा कुमारी ने अश्लील भोजपुरी गानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। सरकार ने आश्वासन दिया था कि ऐसे गानों को बढ़ावा देने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने कहा है कि भोजपुरी फिल्मों और सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले अश्लील और द्विअर्थी गानों पर भी सख्त नजर रखी जाएगी।



# प्रधानमंत्री ने एम्स जाकर उपराष्ट्रपति धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। सूत्रों ने बताया कि उपराष्ट्रपति को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार देर रात एम्स में भर्ती कराया गया था। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यएम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। धनखड़ (73) को शनिवार देर रात करीब 2 बजे अस्पताल ले जाया गया और एम्स के हृदयरोग विभाग के प्रमुख डॉ राजीव नारंग की देखरेख में ह्यक्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। एक सूत्र ने बताया कि उपराष्ट्रपति की हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का एक समूह उनकी स्थिति पर नजर रख रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा भी धनखड़ के स्वास्थ्य की जानकारी लेने एम्स पहुंचे।



# बाहुबली नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की मुश्किलें बढ़ीं, पुलिस ने इस मामले में दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव थाने में यूपी के कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह, जिन्हें राजा भैया के नाम से भी जाना जाता है, के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनकी पत्नी भानवी सिंह द्वारा उन्हें प्रताड़ित करने के आरोप के आधार पर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि मामला पहले से क्राइम अगेंसट वीमेन सेल में चल रहा था और मीडिएशन सेंटर भी मामला देखने गया था, लेकिन थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

राजा भैया और भानवी सिंह के बीच तलाक का मुकदमा वर्तमान में कोर्ट में चल रहा है। हाल ही में भानवी ने दिल्ली के साकेत कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया था, जिसमें उन्होंने पति पर शारीरिक व मानसिक शोषण के साथ-साथ एक महिला पत्रकार के साथ अफेयर का आरोप लगाया। भानवी ने कहा कि पति ने महिला पत्रकार के अफेयर के चलते उन्हें घर से निकाल दिया और उन्हें वापस ससुराल लौटने की अनुमति भी नहीं दी। हालांकि, उन्होंने कहा, वो मेरे पति और मेरे बच्चों के पिता हैं। मैं तलाक नहीं देना चाहती और कभी नहीं दूंगी। अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रही हूं। आगे बताया गया कि राजा भैया पर कई गंभीर आरोप लगे हैं।भानवी के आरोपों में यह भी शामिल है कि राजा भैया द्वारा उन्हें बार-बार टॉर्चर किया गया, जिसके चलते 23 अप्रैल 2015 को उन्हें इतनी गंभीर मारपीट के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। साथ ही, भानवी ने आरोप लगाया कि राजा भैया के कई महिलाओं के साथ अवैध संबंध हैं और विरोध करने पर उन्होंने एक बार तो फायरिंग कर मारने की भी कोशिश की थी। उन्होंने यह भी कहा कि राजा भैया बच्चों की उपेक्षा करते हैं, जिसके कारण पूरा खर्च स्वयं उन्हें उठाना पड़ता है। राजा भैया का कहना है कि भानवी उनकी संपत्ति हड़पना चाहती हैं। इस आरोप के जवाब में कोर्ट ने भानवी को नोटिस भेजा है। दोनों के बीच शादी 1995 में हुई थी। राजा भैया और भानवी सिंह के दो बेटे और दो बेटियां हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान राजा भैया ने एफिडेविट में कुल 23.24 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का दावा किया था, जिसमें उनकी 13.64 करोड़ रुपये और भानवी सिंह की 6.08 करोड़ रुपये की संपत्ति शामिल बताई गई थी। शेष संपत्ति उनके चारों बच्चों के नाम पर है।



**शिरकत** — बोले मुख्यमंत्री, 'सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान' में एससी, एसटी और महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान

# मेरठ में युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 1070 युवाओं को 48 करोड़ के ऋण वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के 1070 युवाओं को 48 करोड़ के ऋण वितरण कार्यक्रम में शिरकत किया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं के उत्साह और सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रगति में आने वाली हर बाधा को दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है।मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 24 जनवरी को शुरू की गई 'सीएम युवा उद्यमी स्कीम' को लेकर प्रदेश के युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। योजना के तहत 1 लाख आवेदनों के लक्ष्य के सापेक्ष 2 लाख 67 हजार से अधिक युवाओं ने आवेदन किया है। इनमें से 1 लाख से अधिक आवेदनों को स्क्रीनिंग के बाद बैंकों को भेजा गया, जिनमें से 25 हजार से अधिक को मंजूरी मिल चुकी है और ऋण वितरण शुरू हो गया है। आज मेरठ में 1070 युवाओं को इस योजना का लाभ मिला।

**अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के लिए योजना में विशेष प्रावधान**

सीएम ने कहा कि पहले चरण में 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका पूरा ब्याज सरकार वहन करेगी। अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के लिए योजना में विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पीएम मोदी के 'स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया' के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सीएम ने मेरठ को क्रांतिधरा और पावन स्थल बताते हुए कहा कि इसे शिक्षा का हब बनाना जरूरी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पश्चिमी यूपी को विकास से नहीं पिछड़ने दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि सरकार उनके लिए हर अवसर के बैरियर को हटाएगी।








**15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारा गया**

मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार के 8 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने बताया कि 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारा गया, जिससे 7 लाख युवाओं को रोजगार मिला। इसके अलावा साढ़े 7 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई। एमएसएमई सेक्टर को पुनर्जीवन देकर 96 लाख यूनिट्स के साथ यूपी देश में नंबर एक बन गया है। सवा दो लाख करोड़ के उत्पादों का निर्यात हो रहा है। नतीजतन, बेरोजगारी दर घटी और 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर और कानून व्यवस्था में हुआ है सुधार**

सीएम ने हाल ही संपन्न महाकुम्भ का जिक्र करते हुए कहा कि 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालुओं ने इसे सुरक्षित और श्रद्धापूर्वक अनुभव किया। गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक विस्तार देने की योजना की बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह दो कुंभ नगरियों को जोड़ेगा। देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली-मेरठ के बीच शुरू होने से यात्रा आसान हुई है। उन्होंने दावा किया कि अब प्रदेश में कानून व्यवस्था का संकट नहीं है और हर बेटी, व्यापारी व नौजवान सुरक्षित है।

**प्रदर्शनी में दिखा युवाओं का हुनर**

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने योजना के तहत कारोबार शुरू करने वाले युवाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मेरठ, गौतमबुद्ध नगर, सहारनपुर और शामली के युवाओं ने इसमें हिस्सा लिया। सीएम ने कहा कि युवाओं के लिए चुनौती तब चुनौती नहीं रहती, जब सरकार उनके साथ खड़ी हो। नया उत्तर प्रदेश नए भारत का आधार बन रहा है। होली के ठीक पहले इस कार्यक्रम के जरिए 1070 नए युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन देने पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि यह युवा ऊर्जा उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में संबल प्रदान करेगी।

# 7 किलो की घटतौली के साथ अन्नदाता को ठगे जाने का मामला पकड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नवीन अनाज मंडी शिकारपुर में अन्नदाता के साथ की जा रही घटतौली पकड़ी गई है। मंडी समिति और पुलिस प्रशासन द्वारा आढ़ती, क्रय करने वाले व्यापारी और पल्लेदारों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। वहीं, किसान यूनियन ने घटतौली करने वाले आढ़तियों के खिलाफ मोर्चा खोले जाने की बात कही है। रविवार को शिकारपुर अनाज मंडी में सरसों का उच्चतम भाव 5550 रुपए प्रति कुंतल रहा। इसके बावजूद एक कच्चे आढ़ती की दुकान पर सलेमपुर थाना क्षेत्र के कैलावन गांव निवासी अन्नदाता सोमवीर शर्मा पुत्र इंद्रजीत शर्मा की निम्न किस्म की सरसों 5600 रुपए प्रति कुंतल के हिसाब से बिकी। सरसों बिकने के बाद पल्लेदारों द्वारा तौल शुरू की गई। अभी कुछ ही माल तुल पाया था कि एक बोरी में एक पल्लेदार को 7 किलो की घटतौली के साथ दबोच लिया गया। घटतौली पकड़े जाने पर सभी व्यापारी एकत्रित हो गए। मंडी समिति और पुलिस को भी सूचना दी गई। जिसके बाद मंडी समिति से मंडी इंस्पेक्टर और एक अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दूसरे कांटे पर बोरे को तुलवाया गया तो उसमें घटतौली मिली। कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव अर्जुन सिरोही ने बताया कि घटतौली का मामला सामने आया है। कच्चे आढ़ती, माल खरीदने वाले व्यापारी और पल्लेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कच्चे आढ़ती को नोटिस जारी कर दिया गया है। लाइसेंस सस्पेंड किए जाने की कार्रवाई को एसडीएम को लिख दिया गया है। उधर, पुलिस कच्चे आढ़ती की दुकान पर मिले मुनीम को अपने साथ ले गई, जबकि पल्लेदार भाग गए। मुनीम द्वारा पुलिस को पल्लेदारों के नाम बता दिए गए हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। एसडीएम दीपक कुमार पाल ने बताया कि मंडी समिति की टीम लगातार घटतौली के मामले पकड़ने के लिए कार्य करेगी। उन्होंने व्यापारियों से भी घटतौली करने वाले व्यापारियों को पकड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा कि किसान का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उधर, किसान यूनियन के नेता दीपक चौधरी ने अन्नदाता को ठगने वाले आढ़ती और पल्लेदारों को सबक सिखाने के लिए गोपनीय तरीके से मुहिम शुरू करने का ऐलान किया है। आढ़तियों द्वारा आए दिन अन्नदाता को ठगने के मामले संज्ञान में आने के बाद अनाज मंडी की दिशा और दशा सुधारने के लिए गत 4 और 7 मार्च को हुई बैठक में घटतौली नहीं करने की सभी व्यापारियों को हिदायत दी गई थी। बैठक में आढ़ती संघ के अध्यक्ष अनिल मित्तल और मंडी सचिव अर्जुन सिरोही ने स्पष्ट रूप से कहा था कि घटतौली पकड़े जाने वाली फर्म का लाइसेंस निरस्त करने के साथ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी लेकिन उसके बाद भी आढ़तियों की अन्नदाता को ठगे जाने वाली मानसिकता में सुधार नहीं हुआ।

### मंडी समिति ने आढ़ती को नोटिस जारी किया



# रोजेदार मुबारक माह में गलत कार्यों को करने से बचें: शोएब मेवाती

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी।** नगर पालिका परिषद गुलावठी के पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी व युवा समाज सेवी शोएब मेवाती ने कहा कि अल्लाह ने रमजान का मुबारक महीना हमें इबादत करने को अता फरमाया है। वैसे तो इंसान को हर वक्त अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। क्योंकि अल्लाह ने इंसान को सिर्फ अपनी इबादत करने के लिए पैदा किया है। इसका मतलब ये नहीं,इंसान हर वक्त मस्जिद में पड़ा रहे। इबादत का अर्थ यह है,कि इंसान सुबह से शाम तक के सभी कामों में अल्लाह की मर्जी और चाहत को सामने रखें। उन्होंने कहा कि रमजान माह में अल्लाह तआला सर्कश शैतानों को कैद कर देता है। जिस कारण वो इंसान को नहीं बहका सकते। लेकिन कोई इंसान ये ना सोचे, कि जब अल्लाह ताला शैतानों को कैद कर देता है,तो फिर इंसान इस माह में गलत काम क्यों करता है। बात है कि 11 महीने में गलत काम करते करते इतना पक्का हो जाता है कि एक महीने के लिए शैतान को बंद कर दिया जायें,तो भी कोई फर्क नहीं पड़ेंगा। रोजेदारों को इस माह में गलत कामों से जरूर बचना चाहिए। और किसी से लड़ाई झगड़ा नहीं करना चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला थाने की कोतवाल ने छात्राओं के जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को गौरी शंकर महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी रजनी वर्मा रही।

कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी रजनी वर्मा ने महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, जागरूकता और महिला अधिकारों को लेकर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान महिला अधिकारों, सुरक्षा और जागरूकता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महिला थाने की कोतवाल ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे किसी भी समस्या या अपराध की स्थिति में 1090 और 112 जैसी हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। महिला थाना प्रभारी रजनी वर्मा ने बताया कि छात्राओं को स्वयं अपराधों के खिलाफ सचेत रहना चाहिए। उन्हें ऐसे लोगों के बहकावे में नहीं आना चाहिए जो उनका गलत इस्तेमाल करें। पहले सुरक्षा व उसके बाद में रिश्ते हैं। जान पहचान के लोग ही महिलाओं के साथ ज्यादा अपराध कर रहे है। छात्राएं मोबाइल फोन का प्रयोग केवल शिक्षण कार्य के लिए करें, न कि इससे चैटिग करें।



# आरजे इंस्टिट्यूट में वार्षिक महोत्सव का आयोजन, छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** अलीगढ़ रोड़ पर गांव चौढेरा स्थित आरजे इंस्टीट्यूट आफ हायर एजुकेशन के सभागार में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह सहित पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छतारी के अलीगढ़ अनूपशहर रोड़ गांव चौढ़ेरा स्थित आर जे इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के सभागार में शनिवार को वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज की संस्थापिका डा. रजनी सिंह, डायरेक्टर डा. जया बंसल, मुख्य अतिथि प्रोफेसर आयशा फारुख सहित प्राचार्य डा. वीके वर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यहां कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने संगीत के साथ साथ डांस सहित नाटक में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वार्षिक महोत्सव में स्काउड गाइड सहित पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं ने स्मृति चिन्ह सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कॉलेज में आयोजित वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा जया बंसल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा छात्र छात्राओं को शिक्षा अमूल धन है। इस लिए छात्र छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। इस मौके पर डा सुभाष गौतम, डा. कल्पना गुप्ता, आर्यन गौड़, विपिन बंसल, अरुण सिंह, बच्चू सिंह, मनेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्काउट गाइड शिविर में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्रा सम्मानित



# भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया ने मनाया होली मिलन समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी।** होली मिलन समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष एस के सिंघानिया हुए शामिल, किसानों को दी होली की शुभकामनाएं गुलावठी के एससीएम स्कूल में भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया के सानिध्य में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में राष्टीय अध्यक्ष एसके सिंघानिया शामिल हुए शनिवार को गुलावठी के एससीएम स्कूल में बने ग्राउंड में भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसके सिंघानिया ने सभी किसानों को होली की शुभकामनाएं दी।सभी किसानों को उनकी मांगों को और उनकी आवश्यकताओं को भी बताया।

जिसमे सभी किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनाया जाए, फसल में लगने वाले रोगों के उपचार की व्यवस्था व फसल बीमा योजना लागू हो, किसानों को ग्राम पंचायत में खाली पड़ी भूमि, तालाबो को किसान को पट्टे व लीज पर दिए जायें, किसानों को एक वर्ष में सौ दिन का काम मनरेगा के माध्यम से दिया जाय, मसाला व गुटका के उत्पादन व बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध किया जाए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसके सिंघानिया ने कहा कि लगातार किसानों की सरकार द्वारा उपेक्षा की जाती रही है, लेकिन किसानों की मांगे केंद्र सरकार तक पहुंचाए जाएंगे सरकार द्वारा किसानों की मांगों को मानना होगा, जिससे किसानों की उपेक्षा ना हो सके। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष संजय सोलंकी,, मेरठ मंडल अध्यक्ष शुभम अग्रवाल,, मेरठ मंडल उपाध्यक्ष कनक सिंह,, बुलंदशहर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौर,, बुलंदशहर उपाध्यक्ष गौरव डगर,, हापुड़ जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा,, जिला प्रभारी सचिन तेवतिया,, जिला कोषाध्यक्ष संजू तेवतिया,, युवा जिला अध्यक्ष विजय तेवतिया,, मनोज तेवतिया,, योगेंद्र कुमार,, राजू राना,, दुष्यन्त राना,, प्रीतम सिंह मोदी,, नरेंद्र धनकर,, हरेंद्र मोदी,, राजकुमार,, सचिन राठौर,, प्रेम राज,, रिंकू आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# अपराध पर अंकुश और अपराधियों पर कसेगी नकेल : चंदगीराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** क्षेत्र में अपराध व अपराधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यह बात है कोतवाली शिकारपुर का पदभार ग्रहण करते हुए नवागतुक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने दैनिक बुलन्द संदेश संवाददाता से बात करते हुए कहीं।

कोतवाली शिकारपुर के नवागतुक प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने अपना कार्यभार संभालने के बाद बताया कि अपराधों पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी उन्होंने कहा कि अपराधी चाहे कितनी भी बड़ी पहुंच वाला हो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध को नियंत्रण करना नगर पुलिस की प्राथमिकता होगी। हमारी अपराधियों पर विशेष नजर रहेगी। कोतवाली प्रभारी चंदगीराम ने कहा कि कोतवाली में दलालों के लिए कोई स्थान नहीं है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई करेगी एवं अपराधिक तत्वों पर नकेल करते हुए पीड़ित को पूरी सहायता दी जाएगी। कहा कि संविधान में विश्वास रखने वाले नागरिक पुलिस को अपना मित्र संजय उनके मान सम्मान में पुलिस कोई कमी नहीं करेगी। नागरिक किसी भी समय उनसे मिलकर अपने परेशानी प्रार्थना पत्र देते हुए रख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को कानून संबंधी शिकायत है तो वह किसी भी समय कोतवाली में संपर्क कर सकता है उनका प्रयास रहेगा कि किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी मैं होने दी जाएगी पुलिस जनता की मित्र जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं पीड़ित को कोतवाली से निराश नहीं जोड़ना पड़ेगा। वहीं उन्होंने अपने स्टाफ को विभिन्न दिशा निर्देश देते हुए कार्यप्रणाली दुरुस्त रखने के आदेश दिए।

- नरसैना से आए नवागत कोतवाल चंदगीराम ने शिकारपुर कोतवाली पहुंचकर चार्ज संभाला
- अपराधियों को किसी भी कीमत पर नहीं जाएगा बख्सा



# कैप्टन गुंजन को मानद डायरेक्टर की उपाधि से सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अनूपशहर(राकेशवार्ष्णेय)।** गांव जलालपुर की पुत्र बधू ने किया क्षेत्र का नाम रोशन महिला दिवस पर कैप्टन गुंजन को मानद डायरेक्टर की उपाधि से प्रधानमंत्री संग्रहालय दिल्ली में सम्मानित किया गया अब कैप्टन की जगह डॉक्टर गुंजन दुआ के नाम से जाना जाएगा डॉक्टर गुंजन दुआ एक सक्षम प्रहरी की भांति अपनी स्काई रिय एवी मेंशन एक-डेमी जयपुर राजस्थान के प्रशिक्षण पायलटो को प्रशिक्षण के साथ-साथ विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण को भी संरक्षित करने में विशेष भूमिका का निर्वहन कर रही है पूर्व में 6 सितंबर 2024 को भारत विभूषण पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने कैप्टन गुंजन दुआ को मानद डायरेक्टर से सम्मानित प्रधानमंत्री संग्रहालय दिल्ली में सम्मानित किया गया है इस उपाधि से सम्मानित डॉ गुंजन दुआ की खबर सुनते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई यह पुत्रवधू जनपद बुलंदशहर के अनूप शहर क्षेत्र के गांव जलालपुर मखेना की जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा बुलंदशहर के धमार्चार्य एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता गजेंद्र सिंह आर्य की पुत्रवधू है यह राजस्थान जयपुर स्काई रिय एवी मेंशन एकडेमी मैं स्वयं पायलट प्रशिक्षण देती है सन 2009 से 2024 तक देश-विदेश में हजारों विमान चालकों को प्रशिक्षण देकर एक कीर्ति मान स्थापित किया है।

# उद्योग व्यापार मंडल ने किया संगठन का विस्तार, मोहित अग्रवाल बने जिला महामंत्री एवं अजय अग्रवाल बने नगर अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** उद्योग व्यापार मंडल (नरेंद्र) के कार्यालय पर एक मीटिंग आहूत हुई जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र अग्रवाल ने की एवं संचालन जिला अध्यक्ष विशाल अरोरा ने किया सरकार द्वारा व्यापारियों पर लगातार नए-नए टैक्स लगाए जाने पर सभी ने रोष जताया। इसी परिपेक्ष में जिला महामंत्री मोहित अग्रवाल एवं नगर अध्यक्ष अजय अग्रवाल सर्वसम्मति से बनाया , मोहित अग्रवाल ने कहा लोकल समस्याओं के अलावा उद्यमी और व्यापारी की समस्या सम्मान की सरकार धन अर्जित करने के बाद भी सरकार का ध्यान उद्यमी और व्यापारियों पर नहीं है। अजय अग्रवाल ने कहा नीतियों में बदलाव होना बहुत आवश्यक है क्योंकि किसी शोषण के केंद्र में गलत नीतियां ही होती हैं हम मिलकर उन नीतियों पर काम करेंगे इससे सभी को लाभ पहुंचे। ओम कुमार निशांत एवं सचिन को इस सदस्यता दिलवाई कार्यक्रम में पीतांबर शर्मा आलोक परमार अमित सिंघल एडवोकेट रामकिशोर डी .के अग्रवाल कौशल कुमार राजेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।




# महिला दिवस पर महिला सभासदगणों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद शिकारपुर राजबाला देवी व अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह द्वारा महिला सभासदगणों को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। एवं महिला दिवस की शुभकामनाएं दी साथ ही चेयरपर्सन व अधिशासी अधिकारी द्वारा भी एक दूसरे को शॉल ओढाकर शुभकामनायें दी गयीं। चेयरपर्सन व अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह द्वारा बताया गया की यह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इस मौके पर महिला सभासदगण संगीता गर्ग, सफनुनीशा,बेबी देवी, पुष्पा देवी, संतोष देवी,किरन फेमिदा,शमीम फात्मा,बृजरानी उपस्थित रहीं। नगर पालिका परिषद कार्यालय में महिला दिवस पर सभासद गण महिलाओं को सम्मानित करते हुए।



## बैठक — नगर के चौराहों पर सीसीटीवी लगाने में रखा प्रस्ताव

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सर्व समिति से विकास कार्यों के प्रस्ताव स्वीकृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर पालिका परिषद शिकारपुर पर चेयरपर्सन राजबाला सैनी की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2025-26 का विशेष बजट प्रस्ताव पेश किया गया। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अनुमानित आय 467950000 तथा वर्ष 2025-26 हेतु अनुमानित व्यय 464809660 का बजट पेश किया गया। जिसे बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से पास किया गया। तदोपरान्त नगर के विकास हेतु विस्तृत रूप से चर्चा हेतु बजट सहित 24 प्रस्ताव पेश किये गए जिसमें उत्तरप्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा अधिसूचना सं 0-912/नौ-9-2024-85ज/05,टी0सी 0-1लखनऊ दिनाँक 28 जून 2024 के क्रम में भवन,भूमि/प्लॉट या दोनों पर कर उपविधि बनाये जाने पर विचार, शासनादेश संख्या एसएसएमयू /8218/1045/2022 लखनऊ दिनाँक 02-02-2022 के क्रम में अमृत 2.0 सरोवर योजना अंतर्गत डीपीआर तैयार कराकर धनराशि स्वीकृति हेतु शासन को भेजे जाने पर विचार, शासनादेश संख्या-1112/नौ-6-2024-01न0यो0/2024 के क्रम में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना अंतर्गत डीपीआर तैयार कराकर धनराशि स्वीकृति हेतु शासन को भेजे जाने पर विचार, नगर पालिका परिषद शिकारपुर की विभिन्न सड़कों के निर्माण कराए जाने हेतु नगरीय विकास अभिकरण/सूडा शासन को प्रस्ताव भेजे जाने पर विचार, नगर के मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने पर विचार, नगर शिकारपुर में उपयुक्त स्थान का चयन कर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने पर विचार, प्रस्तावित कान्हा आश्रय गौशाला की भूमि पर गौशाला का निर्माण प्रारंभ कराए जाने पर विचार, मोहल्ला मुफ़्तीवाड़ा राजकीय चिकित्सालय के सामने नाले का स्लोप एवं सुदृढ़ीकरण कराए जाने पर विचार, मोहल्ला चौक में शनि देव मंदिर के सामने गली में होली स्थल पर मिट्टी भराव कराये जाने पर विचार, ठंड से बचाव हेतु नगर शिकारपुर के मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराये जाने का अनुमोदन, प्रकाश व्यवस्था सूदृण बनाए जाने हेतु मेरठ -बदायूं मार्ग के सहारे-सहारे स्ट्रीट लाइट एवं पोल स्थापित कराए जाने पर विचार, प्रस्तावित कान्हा आश्रय गौशाला की भूमि पर मिट्टी भराव कराये जाने पर विचार, समय-समय पर प्राप्त शासनादेशों के क्रम में आवश्यक कार्यवाही किए जाने पर विचार, इसके अतिरिक्त अन्य प्रस्ताव विधायक अनिल शर्मा व चेयरपर्सन राजबाला देवी द्वारा नगर शिकारपुर में विकास कार्यों हेतु विभिन्न योजनानतर्गत प्रस्ताव रखे गए जो सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। बोर्ड बैठक में मुख्य रूप से विधायक अनिल शर्मा,पालिका चेयरपर्सन राजबाला देवी, अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह, सभासदगण,विधायक प्रतिनिधि यशु शर्मा,लिपिक धीरज शर्मा, मौ0 कासिम उपस्थित रहे।





# जिले की बेटी को मिला राष्ट्रीय सम्मान, तो सर्वदलों ने साथ आकर बढ़ाया मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार में किसान यूनियन सहित सभी दलों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने मिलकर ज़िला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया का जिले का मान बढ़ाने के लिए सम्मान किया। यह पहला अवसर था जब जिले की बेटी का सम्मान करने के लिए सभी किसान यूनियन सहित सभी दल के प्रतिनिधि दलगत राजनीति से उठकर साथ आए बता दें कि भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा महिला दिवस से पूर्व देशभर से 24 महिलाओं को सम्मानित किया गया ।



# वार्षिक वैष्णवी पदयात्रा का किया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** इस्कॉन (ISKCON) द्वारा द्वितीय वार्षिक वैष्णवी पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ श्रीमति श्वेता भाटिया, भारत सरकार के मंत्रालय MSME की नेशनल सेक्रेटरी (Chamber of trade and industry) एवं बड़ा बिजनेस वूमेन द्वारा भगवान की आरती एवं नारियल तोड़ कर किया गया। उन्होंने कहा कि इस्कॉन उनके दिल के बहुत करीब है। यह एक ऐसा स्थान है, जहाँ आकर वे सारी परेशानी भूल जाती है। उन्होंने इसे ग्रेटर नोएडा इस्कॉन के इतिहास में एक ऐतिहासिक घटना बताया और कहा कि उन्हें यहां आकर माताओं के प्रयास को देख काफी अच्छा लगा और वे आगे भी आती रहेगी एवं उनके द्वारा जो भी सहयोग किया जा सकेगा वो अवश्य करेगी। इस्कॉन ग्रेटर नोएडा के अध्यक्ष अतुल कृष्ण दास प्रभु जी के मार्गनिर्देशन में





पूणार्नंदी राधा देवी दासी माताजी के नेतृत्व में यह यात्रा सैक्टर अल्फा-2 के गेट नं.5 के पास स्थित गुरद्वारे से प्रारंभ हुई और सेक्टर डेल्टा-1तथा डेल्टा 2 से होते हुए सेक्टर जीटा -1 में स्थित इस्कॉन सैन्टर पर समाप्त हुई। जिसमें सभी माताओं व बच्चों ने श्रील प्रभुपाद की प्रसन्नता के लिए बढ़ चढ़ कर भाग लिया और मृदंग, करताल तथा हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन से शहर को कृष्ण मय बना दिया।इस पदयात्रा में दिल्ली, नोएडा, पूना, मेरठ इत्यादि शहरों के भक्त भी बड़े उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। यात्रा के दौरान नुक्कड़ नाटक, प्रसाद व पुस्तक वितरण इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हरिनाम करने के महत्व को समझाया गया। यात्रा के पश्चात सभी के लिए मन्दिर में अति स्वादिष्ट प्रसादम की व्यवस्था भी की गई थी। पूणार्नंदी राधा देवी दासी माताजी ने बताया कि इस पद यात्रा का उद्देश्य भगवान कृष्ण के नाम, उनकी शिक्षाओं को जनमानस तक पुहँचाना है और अपनी प्राचीन संस्कृति को पुनर्जीवित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि गत वर्ष उनके द्वारा दिल्ली, उत्तराखंड, मेरठ, हरियाणा के कई शहरों तथा गावों में जा जाकर लगभग 28 पदयात्राएं की गई थी और आगे भी वह अपने गुरू परम पूजनीय लोकनाथ स्वामी महाराज, श्रील प्रभुपाद और भगवान श्री कृष्ण की प्रसन्नता के लिए वे पदयात्राएं करती रहेंगी।

# दिनेश विद्यापीठ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया, भारतीय संस्कृति में नारी को पूज्य माना गया है: डा.आकांक्षा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** सदर तहसील क्षेत्र के गांव धनौरा स्थित दिनेश विद्यापीठ में 8 मार्च 2025 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में अनेक प्रकार के भजन ,गीत कविता,प्रतियोगिता ज्ञान बुद्धि परीक्षा अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की माताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने जीवन के अनेक महत्वपूर्ण जीवन के



उतार-चढ़ाव और संघर्ष के बाद अपनी उपलब्धि हासिल करने की प्रेरित कहानी सुना कर सभी को प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ0 आकांक्षा त्यागी ने विद्यालय प्रांगण में मौजूद सभी माता और बहनों का हृदय की भावना के साथ आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को पूज्य माना गया है। और सभी माता को प्रेरित करते हुए कहा कि आज हमें संकल्प लेना चाहिए। कि अपनी बेटियों के साथ-साथ समाज की अन्य सभी बेटियों को सफलता के लिए स्वतंत्र अवसर प्रदान करेंगे,और आगे बढ़ाने के लिए उन्हें प्रेरित करेंगे।

# दादरी में नई आबादी के प्रमुख रास्ते पर जलभराव की समस्या के समाधान के लिए सड़क निर्माण कार्य शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दादरी।** नगर में वार्ड नं 25 नई आबादी में नीचे पड़ रही नाली और नीचे पड़ रहे रास्ते के निर्माण का विकास कार्य शुरू हो गया है। इस मौके पर वार्ड सभासद पति जावेद मलिक ने इस रास्ते से रोजाना स्कूल जाने वाली दो बहनों अलीना मलिक, मसफिया मलिक से ईंट लगवाकर शुभारंभ कराया। इस दौरान अनेकों गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति दर्ज रही, पिछले काफी समय से जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान होने से स्थानीय युवाओं, महिलाओं,



बुजुर्गों आदि ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि माहे रमजान के मुबारक महीने में रमजान का तोहफा दिया है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : स्वच्छता एवं स्वयं सहायता समूह में सराहनीय योगदान देने वाली महिलाएं सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** विकास भवन के सभागार कक्ष में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ने स्वच्छता एवं स्वयं सहायता समूह में सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित

**जि.पं.चेयरमैन व जिलाधिकारी ने सम्मानित किया**

किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर एवं जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट महिला नेताओं की पहचान कर उक्त दिवस पर महिला सफाई कर्मचारी, स्वच्छता परिसम्पत्तियों के रख रखाव का प्रबन्धन करने वाली स्वयं सहायता समूह में कार्यरत महिला





को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा संचालित एक समुदाय जिसमें महिला किशोर चैम्पियन, स्वच्छता कार्यकर्ता ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य और ग्रामीण वॉश के संदेशों को बढावा देने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाएं जैसे शौचालय, आवास, उज्जवला योजना आदि और महिलाओं के आत्मनिर्भर बनाये जाने के सम्बन्ध में महिलाओं को जागरूक किया। इसके साथ ही विकास खण्ड स्तर पर जनपद की ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन पर बैठक के माध्यम से भी जनपद के खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी तथा सम्बन्धित सचिवों के द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के सम्बन्ध में प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के सम्बन्ध में अपने सुझाव प्रकट किये। इस अवसर देवेन्द्र प्रताप सिंह जिला विकास अधिकारी,स्मिता सिंह जिला प्रबोशन अधिकारी मौजूद रहे तथा कार्यक्रम का संचालन शिव बिहारी शुक्ला जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा किया गया।

# वैश्य युवक युवतियों एवं समाज के अन्य वर्ग हेतु 82वां मासिक परिचय सम्मेलन आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विवाह योग्य वैश्य युवक युवतियों एवं समाज के अन्य वर्ग हेतु 82वां मासिक परिचय सम्मेलन समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता ;चेयरमैन दुर्गा वाशिंग पाउडरद्ध के सौजन्य से आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष ने सभी प्रत्याशियों, अभिभावको, परिचयकर्ताओ एवं आयोजन में उपस्थित समाजसेवियों व पत्रकार बंधुओं का अभिनंदन करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होने कहा कि आप सभी के सहयोग के कारण यह सम्मेलन हर माह सफलतापूर्वक आयोजित हो रहा है एवं प्रत्येक माह 50-60 नये रजिस्टेªशन फार्म का सहयोग सदैव मिलता रहा है तथा 14-16 रिश्ते भी तय हो जाते हैं, इसके लिए उन्होने सभी का धन्यवाद अर्पित किया। समिति द्वारा विवाह योग्य वैश्य युवक युवती हेतु परिचय सम्मेलन के साथ-साथ ब्राह्मण एवं अन्य वर्ग के युवक एवं युवती हेतु भी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। महासचिव व संयोजक अजय कुमार गोयल ने सभी प्रत्याशियों का मंच के माध्यम से परिवार सहित परिचय कराया। उन्होने बताया कि इस माह परिचय सम्मेलन में 75 नये प्रत्याशियों के पंजीकरण हुए एवं पत्रिका में पूर्व पंजीकृत प्रत्याशियों से सम्पर्क करने पर 17 प्रत्याशियों के वैवाहिक सम्बन्ध तय होने की जानकारी प्राप्त हुई है जो कि समिति के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है, उन्होने कहा कि यह कार्य प्रेमचंद गुप्ता जी के मार्गदर्शन व सभी



पदाधिकारियों एवं अभिभावकों के सहयोग से सम्भव हो पाया है। समारोह में उपस्थित युवती प्रत्याशियों द्वारा मंच पर परिचय देने के उपरांत उन्हें पुरूस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। पत्रिका के संपादन का कार्य अनुराग अग्रवाल के द्वारा बहुत कम समय में तैयार किया गया जिसके लिए समिति के समस्त पदाधिकारियों की तरफ से उनका विशेष रूप से आभार प्रकट किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता, अजय कुमार गोयल, अनुराग अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, राकेश मित्तल, बु(गोपाल गोयल, भारती अग्रवाल, बी एन अग्रवाल, हरस्वरूप सिंघल, रविन्द्र गर्ग, अंशु बंसल, कैलाशचंद गोयल, प्रहलाद गोयल, मुकेश मित्तल, विजेन्द्र गर्ग लोहे वाले तथा राजीव अग्रवाल, महेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मी नारायण सिंघल, राधारमण अग्रवाल, राजेश गुप्ता आदि पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

# स्व.अंगूरी देवी को नम आँखों से दी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** आर्य नेता श्रद्धानंद शर्मा की धर्मपत्नी स्व अंगूरी देवी शर्मा को नम आँखों से आर्य समाज राज नगर सैक्टर 5 में दी श्रद्धांजलि।

श्रद्धांजलि सभा में आर्य जगत के सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक कुलदीप आर्य ने अपने भजनों "ये जीवन बीत रहा पल पल में", "काया एक पिंजरा है पंछी सेलानी का", "चिट्ठी ना कोई सन्देश,जाने कौन सा है वह देश, जहाँ तुम चले गये" आदि गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। आर्य जगत के वैदिक विद्वान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने जन्मदिन मृत्यु पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि जब जब इस देह को छोड़ कर दूसरे देह को धारण करने की घटना होती है तो जन्म-मृत्यु को जानने की जिज्ञासा उत्पन्न होती है।गीता में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा है आत्मा अजर अमर है।जन्म के साथ शरीर की मृत्यु निश्चित है फिर स्व स्व कमार्नुसार जन्मदिन निश्चित है।उन्होंने उपस्थित सज्जनों को 2 मिनट का मौन धारण कराया और प्रभु से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।





मंच संचालक सत्यवीर चौधरी ने कहा की स्वर्गीय अंगूरी देवी शर्मा ईश्वरभक्त, दानशीलता,सरलता और सौम्यता कि प्रतिमूर्ति थीं,उनके निधन से आर्य समाज की अपूर्णीय क्षति हुई है।

# सेवा भारती द्वारा संचालित श्रीरामचरितमानस के तृतीय सत्र का 109वां साप्ताहिक पाठपाठ आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** सेवा भारती द्वारा संचालित श्रीरामचरितमानस के तृतीय सत्र का 109वां साप्ताहिक पाठ रविवार को नगर के मौहल्ला महादेव निवासी राजेश कुमार सिंह के आवास पर किया गया। कथा व्यास रामकेश सिंह ने बताया कि श्रृंगवेरपुर से चलने से पहले श्री राम ने सुमंत्र जी से कहा कि हे तात आप मेरे महाराज दशरथ के साथ मंत्री हैं इसलिए आपसे कुछ कहने की धृष्टता नहीं कर सकता हूं परन्तु आप हम तीनों को छोड़कर अयोध्या पिता जी के पास पहुंच कर उन्हें समझाएं और ढांढस बंधाएं। सेवा भारती के अध्यक्ष सुधीर गोयल ने बताया कि मंत्री अखिलेश मित्तल, यजमान राजेश सिंह के साथ सुशील अग्रवाल, ओमप्रकाश शर्मा ,सीता राम, जगदीश भारद्वाज, राजेन्द्र मित्तल, कृष्ण कुमार शर्मा, हरि कुमार, सोनू सिंह, विनीत सिंहल, पवन सिंहल, परमात्मा शरण आदि भक्तों ने श्री राम कथा का रसास्वादन किया और धर्म लाभ उठाया।



# धर्मयात्रा महासंघ का 13 वां रूद्राभिषेक आज, नगर में निकाली शोभायात्रा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** धर्मयात्रा सेवा समिति रजि0 द्वारा भगवान शिव का 13वां रुद्राभिषेक से पूर्व रविवार को नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा

नगर के श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्णगंज से प्रारंभ होकर प्रमुख बाजारों से होते हुए कृष्णगंज मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान शोभायात्रा में झांकिया आकर्षण का केंद्र रही। शिव भक्तों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। तो वही जयजय कारो के नारों से नगर पिलखुवा गूंज उठा। वही दूसरी ओर शोभायात्रा में सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस के कड़े इंतजाम रहे। शोभा यात्रा के दौरान किसी भी तरीके की कोई लापरवाही ना हो इसके लिए शोभा यात्रा पर पुलिस ने अपनी पैनी नजर बनाये रखी।

संस्था के महामंत्री राहुल मित्तल ने बताया कि सोमवार को नगर के चंडी मंदिर के प्रांगण में 251 जोड़ो द्वारा भगवान शिव का 13वां महा रुद्राभिषेक कराया जा रहा है। इससे पूर्व रविवार को नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई है।





इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लोकेश गर्ग, मुख्य कार्यक्रम संयोजक विनय अग्रवाल, सत्यनारायण बंसल, रामनिवास कंसल, शिवकुमार मित्तल, डॉक्टर सौरभ गोयल, संजय अग्रवाल, पुनीत गुप्ता, प्रदीप सिंघल, पंकज अग्रवाल, नीरज मित्तल, मिथुन गोयल, गौरव कंसल, नितिन गुप्ता, नीरज मित्तल, मयूर गुप्ता ल, दीपक गुप्ता, मनीष अग्रवाल, नवीन गर्ग, कुलदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, पवन मांगलिक, नीरज मित्तल, संजय मित्तल, देवेश अग्रवाल, हरित मित्तल, अनिल कंसल के अलावा सैकड़ो महिलाएं बच्चे व नगर के गणमान्य लोग शोभायात्रा में शामिल हुए।

**तनाव बढ़ेगा** बोर्ड के छात्रों को प्रयोग का माध्यम न बनाए सीबीएसई : जीपीए

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने सीबीएसई द्वारा दो बार बोर्ड की परीक्षा कराने के प्रस्ताव पर उठाए सवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पेरेंट्स एसोसिएशन ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को लिखे पत्र में कहा है कि शिक्षा सत्र 2025-26 से दसवीं की दो बार बोर्ड की परीक्षा आयोजित कराने के प्रस्ताव से जहां छात्रों में अतिरिक्त तनाव बढ़ेगा, वहीं अभिभावकों पर बोर्ड परीक्षा शुल्क दो बार देने पर आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा । सीबीएसई का कहना कि बोर्ड की परीक्षा दो बार आयोजित कराने का उद्देश्य छात्रों में तनाव कम करना और ट्यूशन कल्चर को समाप्त करना है, जबकि इस प्रक्रिया में छात्रों , अभिभावकों एवं शिक्षकों सभी को अत्यधिक मानसिक तनाव से गुजरना होगा। वहीं ट्यूशन कल्चर पर भी रोक लगाना मुश्किल ही दिखाई पड़ता है सीबीएसई द्वारा शिक्षा सत्र 2025 -26 से दसवीं की बोर्ड परीक्षा दो बार कराने का सर्कुलर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का हवाला देते हुए जारी किया है। जीपीए के सचिव अनिल सिंह ने कहा कि अभिभावक संघ होने के नाते हम सीबीएसई से पूछना चाहते है कि कितने बच्चों और अभिभावकों ने पूर्व में आयोजित की जा रही बोर्ड की परीक्षा के पैटर्न पर शिकायत की है अथवा प्रश्न चिन्ह लगाया है। क्योंकि शिक्षा बच्चो को मिल रही है और अभिभावक इसको मोटा पैसा खर्च करके निजी स्कूलों के माध्यम से दिलवा रहे है। क्या इस मसौदे को तैयार करने में



अभिभावकों , शिक्षकों और छात्रों की राय ली गई है बोर्ड के छात्रों को प्रयोग का माध्यम न बनाया जाए । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कहती है कि विद्यार्थियों के ऊपर परीक्षा का तनाव कम होना चाहिए अतः आम इंसान भी समझ सकता है कि विद्यार्थियों में एक बार बोर्ड की परीक्षा देने से तनाव कम होगा या दो बार परीक्षा देने से । अभिभावकों पर पहले ही निजी स्कूलों द्वारा अत्यधिक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है अब सीबीएसई द्वारा दो बार बोर्ड परीक्षा कराने पर दो बार बोर्ड की फीस ली जाएगी इससे निश्चित रूप से अभिभावकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा । सीबीएसई को समझना होगा कि जिस विद्यालय में बच्चा पढ़ रहा है उसमें वो दो बार मिड टर्म परीक्षा , प्री बोर्ड और फिर दो बार बोर्ड की परीक्षा देगा तो इस पैटर्न पर वो पूरे वर्ष परीक्षा ही देता रहेगा तो उसको अपना सिलेबस पूरा करने के लिए कितने दिन मिलेंगे । साथ ही जिन विद्यालयों में दो बार बोर्ड की परीक्षा आयोजित की जाएगी उन स्कूलों में अन्य कक्षाओं की पढ़ाई भी निश्चित रूप से बाधित होगी । अब जो शिक्षक दो बार बोर्ड की ड्यूटी देंगे और दो बार लाखों विधार्थियों की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे क्या वो दबाव मुक्त होकर पठन पाठन की प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे ? राष्ट्रीय शिक्षा नीति कहती है कि अगर बच्चा चाहता है तो उसको दो बार परीक्षा के मौके दिए जाए जिसके लिए सीबीएसई के पास पहले ही बोर्ड के छात्रों के लिए कंपार्टमेंट की व्यवस्था है । फिर क्यों सीबीएसई द्वारा छात्रों में तनाव कम करने के नाम पर दो बार बोर्ड परीक्षा कराने का अनावश्यक प्रयोग किया जा रहा है । हम बोर्ड की परीक्षा दो बार आयोजित कराने से लाखों विधार्थियों के समग्र विकास पर विपरीत असर पड़ने और परीक्षा का अत्यधिक दबाव पड़ने से तनाव बढ़ने को लेकर चिंतित है । इस पॉलिसी से कोचिंग कल्चर को और ज्यादा बढ़ावा मिलेगा हमारे भारत में पॉलिसी बनाने वाला विभाग कोई और होता है और पॉलिसी को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी किसी और विभाग को दी जाती है। पॉलिसी को क्रियान्वित करने वाला विभाग पॉलिसी की मूल भावना को समझे बिना ही उसे कमाई का जरिया बना देता है । जीपीए ने पत्र के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध किया है कि बच्चो के समग्र विकास और तनाव कम करने के लिए बोर्ड की परीक्षा दो बार आयोजित नहीं कराई जानी चाहिए। क्योंकि शिक्षा की प्रक्रिया शिक्षक और छात्रों के बीच का अहम हिस्सा है इस प्रकार बोर्ड की परीक्षा दो बार आयोजित कराने पर शिक्षक और छात्र आपस में शिक्षा के लिए कम समय के लिए मिल पाएंगे और शिक्षण कार्य निश्चित रूप से प्रभावित होगा साथ ही देश के लाखों अभिभावकों पर दो बार बोर्ड की परीक्षा फीस देने का भी अतिरिक्त भार पड़ेगा ।

# लोहा विक्रेता मंडल द्वारा भव्य होली मंगल मिलन समारोह संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**गाजियाबाद।** लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में वार्षिक अधिवेशन, स्थापना दिवस एवं होली मंगल मिलन का भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग जी रहे। साथ ही राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, विधायक अजीत पाल त्यागी , विधायक संजीव शर्मा, पूर्व सांसद (राज्यसभा) डॉ. अनिल अग्रवाल , पूर्व मेयर आशु वर्मा, दर्जा प्राप्त पूर्व मंत्री बलदेव राज शर्मा , पूर्व विधायक कृष्णवीर सिंह सिरोही जी, पवन गोयल, मयंक गोयल, गोपाल अग्रवाल, अजय शर्मा , पार्षद गण, औद्योगिक, व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी गण, पत्रकार बंधु और बड़ी संख्या में लोहा व्यापारी एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा राधा-कृष्ण की फूलों की होली, भगवान श्री राम के गीतों पर नृत्य व झांकी, तथा देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति ने और बढ़ा दी।

सभी ने इस आयोजन की भरपूर सराहना की और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ अतुल कुमार जैन महामंत्री अमरीश जैन ने सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारी के साथ मिलकर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की ओर से बृजनंदन गुप्ता जय कुमार गुप्ता बृजमोहन सिंघल सुभाष गर्ग महेश गुप्ता दीपक सिंघल गौरव मिगलानी सतीश बंसल सुबोध गुप्ता सौरभ गोयल सुरेश चंद्र गुप्ता मोहनलाल अग्रवाल सतीश चंद्र बंसल विनीत गोयल सुधीर जैन संजय गोयल इंद्र मोहन कुमार राजकुमार अग्रवाल इत्यादि के सहित काफी बड़ी संख्या में सदस्य और लोहा व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# प्रज्ञान की प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा को वर्ल्ड एसोसिएशन फॉर स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज लीडरशिप अवार्ड-2025 से सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**जेवर (इनामुलहक)।** प्रज्ञान पब्लिक स्कूल, जेवर की प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा को नोएडा के फिल्म सिटी में विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक गरिमामय समारोह में, शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए वर्ल्ड एसोसिएशन फॉर स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज लीडरशिप अवार्ड-2025 से अलंकृत किया गया। यह सम्मान डॉ. शर्मा के उस असाधारण नेतृत्व और शिक्षा में नवाचार के प्रति उनके अटूट समर्पण का प्रतीक है, जिसने प्रज्ञान पब्लिक स्कूल को उत्कृष्टता के नए शिखर पर पहुँचाया है।

डॉ. दीप्ति शर्मा की दूरदर्शी सोच और अथक प्रयासों ने विद्यालय को न केवल अकादमिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाया है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भी एक आदर्श मंच प्रदान किया है। उनके नेतृत्व में, विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित किए हैं और विद्यार्थियों को वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया है। इस विशेष अवसर पर, विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित अतिथियों ने डॉ. शर्मा के प्रेरणादायक व्यक्तित्व और उनके द्वारा शिक्षा में लाए गए सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना की। उन्होंने डॉ. शर्मा को न केवल एक उत्कृष्ट शिक्षाविद, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली एक सशक्त महिला के रूप में भी सराहा। डॉ. दीप्ति शर्मा को मिले इस सम्मान से प्रज्ञान पब्लिक स्कूल परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. हरीश कुमार शर्मा और सभी शिक्षकों ने डॉ. शर्मा को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दुर्गा शक्ति मंडली,स्वर्ण जयंती पुरम, महिला दिवस एवम होली मंगल मिलन-2025

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । सी-ब्लॉक, छोटा पार्क स्वर्णजयंती पुरम, गाजियाबाद में किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ शाम 03.00 बजे राष्ट्रीय गान से किया गया । महिला दिवस के उपलक्ष्य में

**दुर्गा शक्ति मंडली द्वारा महिला दिवस व होली मंगल मिलन-2025 का आयोजन**

कॉलोनी की 75 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को सम्मानित करते हुए आशीर्वाद लिया गया। कॉलोनी के बच्चो द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके कार्यक्रम में शमा बांधा गया तथा साथ तंबोला गेम खेलते हुए सभी ने आनंद लिया।

इसके अतिरिक्त बच्चो व महिलाओं द्वारा फूलो की होली खेलते हुए एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गयी ।

कार्यक्रम के अंत मे सभी को सूक्ष्म जलपान आदि प्रदान करते हुए कार्यक्रम मे भाग लेने वाले प्रत्येक भागीदार को उत्साह वर्धन के लिए पारितोषिक प्रदान किये गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक मण्डली में अनुभा गर्ग, सुशीला सिंघल, विनीता गर्ग, सुषमा गुप्ता,श्रीमती शालू गर्ग ने भरपूर सहयोग किया ।

# राजकुमार गोयल इन्सी0ऑफ टैक्नोलोजी एण्ड मैनेजमेन्ट गाजियाबाद में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य किया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राजकुमार गोयल इन्सी0 ऑफ टैक्नोलोजी एण्ड मैनेजमेन्ट मे महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभाराम्भ दीप प्रज्जवलन, सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। संस्थान के चेयरमैन दिनेश कुमार गोयल, वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, एडवाइजर डा0 लक्ष्मण प्रसाद, डायरेक्टर डा0 राकेश गोयल, डीन डा0 मनोरमा शर्मा ने छात्रों एवं छात्राओं को बताया कि इस विशेष दिन पर हम उन सभी महिलाओं को नमन करते है, जिन्होने अपने साहस, समर्पण और मेहनत से समाज के उत्थान के लिए योगदान दिया है। यह दिन महिलाओं के लिए जागरूकता और शिक्षा को बढावा देने के लिए प्रेरणा स्त्रोत के रूप में परिलक्षित होता है।निदेशक डा0 राकेश गोयल ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की समस्त मातृशक्ति को हार्दिक शुभकामनाएं व कहा कि आइए, हर बेटी, हर बहन और हम मॉ को सबल एवं स्वावलंबी बनाने हेतु संकल्पित हों। महिला दिवस के आयोजन में छात्र-छात्राओं द्वारा अनेकों आकर्षक नृत्य, गायन और नाटक समसामयिक मुद्दों को उठाया गया। जिसकी प्रस्तुति बेहद मार्मिक और मनमोहक रही। कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करने में संदीप सिंह, डा0 अरूण कुमार पाण्डेय, डा0 आभा वत्स, निधि गर्ग, मनीष कुमार, कनुप्रिया, नेहा त्यागी, खुशबु पाण्डे आदि सभी फैकल्टी एवं स्टाफ सम्मिलित रहें।







# आपकी उतरन किसी की जरूरत" अभियान ने पूरे किए 101 दिन, 55,000 से अधिक कपड़े जरूरतमंदों तक पहुंचे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**ग्रेटर नोएडा।** "नेकी का डब्बा फाउंडेशन" की पहल "आपकी उतरन, किसी की जरूरत" ने 101 दिनों की यात्रा पूरी कर 55,000 से अधिक कपड़े जरूरतमंदों तक पहुँचाए हैं। इस मुहिम को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसाइटियों, कस्बों, कॉरपोरेट संस्थानों, स्कूलों एवं देश के विभिन्न हिस्सों से मिले सहयोग ने और अधिक प्रभावी बनाया है।

**सेवा और समर्पण का संकल्प**

संस्था के संस्थापक गिरीश चंद्र शुक्ला ने कहा, "हम समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं और सेवा बस्तियों के बच्चों को शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के साथ उनके भीतर राष्ट्रप्रेम व आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित कर रहे हैं।" पूर्व नेवी ऑफिसर, मोटिवेशनल एवम फाउंडर मेंबर नरेंद्र पाल सिंह ने इस अवसर पर कहा, हमारा लक्ष्य जागरूक और सशक्त नागरिक तैयार करना है, जो न केवल अपने भविष्य का निर्माण करें बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

**होली का उल्लास और वॉलंटियर्स का सम्मान**

फाउंडेशन की टीम ने सेवा बस्ती में बच्चों संग होली मनाई और इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वॉलंटियर्स को सम्मानित किया।

**मुहिम की सफलता के नायक को**

**निस्वार्थ सेवा का सम्मान**

इस मुहिम की सफलता के नायक वे वॉलंटियर्स हैं, जिनकी उदारता, सहयोग और निस्वार्थ सेवा ने न केवल जरूरतमंदों तक वस्त्र पहुँचाए, बल्कि उनके जीवन में आत्मसम्मान और गरिमा की नई रोशनी भी जगाई। नेकी का डब्बा फाउंडेशन ने इन कर्मठ सहयोगियों को सम्मानित कर उनके योगदान को सलाम किया, ताकि समाज में सेवा और परोपकार की यह ज्योति निरंतर जलती रहे। डॉ. अमित कपूर (निदेशक, पावी चाइल्ड क्लिनिक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट) की उपस्थिति में नेकी का डब्बा फाउंडेशन के समर्पित वॉलंटियर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने फाउंडेशन की पहल "नेकी की दवा" के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए कार्यरत है। इसके अंतर्गत ऐसे परिवारों तक आवश्यक दवाएं और चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जो महंगे इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हैं।

# कंगारू किड्स ने मनाया अपना पहला वार्षिक उत्सव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित कंगारू किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल ने अपना पहला वार्षिक उत्सव हिंदी भवन लोहिया नगर गाजियाबाद में बड़ी धूमधाम से मनाया।

कंगारू किड्स ने मनाया अपना पहला वार्षिक उत्सव के मुख्य अतिथि एम एल ए संजीव शर्मा रहे छोटे बच्चों का हौसला बढ़ाया व महिला दिवस की सभी महिलाओं को शुभकामनाएं आपको बताते चलें राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में डॉक्टर मनीषा सिंघल को भी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा पारुथी ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया । तत्पश्चात स्कूल की प्रबंधक नेहा विरमानी ने मुख्य अतिथि के साथ शंखनाद व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम निधि आईटीआई की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस दौरान वहां मौजूद शिक्षकों और अभिभावकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया । इस अवसर पर सभी शिक्षिकाओं और सेविकाओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रैंड फिनाले में शामिल हुए तथा स्कूल की प्रधानाचार्य ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# झारखंडी बाबा मंदिर से श्री श्याम द्वितीय निशान पद यात्रा का विधिवत रुप से हुआ शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**खानपुर।** अहार क्षेत्र के गांव मौहरसा स्थित झारखंडी बाबा मंदिर से श्री श्याम द्वितीय निशान पद यात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ जिसका मनौना धाम पर समापन होगा।शनिवार सुबह करीब नौ बजे श्री श्याम परिवार मंडल समिति मौहरसा के तत्वावधान में विधिविधान के साथ शुरू होकर मुख्य मार्गों से होती हुई बामनपुर,खालकपुर से होकर अनूपशहर के लिए रवाना हुई।



इस दौरान भगत जी हपुआ सिंह, सचिन कुमार, प्रमोद,मंगला, सागर लोधी, कपिल आदि भक्त शामिल रहे। इस से पहले बुधवार से सुबह और शाम निशान की विधिवत भव्य आरती की गई सैकड़ों भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

# सिल्वर साईन स्कूल में महर्षि वेद व्यास वेद प्रचार समिति के सौजन्य से हुल्लास कविसम्मेलन आयोजित किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** महेन्द्रा इंकलैव स्थित सिल्वर साईन स्कूल में महर्षि वेद व्यास वेद प्रचार समिति के तत्पश्चात मुख्य संयोजक आचार्य योगेश दत्त गौड़ व संयोजन समिति के वरिष्ठ आगन्तुक अतिथियों व कवियों का शाल और प्रतीक चिन्ह देकर अभिननंदन किया गया

**कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्ज्वलन कैविनट मंत्री सुनील शर्मा व पूर्व सांसद राज्य सभा डॉक्टर अनिल अग्रवाल ने किया**

मुरादाबाद से पधारी वरिष्ठ गीतकार डॉक्टर अंजू सिंह (आई ए एस )ने अपने मधुर कंठ से सरस्वती वन्दना प्रस्तुत कर कवि सम्मेलन का शुभारम्भ किया।झुमकों के शहर बरेली से पधारे देश के ओजस्वी रचनाकार कमलकान्त तिवारी ने देश के नौजवानों को प्रेरणा देते हुए कहा माँ भारती के शीश को कटने नहीं देंगे,सम्मान अपनी भूमिका घटने नहीं देंगे,सौगंध खाओ आज मेरे प्यारे दोस्तों,मजहब के नाम देश को बँटने ने नहीं देंगे । देश के जाने माने हास्य व्यंग्य कवि श्री भूपेंद्र त्यागी मित्र ने वर्तमान राजनीत पर कटाक्ष करते हुए कहा लकड़ी के कीड़े तो केवल खाते देखे कुर्सी को पर कुर्सी की कीड़े पूरे देश को ही खा जाते हैं।बलरामपुर से पधारे उदीयमान श्रृंगार कवि श्री दीपक दीप ने युवाओं की धड़कन बढ़ाते कुछ यूं प्रस्तुति की रहे ख्वाबों में जो मेरे हकीकत में नहीं। मुमकिन हमारे इश्क के तारे हमेशा टूट जाते हैं टूंडला से पधारे वरिष्ठ हास्य कवि श्री राम राहुल ने श्रोताओ के मध्य हसी के फुव्वारओ की बरसात कराते हुए कुछ यूं प्रस्तुति दी,कुटकुट कर हम तो घर में खांड हो गए पत्नी की हां में हां मिलाते भांड हो गए,,जहां पर दिखी हरियाली वही खेत चर लिया हमसे तो अच्छे योगी जी के सांड हो गए। कवि सम्मेलन का सफल संचालन कर रहे देश सुबिख्यात हास्य कवि डॉक्टर जयप्रकाश मिश्र ने श्रोताओं की फरमाइश को पूरा करते हुए हास्य रस की महिमा को मण्डित करते हुए कहा कहाँ पर जख्म गहरा है यह भी भूल जाते है।जरा हस बोल दे नर्से तो रोगी मुस्कराते हैं ।हम है हास्य के कवि जो कभी जन्नत नहीं जाते,जहाँ भी पहुँच जाते हैं वहीं जन्नत बनाते हैं । आगरा से पधारे वरिष्ठ गीतकार जिन्हे गीत कुंवर की उपाधि से नवाजा जाता है ऐसे डॉक्टर अंगद धारिया ने जब बेटियों की समर्पित रचना पढ़ी तो माहौल भावो मे गमगीन नजर आने लगा श्रोताओं की धड़कनें बढ़ाते हुकुछ यूं पढ़ा घर की कमियाँ छुपाती हैं,ये बेटियाँ। हमको जीना सिखातीं हैं,ये बेटियाँ।मान मयार्दा नीति का, संकल्प ले, दोनों कुल को निभातीं हैं,ये बेटियाँ। वरिष्ठ गीतकारा डॉक्टर अंजू सिंह ने समाज को आइना दिखाती हुई जब यह रचना पढ़ी तो श्रोता खड़े होकर तालियाँ बजाने लगे तुम्हें मालूम है क्या चल रहा है। जो खोटा था वो सिक्का चल रहा है।।समुद्र तुझको अंदाजा ना होगा । किनारे कोई प्यासा चल रहा है।। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे कानपुर से पधारे वरिष्ठ कवि डॉक्टर राधेश्याम मिश्र ने अपनी शिक्षा प्रद आध्यात्मिक रचना से सभी का मन मोह लिया एक बार और एक बार और के निवेदन को स्वीकारते हुए पढ़ा जिंदगी में सभी की एक ही कहानी है कहीं पर धूप छाँव कही पर पानी है।





इसके अतिरिक्त मुरैना मध्य प्र्देश से पधारे हास्य कवि रामौतार शर्मा सांड ने दमदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं को खुलकर हसने के लिए बाध्य कर दिया , दिल्ली से पधारे प्रशानिक अधिकारी व बरिष्ठ कवि अजय भाटिया की मोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। मध्यरात्रि तक चले कवि सम्मेलन का समापन स्वादिष्ट भोजन के साथ हुआ।

**सम्मान समारोह**

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में भाजपा महानगर की ओर से विजय नगर स्थित उत्सव भवन में

# महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में एवं महानगर महिला मोर्चा संयोजिका डॉ उदिता त्यागी के दिशा निदेर्शानुसार आज 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में भाजपा महानगर की ओर से विजय नगर स्थित उत्सव भवन में ‘महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह’ कार्यक्रम आयोजित किया गया ’ जिसमें समाज में महिला उत्थान के लिए कार्य करने वाली महिलाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही एनजीओ संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री आदरणीय जितिन प्रसाद जी रहे, कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष एवं शहर विधायक संजीव शर्मा, महानगर महिला मोर्चा संयोजिका डॉ उदिता त्यागी, सांसद अतुल गर्ग, प्रदीप चौधरी, सविता त्यागी,भक्ति सिंह जी चंदेला, दीप्ति अरोड़ा, सुषमा गंगवार, निशा चौहान, पूनम गुप्ता, शिरोमणि त्यागी, किरण सिंह, पायल खत्री, प्रमिला चौधरी, परमजीत जी, ममता जुगरान, उमा गोयल, मीना गांधी, शीतल अरोड़ा, सारिका शर्मा, निभा श्रीवास्तव, रजनी कश्यप, नीलम सिंह, पूनम सिंह पार्षद, सुमन सती, शिल्पा चौधरी पार्षद, देवनारायण शर्मा, राजेश चतुवेर्दी, सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल, नीरज चौहान जी, नेहा जैन, सीमा सिंह, देवनारायण शर्मा पार्षद, पवन शर्मा मंडल अध्यक्ष विजय नगर, प्रवीण पाठक, देवेंद्र त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष,कविता सिरोही, शिल्पा जैन, रुचि गर्ग, दीप्ति चौहान, अजय चोपड़ा, छाया त्यागी पार्षद सहित सब उपस्थित रहे। सभी मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने इस महिला दिवस कार्यक्रम में अपनी टीम के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाया। साथ ही समाज में महिला उत्थान के लिए कार्य करने वाली कुछ महिलाओं को सम्मानित किया गया उनके नाम- रीमो सक्सेना, रीना त्यागी, नीलम निभा श्रीवास्तव, शिल्पा जैन, डॉ संगीता, मीता, डॉ रश्मि, डॉ स्मृति शर्मा, निशि त्यागी, कीर्ति शर्मा। कार्यक्रम की संयोजिका सुषमा गंगवार महानगर महिला मोर्चा मंत्री रही ।




# सोशल मीड़िया पर वायरल हुआ मारपीट का वीड़ियो, पुलिस ने चार युवकों को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** नोएडा के गार्डन गैलरिया मॉल में अक्सर विवाद के मामले सामने आते रहते हैं। मॉल में शराब के नशे में गाजियाबाद व नोएडा के चार युवकों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच देर तक मारपीट होती रही। कुछ लोगों ने मारपीट का वीड़ियो बनाकर सोशल मीड़िया पर वायरल कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है।मॉल में शनिवार देर रात नशे में धुत दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पक्ष से मलार शर्मा, विकास शर्मा और दूसरे पक्ष से वसीम और भूपेंद्र चौधरी को गिरफ्तार किया है। मलार शर्मा और विकास शर्मा गाजियाबाद के रहने वाले हैं और वह गार्डन गैलरिया मॉल में पार्टी करने आए थे। जहां उनका वसीम और भूपेंद्र चौधरी से विवाद हो गया। दोनों पक्ष नशे में धुत थे, विवाद के बाद मारपीट शुरू हो गई।




# योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की उड़ रही है,धज्जियां, जिला पंचायत क्षेत्र में मानक के विपरीत निर्माण व कालोनियों की भरमार


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद के जिला पंचायत क्षेत्र में मानक के विपरीत निर्माण कराने के साथ-साथ व प्लाटिंग बेखौफ होकर काटी जा रही है। कालोनाइजरों द्वारा नियम विरुद्ध कालोनी काटकर प्रतिमाह योगी सरकार को लाखों के राजस्व की हानि पहुंचा रहे है। इसके बावजूद भी जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी कुंभकर्ण की नींद सो रहे है। जबकि जिला पंचायत सदस्य ने बोर्ड बैठक में अवैध निर्माण व प्लाटिंग पर रोक लगाने की प्रमुखता से मांग उठाई थी।

आपको बता दें कि शहरी क्षेत्र में बिल्डिग निर्माण के लिए हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा नक्शा पास कराना होता हैं। जब शहरों में प्राधिकरण

- योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की उड़ रही है,धज्जियां
- जिला पंचायत क्षेत्र में मानक के विपरीत निर्माण व कालोनियों की भरमार
- लोग बेखौफ होकर कर रहे है,कार्मिशियल बिल्डिंग का निर्माण व प्लाटिंग
- योगी सरकार को प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हो रही है हानि
- जिला पंचायत के अधिकारी को सो रहे कुंभकर्ण की नींद
- बोर्ड बैठक में जि.पं.सदस्य ने अवैध प्लाटिंग व निर्माण पर रोक लगाने की उठाई थी मांग
- देहात क्षेत्र में प्लाटिंग व कार्मिशियल बिल्डिंग का नक्शा स्वीकृत कराना अनिवार्य
- अवैध निर्माण व प्लाटिंग करने वालों को भेजे जा रहे













नहीं था। तक भवन निर्माण के लिए उपजिलाधिकारी व नगर पालिका परिषद नक्शा पास करती थी। लेकिन जनपद में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की स्थापना होने के बाद से शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र जो प्राधिकरण क्षेत्र में आता हैं वहां भवनों का निर्माण नक्शा पास प्राधिकरण द्वारा किया जाता है।

जनपद में ग्रामीण क्षेत्र जो जिला पंचायत के अंतर्गत आता हैं। वहां प्लाटिंग,कार्मिशियल व आवासीय निर्माण कराने के लिए जिला पंचायत से नक्शा स्वीकृत कराना अनिवार्य है। इसकी जानकारी होने के बावजूद भी लोग मानचित्र स्वीकृत कराये बिना कई मंजिला आवासीय भवन,कार्मिशियल बिल्डिंग के अलावा अवैध प्लाटिंग कर रहे है। जिससे योगी सरकार को प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि हो रही है। इसकी जानकारी होने के बावजूद भी जिला पंचायत के अधिकारी कुंभकर्ण की नींद सो रहे है।

**अवैध कार्मिशियल बिल्डिंग व प्लाटिंग**

जिले में जिला पंचायत क्षेत्र के बुलन्दशहर रोड,धौलाना,गढ़मुक्तेश्वर में लोग जिला पंचायत से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना कार्मिशियल बिल्डिंग का निर्माण व प्लाटिंग बेखौफ होकर कर रहे है। जिला पंचायत क्षेत्र में दिन रात मानक के विपरीत निर्माण व प्लाटिंग जारी है।

**कुंभकर्ण की नींद सो रहे**

जिला पंचायत क्षेत्र में दिन रात मानकों के विपरीत निर्माण व प्लाटिंग होने की जानकारी होने के बावजूद भी जिला पंचायत में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी कुंभकर्ण की नींद सो रहे है। मानक के विपरीत निर्माण व प्लाटिंग होने से योगी सरकार को प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि हो रही है।

**रोक लगाने की मांग उठाई थी**

आपको बता दें,कि जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में भाजपा के जिला पंचायत सदस्य सुमित शिशौदिया ने अवैध निर्माण व प्लाटिंग पर रोक लगाने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। जिसके रुकने से जिला पंचायत व सरकार को लाखों के राजस्व की प्राप्ति होती। लेकिन जिला पंचायत सदस्य की मांग को जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा उसे भी अनदेखा कर दिया गया।

**योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की उड़ाई धज्जियां**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लापरवाही और भ्रष्टद्वाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। लेकिन जिला पंचायत हापुड़ में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की धज्जियां उड़ाई जा रही है। अब देखना है,कि योगी सरकार ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कब अमल में लाती है?

**एचटी लाइन के नीचे भी निर्माण व प्लाटिंग**

जिला पंचायत क्षेत्र में कालोनाजरों द्वारा हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे मानक के विपरीत प्लाटिंग व आवासीय व कार्मिशियल निर्माण कराये जा रहे है। इसकी जानकारी होने के बावजूद भी जिला पंचायत न इस ओर भी ध्यान देना उचित नहीं समझा है।

**अपर मुख्य अधिकारी का कहना**

अपर मुख्य अधिकारी आरती मिश्रा ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत के जो प्लाटिंग कराई जा रही है। उन्हें चिन्हित कर प्लाटिंग करने वालों को नोटिस भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा बिना मानचित्र के निर्माणधीन कार्मिशियल निमार्णों को भी चिन्हित कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अवैध निर्माणकर्मी व प्लाटिंग करने वालों को नोटिस भेजे जा रहे है। तीन नोटिस भेजने के बाद भी वह मानचित्र स्वीकृत नहीं कराता है,तो निर्माण व प्लाटिंग रोकने के लिए सम्बंधित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी को पत्राचार कर कार्रवाई कराई जायेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूर्व पालिकाध्यक्ष व प्रधानाध्यापिका सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रेलवे पार्क में महिला पतंजलि योग समिति एवं महिला दक्षता समिति के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आशा सोमानी योग गुरु

**महिला पतंजलि योग समिति एवं महिला दक्षता समिति ने किया सम्मानित**

के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि मालती भारती एवं डॉ सुमन अग्रवाल को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत की गई बहनों ने नारी शक्ति के ऊपर गीत कविता एवं नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें अनीता जैन पूनम पाठक आभा सविता,बीना सिसोदिया आदि की सहभागिता रही। हेमलता गर्ग ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में चाहे वह राजनीतिक आर्थिक सामाजिक एवं



सैन्य क्षेत्र हो सभी में बढ़ चढ़कर भागीदारी कर रही हैं। पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मालती भारती ने महिलाओं के अधिकार और कर्तव्य पर पूर्ण रूप से प्रकाश डाला। डॉक्टर सुमन अग्रवाल ने भी महिला दिवस के ऊपर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और परिवार के लिए कुछ करने से पहले अपने स्वास्थ्य को ठीक रखना भी उतना ही जरूरी है जितना जरूरी अन्य कार्य हैं।

अंत में उपस्थित सभी अतिथियों एवं बहनों का धन्यवाद करते हुए योग गुरु आशा सोमानी ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए अपनी बहनों को दिल की गहराइयों से महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में नीलम, अनु, विनय, राजकुमारी, बिमला,सीता- सीखा शीलू राखी, पूनम, पायल,नीलम त्यागी आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## शिवा पाठशाला में शारदा संगोष्ठी,वार्षिक उत्सव व अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नगर क्षेत्र में शिवा प्राथमिक पाठशाला में शारदा संगोष्ठी, वार्षिक उत्सव कार्यक्रम एवं अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

**प्रधानाध्यापिका ने महिला कर्मियों व बच्चों को किया सम्मानित**

बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा दौड़ का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान महिलाकर्मियों व बच्चों को सम्मानित किया गया।

शिवा प्राथमिक पाठशाला में आयोजित शारदा संगोष्ठी, वार्षिक उत्सव व अंतराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में स्टूडेंट्स सविता, जोया, छवि,आरव, राहुल, आयुष,आशु आदि छात्र छात्राओं




को प्रमाण पत्र एवं मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। विद्यालय में कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले छात्राओं को एवं उनकी माताओं को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय में कार्यरत सोनम, सुमन,लक्ष्मी ,सरला,आदि को नारी सशक्तिकरण दिवस पर माला,दुपट्टा पहनाकर उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिनके चेहरे पर खुशी का ठिकाना ना रहा। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका डॉ.सुमन अग्रवाल द्वारा सभी उपस्थित अभिभावकों विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, सदस्य,को शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव के विषय में विस्तार से बताया गया ।एवं सभी से बच्चों को विद्यालय आने हेतु प्रेरित करने को कहा गया । एसएमसी के अध्यक्ष गीता के आहवान पर अभिभावकों से प्रत्येक कार्य में अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए सहमति प्रदान की कार्यक्रम में बच्चों एवं उनकी माताओं को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर सरला,सुमन,डॉ. हरजीत कौर,सोनम,लक्ष्मी शर्मा आदि मौजूद रहे।

**आवेदन** आवेदन करने वालों में 8 महिलाएं व 49 पुरुष कार्यकर्ता शामिल ,13 प्रांत प्रतिनिधि के लिए भी कार्यकर्ताओं ने किया आवेदन

# भाजपा जिलाध्यक्ष बनने को 57 कार्यकर्ताओं ने किया आवेदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ का भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के लिए 57 कार्यकताओं ने आवेदन किया। इसके अलावा 13 प्रांत प्रतिनिधि के लिए भी कार्यकताओं ने आवेदन किया। उम्मीद है,कि भाजपा हाईकमान शीघ्र ही

**वर्ष 2021 में भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के लिए 22 कार्यकर्ताओं ने किया था आवेदन**

जिलाध्यक्ष व प्रांत प्रतिनिधि के नामों की घोषणा करेगा। आपको बता दें,कि रविवार की सुबह से प्रीत विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर हुए भारतीय जनता पार्टी हापुड़ जिला अध्यक्ष के लिए नामांकन करने के लिए कार्यकताओं की भीड़ उमडने लगी।

रविवार की सुबह करीब 10 बजे प्रदेश उपाध्यक्ष व जिले के चुनाव प्रभारी दिनेश शर्मा जिला कार्यालय पर पहुंचे। उसके उपरांत कार्यकर्ताओ ने हापुड़ जिला अध्यक्ष बनने के लिए अपना-अपना नामांकन पत्र जमा करने शुरू किये। जिला अध्यक्ष के फॉर्म दिए गए जिसमें 57 कार्यकताओं ने अपने नामांकन पत्र जमा किये।

**इन कार्यकर्ताओं ने किया आवेदन**

नरेश तोमर, पुनीत गोयल,राज सुन्दर तेवतिया, सुधीर शर्मा, गौरव रुड़कीवाल, राजेश शर्मा, श्यामेन्द्र त्यागी, ललित मोदी गर्ग,राम अवतार राजौरा, प्रवीन प्रधान, संजय कुमार तोमर, शीखा चौहान, मालती भारती, नीलम कुमारी, जितेन्द्र भंडाना,दिनेश त्यागी, हरफूल सिंह,प्रमोद त्यागी,भारत भूषण गर्ग, प्रफुल्ल सारस्वत,राजीव लोचन शर्मा, अमित सिवाल, विजय खरे, प्रवीन मित्तल, उमेश राणा, पंकज गर्ग, शिव कुमार, सुयश वशिष्ठ,म- नोज वाल्मीकि, पवन त्यागी, राकेश कुमार कर्दम, अनिल त्यागी, अश्वनी वाल्मीकि, कविता माधरे,मोहन सिंह, अलका निम,धीरज त्यागी,मनोज कुमार,भूदेव बंसल, राजेश कुमार शर्मा,दीपक भाटी,राहुल उपाध्याय, परमजीत सिंह,सीमा जौहर,विनीत दिवान, डा.पायल गुप्ता, प्रमोद कुमार,सुमित पार्चा, सतेन्द्र सैनी, विनोद गुप्ता,राजेश शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, पिंकी त्यागी,दिनेश तोमर व सुमित कुमार शिशौदिया ने भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के लिए नामांकन पत्र जमा किये।





**प्रांत प्रतिनिधि के लिए भी किये आवेदन**

बताया किया कि प्रांत प्रतिनिधि के 13 फार्म दिये गये। 13 भाजपा कार्यकताओं ने प्रांत प्रतिनिधि बनने के लिए अपना-अपना आवेदन किया।

**वर्ष 2021 में 22 ने आवेदन किया था**

जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के लिए 22 कार्यकताओं ने आवेदन किया था। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता उमेश राणा एडवोकेट ने बाजी मारी थी। वर्ष 2025 में जिलाध्यक्ष बनने के लिए 57 कार्यकताओं ने आवेदन किया है।

**शीघ्र होगी जिलाध्यक्ष की घोषणा**

जिले के चुनाव प्रभारी दिनेश शर्मा ने नामांकन की प्रक्रिया बहुत ही शांतिपूर्ण और प्रेम पूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर कहा कि हापुड़ के भाजपा जिलाध्यक्ष सभी कर्मठ कार्यकताओं ने अपना-अपना आवेदन किया है।

सभी आवेदन पत्र लखनऊ लेकर जाएंगे,तथा वहां भाजपा हाईकमान चर्चा के उपरांत जल्द ही जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा करेगा साथ में। नामांकन प्रक्रिया के दौरान चुनाव पर्यवेक्षक व प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर भी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट कैंसर




अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

कैंसर आज भारत सहित पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए हालिया विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है कि भारत में कैंसर से होने वाली मौतों की दर चिंताजनक रूप से बढ़ रही है, विशेष रूप से महिलाओं में यह दर पुरुषों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है।

ग्लोबोकैन 2022 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में 1.2 फीसद से 4.4 फीसद तक वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि पुरु षों में यह वृद्धि 1.2 फीसद से 2.4 फीसद तक रही है।

ये आंकड़े न केवल एक स्वास्थ्य आपातकाल की ओर संकेत कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक और चिकित्सा व्यवस्था की कमियों को भी उजागर करते हैं। महिलाओं में कैंसर से बढ़ती मृत्यु दर एक जटिल समस्या है, जो केवल जैविक या चिकित्सीय कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, आर्थिक, जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की भी बड़ी भूमिका है। भारत में हर पांच में से तीन लोग कैंसर के निदान के बाद अपनी जान गंवा देते हैं। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कैंसर न केवल एक गंभीर रोग है, बल्कि भारत में इसका उपचार भी उतना प्रभावी नहीं हो पा रहा है। खासकर महिलाओं में यह स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देतीं। परिवार की जिम्मेदारियां, सामाजिक दबाव, और आर्थिक निर्भरता उन्हें समय पर जांच और इलाज कराने से रोकते हैं। कई बार कैंसर के शुरू आती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बीमारी तब पकड़ी जाती है जब यह अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती है। महिलाओं में कैंसर की बढ़ती दर के पीछे कई महत्त्वपूर्ण कारण हैं। सबसे पहले, जागरूकता की भारी कमी एक प्रमुख कारण है। स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जो भारत में महिलाओं में सबसे आम हैं, यदि प्रारंभिक अवस्था में पकड़ लिए जाएं, तो इनका इलाज संभव है, लेकिन दुर्भाग्यवश महिलाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत नहीं होती। आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों की कमी, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का सेवन, और अत्यधिक तनाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। पहले के समय में महिलाएं अधिक शारीरिक श्रम करती थीं और उनका खान-पान भी पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर होता था, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यह सब धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है। पैक्ड और प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता सेवन, व्यायाम की कमी, और मानसिक तनाव ने महिलाओं में कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। एक और महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि महिलाओं में कैंसर के कई मामले अनुवांशिक और हार्मोनल असंतुलन से भी जुड़े होते हैं। स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर और अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर मुख्य रूप से हार्मोनल परिवर्तन और अनुवांशिक प्रवृत्तियों के कारण होते हैं। महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं। ये पांच कैंसर भारत में महिलाओं की कैंसर मृत्यु दर का 44 फीसद हिस्सा बनाते हैं। स्तन कैंसर सबसे आम है और इसकी मृत्यु दर भी अधिक है, क्योंकि यह देर से पहचाना जाता है। इस गंभीर समस्या का समाधान केवल चिकित्सा उपचार तक सीमित नहीं हो सकता। इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, जिससे महिलाओं को समय पर जांच और इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा सके। महिलाओं को स्वयं अपनी सेहत को प्राथमिकता देने की मानसिकता विकसित करनी होगी। साथ ही, सरकार को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

# दाल देख और दाल का पानी देख!



संजय पराते

रोटी के साथ दाल मिलना भी अब नसीब की बात है। आज की ताजा खबर है कि बाजार में दाल का संकट आने वाला है, क्योंकि सरकारी दाल का भंडार खाली है। क्यों खाली है, इस पर टिप्पणी करेंगे ; लेकिन इसका मतलब यह है कि गरीबों को अब दाल-रोटी या दाल-भात खाने का सपना छोड़ देना होगा। हां, दाल की जगह नमक से काम चलाया जा सकता है। अधिकांश राज्य सरकारें राशन दुकानों से सस्ता आयोडीन नमक वितरित कर रही हैं और वोट लेने का नमक अदा कर रही हैं। नमक हलाली शायद इसी को कहते हैं कि दाल की जगह नमक परोसा जाएं! हमारे देश के लोग हर साल 300 लाख टन दाल हजम कर जाते हैं। ये आंकड़ा कितना बड़ा है, इसकी पड़ताल करे, तो पता चलता है कि हर व्यक्ति रोज लगभग 60 ग्राम दाल चट कर जाता है। इतनी दाल!, फिर भी शिकायत यह कि दाल में पानी ज्यादा होता है। देश की 140 करोड़ की आबादी को दाल सहज-सुलभ हो, इसके लिए दाल का बफर स्टॉक कम से कम 35 लाख टन होना चाहिए। लेकिन नेफेड और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता फेडरेशन (एनसीसीसीसी) बता रहा है कि सरकार के गोदाम में केवल 14.5 लाख टन दाल ही बची है, जो कि न्यूनतम आवश्यकता का केवल 40% ही है। इसमें तुअर दाल 35000 टन, उड़द 9000 टन, चना दाल 97000 टन ही है, जिसे लोग खाने में सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। इन दालों की जगह दूसरी दाल के इस्तेमाल के बारे में सोचें, तो मसूर दाल का स्टॉक भी केवल पांच लाख टन का ही बचा है। इसका अर्थ है कि आप जो भी दाल खाएं, उसमें पानी की मात्रा तिगुनी करनी होगी। फिर जो दाल बनेगी, उसमें दाल के कुछ कतरे ढूंढने की कसरत भी करनी होगी। मुफ्तखोर और काहिल जनता को कुछ काम भी मिल जाएगा। थक-हारकर धीरे से वह सरकार का नमक भी खाने लगेगी और अगले चुनाव में इस नमक का हक भी अदा करेगी। "नमक-नमक" का यह नमकीन खेल चलता रहेगा, लेकिन कुछ की थाली में दाल ही दाल होगी और पांचों उंगलियां और सिर डॉलर में। आज ऐसे धन-पिशाचों की संख्या 85-86 हजार है, तो कल 93-94 हजार होगी। हाल ही में जारी वेल्थ रिपोर्ट का यही आकलन है। करोड़ों की थाली का दाल कुछ हजारों की थाली में समा जाएगा, तो इन हजारों की थाली का नमक करोड़ों की रगों में बहेगा। पूरी दुनिया देखेगी कि दाल और नमक के बंटवारे से हमारे देश में देशभक्ति की कैसी लहर उठती है!! जो लोग आर्थिक असमानता का रोना रोते हैं, वे देखेंगे कि इस असमानता से कैसी सांस्कृतिक एकता पैदा होती है। तब उन्हें संस्कृति की ताकत का भान होगा और अपने तुच्छ माया-मोह पर पछतायेंगे। लेकिन फिर भी देश की सांस्कृतिक एकता को खड़ा करने और प्रचंड देशभक्ति की लहरों को देखने के बजाय कुछ सिरफिरे सवाल खड़ा कर रहे है कि बफर स्टॉक में कमी क्यों? इसका सीधा-सा कारण है कि सरकार को बाजार में दाल मिल नहीं रही। क्यों नहीं मिल रही?, क्योंकि किसान सरकार को बेच नहीं रहा। क्यों बेच नहीं रहा?, क्योंकि उसे घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से ज्यादा कीमत बाजार में मिल रही है। सरकार ने जिस अरहर की एमएसपी 7500 रुपए प्रति क्विंटल तय की है, बाजार उसे 10000 रुपये में खरीद रहा है। क्या यह 10000 रुपए सी-2 लागत के डेढ़ गुना से अधिक है? नहीं, वह ए-2 एमएसपी से कुछ अधिक तो है ही। फिर इस अधिक कीमत पर खरीद कौन रहा है? जी, कोचियों के जरिए कॉरपोरेट खरीद रहे हैं। क्या उन्हें इससे घाटा नहीं होगा? नहीं, वे और ज्यादा मुनाफा पीटने के लिए खरीद रहे हैं।

क्या कहा! अधिक कीमत पर खरीदकर वे और ज्यादा मुनाफा कमाएंगे? हां, जब सरकार के पास दाल नहीं होगी, तो अपने निजी स्टॉक के बल पर वे बाजार में दाल का कृत्रिम संकट पैदा करेंगे, इससे दाल की कीमतें बढ़ेगी, कालाबाजारी होगी तथा और ज्यादा मुनाफे की फसल लहलहाएगी। लेकिन यह गलत है, सरकार को कुछ करना चाहिए न, सही बात है। सरकार ने घोषणा की है कि कुछ लाख टन दाल का वह आयात करने जा रही है।

लेकिन इतने से आयात से गरीब जनता का क्या होगा? होना क्या है जी, वह दाल देखेगी और दाल का पानी देखेगी। कुपोषित होगी और भूख से मरेगी। गरीब जनता होती ही है भूख से मरने के लिए। फिर चाहे वह आंबेडकर के जनतांत्रिक गणराज्य में मरें या संघ-भाजपा के हिन्दू राष्ट्र में, क्या फर्क पड़ता है? उसे तो वोट देकर नमक का हक अदा करना है! लेकिन आप तो दाल के संकट से पैदा देशभक्ति की लहरों को गिनिये। इस देशभक्ति के लिए दाल का त्याग तो किया ही जा सकता है। इस त्याग से वैश्विक भुखमरी सूचकांक में हम कुछ ऊपर और चढ़ जायेंगे, दुनिया में हमारा कुछ नाम और रोशन होगा।



लेकिन ऐसी देशभक्ति तो बड़ी खतरनाक है, जो हमारे देश की जनता को ही भूखा मार दें! जी नहीं, हमारी देशभक्ति वैसी ही है, जैसी ट्रंप की। वे अपने देश की सेवा कर रहे हैं, हम ट्रंप की। ट्रंप की सेवा में ही मेवा है। ट्रंप विश्व अधिनायक हैं और हम विश्व गुरू। अंग्रेजों के जमाने से हमारे परम पूज्यों ने यही सिखाया है कि जनता-वनता के चक्कर में समय बर्बाद मत करो, विश्व अधिनायक की वंदना करो और मशरूम-काजू के बने तर माल उड़ाओ। आप भी समझ जाइए कि हमारा राष्ट्रवाद कितने काम का है। न समझे, तो हमारी ईडी, सीबीआई सब समझा देगी। जेल के पानी में दाल के छिलके ढूंढना पड़े, तो फिर मत कहना बच्चू!

**लेखक अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा के उपाध्यक्ष हैं।**
**संपर्क : 94142-31650**

## वो दीप जो रातों में ही चमकते हैं

वह दिन में एक कोने में सिसकते हैं
ये वो दीप जो रातों में ही चमकते हैं।

मंजिलों की भी खबर नहीं जिनको
वो हर एक मोड़ पर ही ठिठकते हैं।

मेरे घर में तुम्हारी खुशबू बसी है
हर कमरे गुलशन से ही महकते हैं।

दिल में तेरी यादों के दाग रातों में
जुगनुओं की तरह ही चमकते हैं।

जमाने के कुछ अल्फाज ऐसे भी हैं
दिल में तन्हाइयों में ही कसकते हैं।

तेरे साथ तेरा तसव्वुर भी गया
गुलाब से तेरे ख्वाब ही महकते हैं।



संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# लगातार फोन देखने से कमजोर हो रही आंखें



विजय गर्ग

वर्तमान में बच्चों और युवा पीढ़ी में कमजोर नजर एक नई महामारी बनकर उभर रही है। निकट दृष्टि दोष की समस्या बढ़ रही है और ऐसा अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2050 तक दुनिया की लगभग आधी आबादी इससे ग्रस्त हो जाएगी। हालांकि ऐसा ज्यादातर आनुवंशिक कारणों से होता है, लेकिन बहुत ज्यादा मोबाइल देखने और लगातार कंप्यूटर पर काम करने से निकट दृष्टि दोष का खतरा बढ़ सकता है।

एक नए अध्ययन से पता चलता है कि टैबलेट या स्मार्टफोन जैसी डिजिटल स्क्रीन पर हर दिन एक घंटा से चार घंटे तक का समय बिताने से निकट दृष्टि दोष का खतरा 21 फीसद बढ़ सकता है। शोध में बच्चों से लेकर वयस्कों तक के 3,35,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल थे।

जामा नेटवर्क ओपन नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, एक से चार घंटे तक स्क्रीन देखने से निकट दृष्टि दोष का खतरा काफी बढ़ जाता है। शोध में कहा गया है कि स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से ध्यान अवधि कम होने के कारण मस्तिष्क के संज्ञानात्मक कार्यों पर असर पड़ सकता है। लंबे समय तक स्क्रीन के इस्तेमाल में अक्सर बिस्तर या सोफे पर असहज मुद्रा में बैठना शामिल होता है। स्क्रीन के लंबे समय तक संपर्क में रहने से मोटापा, शरीर में दर्द, रीढ़ की हड्डी में दिक्कत और पीठ दर्द सहित कई अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। यह अध्ययन डिजिटल युग में निकट दृष्टि दोष की बढ़ती चिंता को दूर करने के लिए काम कर रहे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और शोधकताओं के लिए अहम जानकारी प्रदान करता है।

अध्ययन में कहा गया है कि स्क्रीन से आंखों पर पड़ने वाले खतरनाक असर को रोकने के लिए 20-20-20 नियम का इस्तेमाल करना चाहिए। यानी आंखों पर पड़ने वाले तनाव को कम करने के लिए हर 20 मिनट में 20 सेकंड तक दूर रहें और किसी भी चीज को 20 फीट की दूरी से देखें।अध्ययन के मुताबिक, हर दिन कम से कम दो घंटे बाहर बिताकर आंखों की थकान कम की जा सकती है और निकट दृष्टि दोष को बढ़ने से रोका जा सकता है। स्क्रीन सेटिंग में बदलाव करने से तनाव को कम किया जा सकता है। इसमें नीली रोशनी वाले फिल्टर का उपयोग किया जा सकता है। नियमित आंखों के परीक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ये निकट दृष्टि दोष के शुरूआती लक्षणों की पहचान करने व नजरों के कमजोर होने को रोकने में मदद कर सकते हैं। नए अध्ययन में पूर्व के अध्ययनों का भी जिक्र किया गया है। कुछ अध्ययनों में निकट दृष्टि दोष का आकलन करने के लिए वस्तुनिष्ठ उपायों का उपयोग नहीं किया गया।

# अपनी मंज़िल के लिए अपनी राहें चुनती महिलाएँ

प्रियंका सौरभ

पिछले दस वर्षों में, युवा भारतीय महिलाओं के लक्ष्यों और महत्त्वाकांक्षाओं में उल्लेखनीय बदलाव आया है, जो उनकी बढ़ती स्वतंत्रता, शैक्षिक उपलब्धियों और कार्यबल में भागीदारी को दर्शाता है। यह बदलाव भारत के सामाजिक ताने-बाने को महत्त्वपूर्ण रूप से बदल रहा है। आज, लड़कियाँ उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कों के बराबर शैक्षिक स्तर प्राप्त कर रही हैं, जिसमें 50% से अधिक कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26% ने कॉलेज की डिग्री हासिल की है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण उच्च शिक्षा में महिलाओं के नामांकन की बढ़ती प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3% तक बढ़ गया है। युवा महिलाएँ अब अपने पेशेवर लक्ष्यों पर अधिक जोर दे रही हैं, जो विभिन्न कैरियर अवसरों और डिजिटल कौशल प्रशिक्षण तक पहुँच से प्रेरित है। स्किल इंडिया मिशन और एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) फॉर गर्ल्स इंडिया जैसी पहलों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है। विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें कई युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुन रही हैं।

एक रिपोर्ट बताती है कि अब 52% महिलाओं को अपने साथी चुनने का अधिकार है, जो 2012 में 42% से अधिक है। कई महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता भी प्राप्त कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, जो महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए सरकारी पहलों द्वारा समर्थित है। उदाहरण के लिए, नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10, 000 से अधिक महिला उद्यमियों का एक नेटवर्क बनाया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में अधिक भागीदारी के साथ, राजनीति में अधिक सक्रिय हो रही हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूहों की सदस्यता 2012 में 10% से बढ़कर 2022 में 18% होने की उम्मीद है। ये उभरती हुई आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक मानदंडों और संरचनाओं को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ कार्यबल में प्रवेश कर रही हैं, घरों में पारंपरिक लिंग भूमिकाएँ बदल रही हैं। मनरेगा कार्यक्रम पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन सुनिश्चित करता है, जो ग्रामीण परिवार की गतिशीलता को प्रभावित करता है। शिक्षा और आय में वृद्धि के साथ, युवा महिलाएँ अपने परिवारों के भीतर वित्तीय और सामाजिक निर्णयों पर अधिक प्रभाव प्राप्त कर रही हैं। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को घरेलू वित्त का सामूहिक रूप से प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है।

भारतीय महिलाएँ ऊर्जा, दूरदर्शिता, जीवंतता और चुनौतियों पर विजय पाने की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। जैसा कि भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने खूबसूरती से व्यक्त किया है, महिलाएँ सिर्फ. घर की रोशनी ही नहीं हैं, बल्कि उस रोशनी को जलाने वाली लौ भी हैं। पूरे इतिहास में, महिलाओं ने मानवता को प्रेरित किया है, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, जिन्होंने समाज में परिवर्तनकारी बदलाव का उदाहरण पेश किया है। भारत सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठा रहा है, जिसका लक्ष्य 2030 तक सभी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाना है। इन लक्ष्यों का एक प्रमुख लक्ष्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिलाओं को सशक्त बनाना है। वर्तमान में, प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। महिलाओं के अंतर्निहित नेतृत्व गुण समाज के लिए अमूल्य हैं। जैसा कि अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने समझदारी से कहा था, एक पुरुष को शिक्षित करने से एक व्यक्ति को लाभ होता है, लेकिन एक महिला को शिक्षित करने से पूरी पीढ़ी को लाभ होता है। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से, महिलाएँ न केवल खुद को ऊपर उठा रही हैं, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रही हैं। सरकार से मिल रही निरंतर वित्तीय सहायता के साथ, आत्मनिर्भर भारत पहल में उनकी भूमिका प्रतिदिन बढ़ रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों के आंदोलन ने महत्त्वपूर्ण गति पकड़ी है, जिसके साथ अब पूरे देश में 7 मिलियन समूह सक्रिय हैं। महिलाओं की ताकत को पहचानना हमें उपलब्धि की नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। आइए उनकी प्रगति और सफलता का समर्थन करें। 'अमृत काल' महिलाओं के व्यापक सशक्तिकरण के लिए समर्पित समय हो।




युवा भारतीय महिलाओं की बढ़ती आकांक्षाएँ भारत के सामाजिक परिदृश्य को नया आकार दे रही हैं, एक ऐसे समाज का निर्माण कर रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण मानक हैं। सहायक नीतियों को लागू करने से इस परिवर्तन में और तेजी आ सकती है, जिससे अधिक समावेशी और सशक्त भविष्य बन सकता है। आज महिलाओं को पहले की तुलना में कहीं ज्यादा आजादी मिली हुई है। सामाजिक बंधनों से मुक्त होकर वे अपने भविष्य की ज़िम्मेदारी खुद उठा रही हैं। कई तरह के संघर्षों और चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, महिलाएँ उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रही हैं। उन्हें अब कमजोर लिंग के रूप में नहीं देखा जाता। समान अवसर दिए जाने पर, महिलाएँ अपना रास्ता खुद तय कर सकती हैं। हालाँकि, इन अवसरों तक पहुँचना एक बड़ी बाधा बनी हुई है। जब महिलाएँ आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती हैं, तो वे किसी भी तरह की हिंसा को बर्दाश्त नहीं करती हैं। समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने में प्रत्येक व्यक्ति की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। चूँकि समाज व्यक्तियों से बना होता है, इसलिए हर स्तर पर सामूहिक प्रयास सार्थक बदलाव ला सकते हैं। जब हर कोई महिलाओं का सम्मान करना शुरू कर देगा, तो समग्र स्थिति में सुधार होगा।

## सोमवार का राशिफल

**मेष** — जो धन कमायेगे वो काफी नहीं होगा, लेनदार परेशान कर सकते है, मित्रो से उधार ले सकते है, दूर की शिक्षा लेने के रास्ते बनेंगे। भाग्य प्रतिशत-52

**वृषभ** — किराये का घर बदल सकते है, घर में कुछ साज सज्जा करना चाहेंगे, गायन सम्बन्धी व्यवसाय नौकरी चलेगी, हिसाब से ज्यादा खर्च सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-52

**मिथुन** — कोई सरकारी कार्य अटका है तो बडे अफसर से मिलना होगा, अगर जमीन ले रहे है तो कागज की जांच करे, घर के लोगों को दबा कर ना रखें। भाग्य प्रतिशत-54

**कर्क** — किसी से वायदा करेंगे तो निभाएंगे, अपने कार्य में स्फूर्ति दिखाएंगे, माँ से सहयोग मिलेगा, केमिस्ट्री, गणित में रुचि बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-68

**सिंह** — क्म्प्यूटर, बिजली, ठेकेदारी एवं रसायन सम्बन्धित व्यवसाय में उन्नति से प्रसन्नता रहेगी, गर्व अनुभव होगा, कार्य में व्यस्त रहेंगे. भाग्य प्रतिशत-80

**कन्या** — गलत फैसले ले सकते है, मेनेजमेंट जॉब में परेशानी होगी, दलाली कार्य में नुकसान सम्भव है, स्वर्ण से बनी चीज ले सकते है। भाग्य प्रतिशत-52

**तुला** — पत्नी के साथ व्यापार शुरू कर सकते है, डॉक्टर से कोई सलाह ले सकते है, पानी वाले शहर में जाना हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-72

**वृश्चिक** — अपने लिए बड़े लक्ष्य बना लेंगे, समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी, मीडिया कार्य, प्रबंधन से लाभ होगा, उच्चस्तरीय लोगों से भेट होगी। भाग्य प्रतिशत-81

**धनु** — व्यवसाय में इन्कम बढ़ेगी,अच्छी ऊर्जा से कार्य पर पाएंगे, झुंझलाहट से किसी से ना बोले,परिवार के लोगों की जिम्मेदारी बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-77

**मकर** — आय को बढ़ाने के रास्ते खोजेंगे, परिश्रम अवश्य बढ़ेगा लेकिन लाभ भी होंगे, धार्मिक विश्वास में दृढ़ता आयेगी। भाग्य प्रतिशत-71

**कुंभ** — अपने जुड़े धन से कोई छोटा व्यवसाय शुरू कर सकते है, कार्य में थोड़ी व्यस्तता बढ़ेगी, शरीर में कैल्शियम, शुगर, रक्त का ध्यान रखे। भाग्य प्रतिशत-62

**मीन** — धीमी आय होगी, पीलिया आदि की आशंका है तो ध्यान रखें, सर्जरी की तारीख मिलेगी, अधूरे कार्य निपटाना चाहेंगे, खाना अच्छा खाए। भाग्य प्रतिशत-49



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# सीतापुर हाईवे पर दिनदहाड़े अंधाधुंध फायरिंग कर पत्रकार की हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** सीतापुर इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में 36 वर्षीय एक पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की गोली मारकर हत्या कर दी





गई। शनिवार दोपहर बाइक सवार हमलावरों ने पहले राघवेंद्र की बाइक को टक्कर मारी फिर राघवेंद्र के गिरते ही उन पर तीन राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने राघवेंद्र को अस्पताल पहुंचाया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। राघवेंद्र के सीने और कंधे में गोली लगी है। एक गोली कपड़ों में फंसी मिली। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए नाकेबंदी की गई है। पुलिस के अधिकारी अस्पताल पहुंचे हैं।

**रंजीत सिंह राठौर का कहना है**

कम से कम शाशन प्रशाशन की आंखे खोलने के लिए कोई तो ठोस कदम हमे उठाना चाहिए , वरना इसी तरह से एक के बाद एक कलमकारों की हत्या होती रहेगी , मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से निवेदन है कि पत्रकारो के हितार्थ एक कड़ा कानून अवश्य बनवा दें, ताकि इस तरह की घटनाओ की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो ।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत की समीक्षा बैठक राया ब्लाक सभागार में हुई संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत जनपद मथुरा की समीक्षा बैठक राया ब्लाक सभागार राया ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश के संचालन में जिला अध्यक्ष मथुरा चौधरी धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमें जनपद भर के भारतीय किसान यूनियन टिकैत के सभी पदाधिकारी कार्यकताओं ने भाग लिया मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश प्रभारी चौधरी गजेंद्र सिंह परिहार प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्ध सिंह प्रधान जी आए जनपद मथुरा से आए सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी ने अपनी अपनी समस्याओं से सभी को अवगत कराया चौधरी गजेंद्र सिंह परिहार जी ने अपने वक्तव्य में कहा पूरे जनपद भर ही नहीं पूरे प्रदेश पूरे देश का किसान इस सरकार में परेशान है सरकार किसानों के साथ दुर्व्यवहार करती है समस्याओं का समाधान नहीं करती तहसील मार्ट प्रशासन द्वारा वृंदावन रतन छतरी के किसानों की जमीन अधिग्रहण जहांगीरपुर खादर की जमीन का मुद्दा बैठक में गर्म जोशी से उठाया आगरा कमिश्नर से फोन पर वार्ता कर 10 तारीख दिन सोमवार का समय लिया और कहा कि कमिश्नर साहब आगरा को अवगत कराया जाएगा समस्या का समाधान किया जाएगा प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्ध सिंह प्रधान जी ने कहा की शासन प्रशासन कान खोलकर सुन ले जहांगीरपुर खादर की जमीन जिन किसानों की है उन्हीं की रहेगी



मार्ट तहसील प्रशासन इसमें दखलअंदाजी करेगा तो किसान यूनियन टिकैत चुप नहीं रहेगी प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा जी ने चेतावनी भरे लफ्जों में कहा एसडीएम मार्ट लेखपाल मार्ट और जो भी शासन के अधिकारी जमीन को जबरन लेना चाहते हैं वह कान खोलकर सुन ले एक बहुत बड़ा आंदोलन तहसील मार्ट परिसर के अंदर किया जाएगा सभी वक्ताओं ने संगठन के बिस्त'र पर जोर दिया अपनी-अपनी समस्या शीर्ष नेतृत्व के सामने रखी शीर्ष नेतृत्व ने सभी की समस्याएं सुनी और अधिकारियों से मिलकर समाधान करने की बात कही इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मंडल महासचिव राकेश चौधरी प्रदेश सचिव देवेंद्र पारसोली आगरा मंडल महासचिव जगदीश परिहार आगरा मंडल प्रचार मंत्री गिर्राज परिहार जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ राजवीर नेताजी महानगर अध्यक्ष सलीम खान ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू अब्बास ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल शास्त्री तहसील अध्यक्ष राजू निषाद तहसील अध्यक्ष महावन रामगोपाल तोमर ब्लाक महासचिव प्रेम सिंह नगर अध्यक्ष सूरज निषाद जिला सचिव तोमर मुकुट बिहारी घासीराम रामस्वरूप जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मीरा चौधरी मीडिया प्रभारी महेश रामकिशन अर्जुन सिंह प्रधान जी रामनिवास शर्मा सैकड़ो की तादात में किसान नेता कार्यकर्ता सदस्य मौजूद रहे।

# दिल्ली में अब धोखेबाज और जुमलेबाजों की सरकार है: भारद्वाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा है कि दिल्ली में अब धोखेबाज और जुमलेबाजों की सरकार है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज लाखों दिल्ली की महिलाओं ने अपने खाते में ढाई हजार रुपए आने का इंतजार किया और उन्हें आज महिला दिवस के अवसर पर भी घोर निराशा हाथ लगी। प्रधानमंत्री मोदी जी ने 31 जनवरी को द्वारिका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दिल्ली की महिलाओं से वायदा किया था कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में दिल्ली की महिलाओं को ढाई हजार रुपए प्रतिमाह देने का फैसला किया जाएगा और 8 मार्च तक यह धनराशि महिलाओं के खाते में पहुंच



जाएगी, इसी के साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा था कि यह मोदी की गारंटी है, सभी महिलाएं अपना मोबाइल नंबर खाते से लिंक कर लें जिससे कि वह पैसा आते ही मोबाइल पर ढाई हजार रुपए का मैसेज आ जाए। आज लाखों महिलाएं भारतीय जनता पार्टी को कोस रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए महिलाओं के लिए ढाई हजार के वायदे को सुनकर दिल्ली की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर के भाजपा को वोट दिया था और सरकार बनवाने में पूरी भूमिका निभाई थी । भाजपा द्वारा दिल्ली में ठगी गई महिलाओं से साबित होता है कि भाजपा के शीर्ष नेताओं के चुनावी वादों और उनकी गारंटी पर अब कोई भरोसा नहीं बचा है। ढाई हजार रुपए देने के सवाल पर दिल्ली की सरकार महिलाओं के बीच में फूट डालने का काम कर रही है और इस जिम्मेदारी से बचने के लिए तमाम नए-नए बहाने खोज रही है। दुखद आश्चर्य है कि यह सब कुछ महिलाओं के साथ आज 8 मार्च के दिन भी हो रहा है, जिसे पूरी दुनिया में महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी माध्यम: उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। वे राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय परिसर अलीगढ़ में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित ह्यगर्विताह्न कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार महिला उच्च शिक्षा के लिए नए संस्थान स्थापित कर रही है और छात्रवृत्तियों के माध्यम से बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि





महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनमें मिशन शक्ति अभियान और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं शामिल हैं।कार्यक्रम में कुलपति ने उच्च शिक्षा मंत्री का स्वागत किया और विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया। महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. इंदु वार्ष्णेय ने कुलपति की धर्मपत्नी श्यामकिशोरी सिंह को शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में शहर की प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. उषा शेखर, सेवानिवृत्त प्रचार्या डॉ. रश्मि रेखा पांडे, मार्शल आर्ट चैंपियन शालिनी चैहान, मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कल्पना सिंह और नीलम सिंह को कुलपति द्वारा शॉल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में कुलसचिव वी. के. सिंह ने महिला दिवस के महत्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. गीतिका सिंह (गृहविज्ञान विभाग), प्रो. अंजना कुमारी, प्रो. नीता वार्ष्णेय, डॉ. रंजना गुप्ता, डॉ. रजनी वार्ष्णेय, डॉ. नीरू वार्ष्णेय, डॉ. शालिनी अग्रवाल, डॉ. दुर्गा, डॉ. रीता, डॉ. सुरभि गुप्ता, डॉ. बबीता शर्मा, डॉ. कीर्ति राजपूत सहित अनेक शिक्षकों और अतिथि प्रवक्ताओं ने कार्यक्रम की सफलता में विशेष योगदान दिया।अंत में प्रो. अंजना कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# मथुरा लोकसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर ने बताया कि उत्तर प्रदेश की पुलिस फर्जी मुठभेड़ करके एवं फर्जी मुकदमे दर्ज कर अपना गुड वर्क दिखाकर रिकॉर्ड पूरा करने के लिए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** कांग्रेस कमेटी मथुरा द्वारा महानगर कांग्रेस कार्यालय पर उत्तर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर एक प्रेस वार्ता की प्रेस वार्ता में उपस्थित इंडिया गठबंधन मथुरा लोकसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर ने बताया कि उत्तर प्रदेश की पुलिस फर्जी मुठभेड़ करके एवं फर्जी मुकदमे दर्ज कर अपना गुड वर्क दिखाकर रिकॉर्ड पूरा करने के लिए तथा अपने उच्च आला अधिकारियों को खुश करने के उद्देश्य से निर्दोष निरपराधी बेकसूर गरीब लोगों को फर्जी मुठभेड़ में दिखा कर कार्य कर रही है जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस पार्टी पुलिस की इस हरकत की घोर विरोध करती है और मार्च के महा शुरू होते ही



पुलिस विभाग को अवैध कारोबारों का ध्यान आता है सिर्फ और सिर्फ पुलिस अपना रिकार्ड लक्ष्य प्राप्त करने और अपना प्रमोशन के चक्कर में तथा अपने आला अधिकारी खुश करने के लिए फर्जी मुठभेड़ करती है महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई भी चीज नहीं है पूरे प्रदेश में जंगल राज कायम है रोज लूट,हत्या,बलात्कार जैसी घटनाएं उजागर हो रही है जनपद एवं उत्तर प्रदेश पुलिस गरीब किसान दलित मजदूर लोगों को झूठे आरोपों में फंसा रही है जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी हम उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि इन सभी मामलों को संज्ञान में लेते हुए न्यायिक जांच होनी चाहिए ताकि कोई बेकसूर गरीब किसान दलित मजदूरो पर फर्जी मुकदमे ना लगे प्रेस वार्ता में उपस्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुमार सिंह निषाद उमाशंकर शर्मा विपुल पाठक अप्रतिम सक्सेना जिलानी कादरी राजू फारुकी पूरन सिंह अनवर फारुकी अनूप गौतम अनिल खरे पप्पू खान विवेक धनगर दिलशाद आदि कांग्रेस जन प्रेस वार्ता में उपस्थित थे।

# तीर्थधाम मंगलायतन में भारतीय जैन मिलन का राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 22- 23 मार्च को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** भारतीय जैन मिलन का 59 वां केंद्रीय परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन क्षेत्र क्रमांक 9 के अंतर्गत जैन मिलन परिवार अलीगढ़ के आतिथ्य में प्रथम बार आगामी 22- 23 मार्च को तीर्थधाम मंगलायतन में आयोजित होने जा रहा है । रविवार को खिरनी गेट स्थित श्री लख्मीचंद पांड्या खंडेलवाल दिगम्बर जैन ट्रस्ट परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर नरेश कुमार जैन , क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर सुरेश कुमार जैन गढ़ी , क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर डॉ पी.के.जैन , क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर संदीप जैन एवं मीडिया प्रभारी वीर मयंक जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि भारतीय जैन मिलन जैन समाज की सर्वोच्च संस्था है जो समग्र जैन समाज को एकता व समरसता के सूत्र में पिरोकर समाज को जोड़ने का कार्य करती है। देश-विदेश में 1500 से अधिक शाखाओं के लाखों कार्यकर्ता के माध्यम से समाज के विकास व उत्थान में कार्य कर रहे हैं। अधिवेशन में केंद्रीय नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण एवं क्षेत्रीय अधिवेशन भी 23 मार्च को द्वितीय सत्र में संपन्ना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया ने पदाधिकारी की नियुक्त की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया ने बरेली उ प्र के संगठन में मीटिंग को संबोधित करते हुए नेशनल चेयरमैन डा सलीम अंसारी ने कहा हमारा मकसद पत्रकारों की सुरक्षा समाज को न्याय देना है और आज हमारा संगठन भारत के 12 राज्यों में काम कर रहा है जिसमें दिल्ली पश्चिम उत्तर प्रदेश पूर्वी उत्तर प्रदेश बिहार महाराष्ट्र गुजरात जम्मू कश्मीर तेलंगाना उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश मध्य प्रदेश राजस्थान हरियाणा पंजाब मीडिया काउंसिल आफ इंडिया के पदाधिकारी काम कर रहे हैं नेशनल चेयरमैन डा सलीम अंसारी ने पदाधिकारी की नियुक्त की गईनेशनल चेयरमैन डा सलीम अंसारीमें विस्तार करते हुए (डॉ आरिश को जिला बरेली के चेयरमैन डा विंग) व (सोनी सक्सेना को जिला बरेली के चेयरमैन) (डॉ में महिला मोर्चा मोनिका सिंह को जिला बरेली के वाइस चेयरमैन डा विंग महिला मोर्चा) (रेहाना को जिला बरेली के वाइस चेयरमैन) (सुमेरा परवीन को जिला सचिव बरेली के ) (शबनम को महानगर बरेली के सचिव महिला मोर्चा मनोनीत किया) वजनाब (मोइनुद्दीन कुरेशी साहब को आगरा मंडल का मंडल चेयरमैन की घोषणा की ) पदाधिकारी की नियुक्त की गई(मनीष अग्रवाल जी पुत्र श्री तुलसी दास गुप्ता जी निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश)मीडिया काउंसिल आफ इंडिया के पदाधिकारी काम कर रहे ।

### नगर निगम बोर्ड ने सर्वसम्मति से पास किया बजट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** नगर निगम कार्यकारणी समिति के विशेष प्रस्ताव संख्या-1 द्वारा अनुमोदित नगर निगम के पुनरीक्षित बजट 2024-25 के लिए महापौर प्रशांत सिंघल की अध्यक्षता में आहुत बजट अधिवेशन में 126801.48 लाख के बजट पर महापौर प्रशांत सिंहल की अगुवाई वाले नगर निगम बोर्ड ने सर्व समिति से अपनी सहमति की मोहर लगा दी है। रविवार साप्ताहिक अवकाश के दिन जवाहर भवन में आहुत



बजट के बोर्ड अधिवेशन परंपरागत राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ बोर्ड अधिवेशन में महापौर ने मिशन शक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला पार्षदों से उनकी जनहित समस्याओं को बताने के लिए कहा सबसे पहले पार्षद डॉक्टर शबाना असलम ने सुकमा कंपनी के 3 करोड़ 57 लाख के बिल भुगतान को लेकर अपने सवाल पूछे जिसमें उन्होंने सुकमा कंपनी द्वारा कितने कर्मचारी लगाए गए हैं कितने वाहन लगाए गए हैं और कितने वाहनों को किस पेट्रोल पंप के माध्यम से इंधन दिया जा रहा है, पूछे गए सवाल के जवाब में सचिव सचिवालय सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह ने अधिवेशन में उत्तर दिया कि उक्त प्रकरण के परीक्षण के लिए पर्यवेक्षण समिति का गठन किया गया है समिति द्वारा पर्यवेक्षण के उपरांत संबंधित एजेंसी को भुगतान करने का निर्णय लिया जाएगा 3 करोड़ 57 लाख के सापेक्ष फर्म को कोई भुगतान वर्तमान स्थिति तक नहीं किया गया है महापौर प्रशांत सिंघल की अनुमति से प्रभारी लेखाधिकारी ने सदन के समक्ष नगर निगम वित्तीय वर्ष 2024- 25 का बजट पढ़ना शुरू किया नगर निगम के प्रभारी लेखाधिकारी भरत दुबे ने बोर्ड के विशेष अधिवेशन में नगर निगम का बजट रखते हुए बताया कि नगर निगम अलीगढ़ का बजट ( 2024-25) की स्थिति निम्नवत होगी।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की मासिक बैठक संपन्न, पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर हुई चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) की मासिक बैठक का आयोजन



नुमाइश ग्राउंड स्थित सरकारी सभागार में किया गया। बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा, उनके अधिकारों और न्यायिक सहायता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि जनपदभर के सभी पत्रकारों को न्याय और सुरक्षा प्रदान करने के लिए परिषद सदैव तत्पर रहेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए एकजुट रहना होगा।पत्रकारों के अधिकारों पर जोर परिषद के प्रवक्ता जितेंद्र सिंह ने उपस्थित पत्रकारों को कानूनी अधिकारों और सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यदि पत्रकार अपने अधिकारों से पूरी तरह अवगत रहेंगे, तो वे प्रशासनिक अधिकारियों के सामने बेझिझक अपनी पत्रकारिता कर सकेंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया उक्त अवसर पर कारागार के बंदियों द्वारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया उक्त अवसर पर कारागार के बंदियों द्वारा निर्मित सामानों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में कारागार के बंदियों द्वारा निर्मित हथकरघा की सूती साड़ियां, तौलिए, अंगोछा,रुई से बनाई गई बत्तियां, सब्जियों के रंग एवं फूलों से तैयार कराए गए हर्बल गुलाल, भगवान जी की पोशाक एवं मुकुट आदि प्रदर्शनी में लगाई गई। प्रदर्शनी में रखी गई सामग्री को जनता द्वारा खूब पसंद किया गया। उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन श्री संजय कुमार सिंह माननीय प्रशानिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद, माननीय जिला जज महोदय व अन्य न्यायिक अधिकारियो द्वारा किया गया। उनके द्वारा बंदियों के द्वारा तैयार की गई उक्त सामग्री को बहुत पसंद करते हुए खरीदा भी गया तथा कारागार प्रशासन के उक्त कार्य की सराहना भी की गई। उनके द्वारा उक्त कार्यों कोओर व्यापक स्तर पर कराए जाने का निर्देश दिया गया।





**कन्यादान** — कांग्रेस सांसद तनुज पूनिया ने करनावल पहुंचकर पीड़ित बहनों की शादी में दिए एक लाख कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष की मौजूदगी में दिया कन्यादान

# अनुसूचित जाति जनजाति कांग्रेस विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हैं तनुज पूनिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** करनावल में शादी के दिन जातीय अत्याचार की शिकार हुई दलित बहनों की शादी में अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के अध्यक्ष सांसद तनुज पूनिया ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कार्यवाहक जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के साथ कांग्रेसियों के 1 लाख का कन्यादान दिया। वह कांग्रेसियों के साथ दलित बहनों की शादी समारोह में पहुंचे और उन्हें आशीर्वाद दिया उन्होंने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस उनके साथ खड़ी हुई है। बाराबंकी के सांसद और कांग्रेस के अनुसूचित जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष तनुज पुनिया कांग्रेस जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के साथ शुक्रवार की रात दलित बहनों की शादी में करनावल पहुंचे और उनके द्वारा दोनों दलित बहनों को 50-50 हजार रुपए का कन्यादान दिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि जो हुआ वह दुर्भाग्य पूर्ण है । जिस देश में बाबा साहब का संविधान लागू हुआ है वहां पर इस प्रकार की घटना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है दबा कुचला वर्ग अनुसूचित जाति वर्ग के पिछड़ा वर्ग उन सबको दबाया जा रहा है। उसको ठीक





करने के लिए सरकार कुछ नहीं कर रही है बल्कि अपराधियों को और बढ़ावा दे रही है ।आज हम यहां पर जो हमारी बेटियां हैं उनका आशीर्वाद देने के लिए आए हैं और हम यह संदेश लेकर के आए कि हम उनके साथ हमेशा खड़े हैं और यह न्याय की लड़ाई है मरते दम तक लड़ते रहेंगे और किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। कांग्रेस के कार्यवाही जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा दलित और पिछड़े वर्गों का साथ दिया है आज भी कांग्रेस उनके पीछे खड़ी हुई है और योगी सरकार के द्वारा जो अत्याचार को बढ़ावा दिया जा रहा है उसे कांग्रेस कतई सहन करेगी करनावल में जिन दलित बहनों के साथ घटना हुई है जब तक अपराधियों को कड़ा सबक नहीं मिलेगा तब तक कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी उन्होंने कहा कि करनावल की घटना भाजपा सरकार का आइना दिखाती है। नगर निगम के महापौर पद के प्रत्याशी मोहन सिंह ने कहा कि आज कांग्रेस ने यह दिखा दिया कि वह किस प्रकार से दलित और पिछड़े वर्ग के सहयोग में सामने आती है जनपद में यदि कहीं भी इस प्रकार की घटना हुई तो हम कंधे से कंधे लगाकर उनका सहयोग करने को तैयार है।

करनावल पहुंचने वालों में ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत प्रवीण भास्कर विनोद आर्य राहुल भरत लाल संजय सिंह नीरज कुमार लोकेश शर्मा राजकुमार तिवारी सतीश शर्मा राम भरोसे चौधरी ठाकुर साहब सिंह डॉ प्रमोद शर्मा यदुवीर चौधरी बृजेश शर्मा एडवोकेट दीपक शर्मा मनोज शर्मा मुकेश ठाकुर राजू अब्बासी अखलाक चौधरी सलमान चौधरी विजय सिंह लोधी ठाकुर प्रियपाल सिंह सैकड़ो कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को नगर के आवास विकास स्थित डॉक्टर एस.एन. शर्मा के निवास पर संस्कार भारती जनपद संभल के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जहां पंडित महेश चंद शर्मा के द्वारा विधि विधान से पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान मुख्य यजमान डॉ एस एन शर्मा एवं उनकी पत्नी पूनम शर्मा रहीं सर्वप्रथम गणेश वंदना, सरस्वती वंदना का वाचन हुआ तदोपरांत महेश चंद्र शर्मा , नरेंद्र कुमार आचार्य, रजत, आदि ने भावविभोर युक्त संगीतमय सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया सभी भक्तों ने सुंदर कांड पाठ का सामूहिक गुणगान किया सुन्दर कांड पाठ के उपरांत शोषण मुक्त सभ्य भारत मिशन के द्वारा कर्तव्य दिवस मनाया गया मिशन के द्वारा कर्तव्यनिष्ट सम्मान से स्वतंत्र प्रभार मंत्री आदरणीय



गुलाब देवी को सम्मानित किया गया , कार्यक्रम का संचालन डॉ टी एस पाल के द्वारा किया गया , रजत शर्मा ने फूलों में सज रहे श्याम प्यारे । उमेश कुमार शर्मा ने श्री राम धुन में मन तु जब तक मगन ना होगा । महेश चंद शर्मा ने जमुना तट श्याम होली खेल रहे । आई पी शर्मा ने राम राम रट प्यारे जग वंदन कर ले तू प्यारे आदि गायकों ने शानदार भजन प्रस्तुत किए, ढोलक पर नन्हें ने संगत दी , सुन्दरकाण्ड पाठ के उपरांत शिखाराम रावत, हिमांशु शर्मा, शान्ति राणा शांति, सुखपाल सिंह गौर आदि कवियों ने काव्यपाठ किया । इस दौरान सुंदरकांड पाठ में उपस्थित रहे। रामकिशोर मिश्र, वैद्य ब्रजनंदन शर्मा, प्रभात कृष्णा, महेश कठेरिया, अमित साहनी, मुकेश नंदन शर्मा, डॉ जयशंकर दुबे, सौरभ कुमार एडवोकेट, डॉ के सी शर्मा, अक्षय पाठक,, सोनू शर्मा, रवि यादव , कौशल, चंदन, दीपक शर्मा , अनिल चौहान, अन्नू, राखी, राधा, सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गायत्री परिवार ने बताया आमलकी एकादशी का महत्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सौजन्य से गायत्री परिवार शाखा बिलारी द्वारा आमलकी एकादशी व्रत कथा का महत्व बताया, कहा कि इस दिन भगवान विष्णु व आंवला वृक्ष की पूजा करने से मनुष्य को सुख शांति व मोक्ष की प्राप्ति होती है ।





रविवार को आयोजित कार्यक्रम से पूर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, आदि शक्ति मां गायत्री,भगवान विष्णु, शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।इस दौरान आमलकी एकादशी के महत्व को बताते हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आमलकी अथवा आंवले को उसी प्रकार श्रेष्ठ स्थान प्राप्त है जिस प्रकार नदियों में गंगा और देवों में भगवान विष्णु को। सृष्टि की उत्पत्ति के समय ही आंवले के वृक्ष की भी उत्पत्ति की।आंवले को भगवान विष्णु ने आदि वृक्ष के रूप में प्रतिष्ठित किया। आंवले के वृक्ष के हर अंग में ईश्वर का वास माना गया है। भगवान विष्णु ने कहा है कि भूतल पर जो प्राणी स्वर्ग और मोक्ष चाहते हैं उनके लिए फागुन शुक्ल पक्ष में पुष्य नक्षत्र में आने वाली एकादशी का व्रत अत्यंत श्रेष्ठ है। इस एकादशी को आमलकी एकादशी तथा रंग एकादशी के नाम से भी जाना जाता है ।यह होली से 4 दिन पूर्व आती है। इस दिन भगवान विष्णु की प्रतिमा के समक्ष तिल, कुश, मुद्रा और जल के साथ पूजन कर संकल्प करना चाहिए। संकल्प के पश्चात षोडशोपचार पूजन से भगवान विष्णु की पूजा करें। उसके बाद आंवले के वृक्ष की पूजा करनी चाहिए। इसी दिल से होली का रंग भी प्रारंभ हो जाता है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदित्य राघव,हर्ष राघव,दीपक सिंह, नैतिक राघव,दिनेश मनोज सागर, सजल राघव, निधि कुमारी, ऋतु कुमारी, प्रियंका सिंह, सरोज देवी अनिता कुमारी आदि सहित अन्य गायत्री परिजन मौजूद रहे।

# दो बहनों की आपसे कहा सुनी के चलते खाया जहर किशोरी की मौत








बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली (मोनू सागर)।** थाना असमोली क्षेत्र के गांव मंसूरपुर माफी में एक किशोरी ने विषैला पदार्थ खा लिया जिससे किशोरी की मौत हो गई थाना असमोली क्षेत्र के गांव मंसूरपुर माफी में दो बहनों की आपसी कहा सुनी के चलते लगभग 16 बर्षीय किशोरी ने जहर खा लिया जिससे किशोरी की मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाया और आवश्यक कार्रवाई की इसके बाद मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है बताया जा रहा है किशोरी की 2 बहने और तीन भाई हैं वहीं किशोरी की मां की कई वर्ष पूर्व में मृत्यु हो चुकी है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उमरी कला निवासी छात्र आदिल की हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार छात्र की मौत हो गई हालांकि मृतक को परिजनों ने सुपुर्दे खाक कर दिया है लेकिन उनका कहना है की गाड़ी की पहचान होने के बाद मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उमरी कला निवासी आदिल पुत्र अनीस उमरी कला के ही इंटर कॉलेज का छात्र है बताया गया कि वह नौगांवा सादात से अपनी बहन के घर होकर वापस आ रहा था जैसे ही उसकी बाइक दौलताबाद नहर के पास पहुंची किसी बाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि मुरादाबाद ले जाते वक्त उसकी रास्ते में मौत हो गई परिजनों ने फिलहाल बिना किसी कार्रवाई के उसे सुपुर्दे खाक कर दिया है लेकिन मृतक के चाचा मास्टर शमीम अहमद का कहना है कि वाहन की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं जैसे ही वाहन की पहचान होगी मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# ओवरलोड डंपरों से सड़कें हो रही बदहाल, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल(सय्यद अतहर अली)।** कैलादेवी थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ओवरलोड डंपरों का संचालन हो रहा है, जिससे सड़कों की हालत बदतर होती जा रही है। इन डंपरों की वजह से मुख्य सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, जिससे स्थानीय लोग और राहगीर परेशान हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर गड्ढे बढ़ते जा रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

क्षेत्र में लगातार भारी डंपरों का आवागमन हो रहा है, जिससे शकरपुर-सौंधन मार्ग, किरारी से संभल-बहजोई मार्ग को जोड़ने वाले मार्ग समेत कई सड़कें टूट गई हैं। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में ये गड्ढे और ज्यादा खतरनाक हो जाएंगे। डंपर चालक नियमों का उल्लंघन करते हुए खुले में मिट्टी ढो रहे हैं। बिना तिरपाल ढके मिट्टी ले जाने के कारण सड़क पर धूल उड़ रही है, जिससे स्थानीय लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है आंखों में धूल जाने से आंखें बीमार हो रही हैं। राहगीरों और दुकानदारों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पुलिस से अपील की है कि ओवरलोड डंपरों पर सख्ती से रोक लगाई जाए और सड़क मरम्मत का कार्य जल्द शुरू किया जाए, ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

मानकों की अनदेखी कर दौड़ने वाले डंपरों के खिलाफ बीते दिनों कार्रवाई की गई है। अगर मानकों की अनदेखी कर डंपर दौड़ रहे हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिससे वाहन सवारों और लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हों और हादसे न हों।

**प्रमोद मान, यातायात प्रभारी।**

# आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर हुआ विचार गोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और समाज में उनकी भूमिका को मजबूत करने पर प्रकाश डालना था।गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय उपस्थित रहीं, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को शिक्षा, स्वावलंबन और आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना चाहिए। महिला थाना प्रभारी पूनम राठी बेटियों को आत्मनिर्भर करने का आव्हान किया। सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने कहा कि नारी का सम्मान ही समाज की पहचान है। सशक्त नारी ही सशक्त राष्ट्र की पहचान है।





इस दौरान उपस्थित सभी महिलाओं को पटका पहनकर बैच लगाकर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसरों पर अपने विचार व्यक्त किए।

साथ ही कहा कि महिलाओं के प्रति बढ़ते सम्मान और समानता पर बल दिया। गोष्ठी के अंत में समिति के अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम में पूनम अरोड़ा, दुर्गा टंडन, दीपमाला वार्ष्णेय,अनु गांधी , संजना अरोड़ा,रीना,प्रियंका वासन, नीलम अरोड़ा, बेबी मखीजा ,ज्योति डूडेजा, प्रियंका सिंह, प्रतिभा वाष्णेय , निवेदिता रस्तोगी,योगिता कोहली, बृजबाला वार्ष्णेय, सुनैना, ज्योति ग्रोवर आदि लोग उपस्थित रहे ।

# दो दिवसीय रोबोटिक्स प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई ।** जिलाधिकारी सम्भल डॉ राजेन्द्र पैंसिया की प्रेरणा से किये जा रहे नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालयों के 13 विद्यार्थी

**आईआईटी दिल्ली के छात्रों से कम्पटीशन करेंगे सम्भल के सरकारी स्कूलों के छात्र**

एवं संबंधित विद्यालयों के शिक्षक /शिक्षिकाओं का दो दिवसीय रोबोटिक्स प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र बहजोई में संपन्न हुआ, सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन की टीम के रुद्राभा मुखर्जी के द्वारा अवगत कराया गया है कि यहां के प्रशिक्षण के पश्चात ये विद्यार्थी अपने मार्गदर्शक शिक्षकों के संरक्षण में ( क्क्ळ ) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली जायेंगे और वहां के बी.टेक छात्र-छात्राओं से प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन करेंगे। बीएसए सम्भल अलका शर्मा ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के विद्यार्थीगण एवं शिक्षकगण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह के नवाचार का पहला गौरवान्वित जनपद होगा, इसके लिए पूरा बेसिक शिक्षा विभाग जिलाधिकारी संभल का सदैव ऋणी रहेगा। इस अवसर पर मुंशीलाल पटेल (खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय), मुकेश पाठक (जिला समन्वयक प्रशिक्षण) शालिनी सक्सेना (एस आर जी संभल) राजू सिंह यादव जिला विज्ञान समन्वयक सम्भल , मधुलिका सिंह, रेनू, शाहाना परवीन, अभिषेक रस्तोगी, राजू यादव, दिनेश आदि शिक्षक गण एवं नितेश यादव ,प्रिंस पाल, राधा , कोमल, माही गुप्ता, रोहित प्रिंस वर्मा लाल सिंह, अमान मेहंदी नकवी, मोहसिन, अनमोल, अयान, अनिकेत छात्र/छात्राएं रोबोटिक्स प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।



# आगामी रंग एकादशी शोभायात्रा को लेकर किया बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को श्री रस्तौगी सभा रजि० चन्दौसी द्वारा आगामी रंग एकादशी शोभायात्रा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।मीटिंग हुई। बैठक का आयोजन मन्त्री रामकिशन रस्तौगी के आवास पर किया गया। बैठक में संयोजक संजय रस्तौगी द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 116वीं रंग एकादशी शोभायात्रा 10 मार्च दिन सोमवार को दोपहर 4 बजे से निकाली जायेगी, जिसकी सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मन्त्री रामकिशन रस्तौगी ने बताया कि रंग एकादशी के दिन रंग लगाकर शोक उठाये जाते हैं तथा ब्रज में होली का शुभारम्भ भी हो जाता है। इस बार रंग एकादशी शोभायात्रा में बरसाना के कलाकारों द्वारा लट्ठमार होली कार्यक्रम, माँ काली महिषासुर युद्ध, खाटू श्याम जी की झांकी तथा अनेकों झाँकियों व फूलों की होली धूमधाम से निकाली जायेगी। रंग एकादशी शोभायात्रा का शुभारम्भ श्री खेल गोपाल मन्दिर से किया जायेगा तथा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुये पुनः श्री खेल गोपाल मन्दिर पर शोभायात्रा को सम्पन्न किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता नीरज रस्तौगी व संचालन प्रदीप रस्तौगी द्वारा किया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थिति रहे। ओमशंकर रस्तौगी, नीरज रस्तौगी, , प्रदीप रस्तौगी, विक्की रस्तौगी,कृष्णा रस्तौगी, संजय रस्तौगी, विशाल रस्तौगी, रामकिशोर रस्तौगी, आकाश रस्तौगी, संदीप रस्तौगी एडवोकेट, अमित रस्तौगी एडवोकेट, नरेन्द्र रस्तौगी, संजीव रस्तौगी, मनोज रस्तौगी, राजेश रस्तौगी, मनु रस्तौगी, अंकित रस्तौगी, गौरव रस्तौगी, मम्तेश रस्तौगी, नितिन रस्तौगी, अमित रस्तौगी, विपिन रस्तौगी, अमन रस्तौगी, हर्षित रस्तौगी, प्रदीप रस्तौगी, प्रवीन रस्तौगी, सुशान्त रस्तौगी, विपिन रस्तौगी आदि ।

# किरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** नगर के सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में किरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया।

जिसमे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किये है जिनमे डॉली वार्ष्णेय, योगरानी वार्ष्णेय, विमला शर्मा, मृदुल अग्रवाल को सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि डॉ रीता सिंह,विशिष्ट अतिथि डॉ बबिता रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ इंदु अग्रवाल ने संचालन इशिता अग्रवाल ने किया। कविता, चुटकले,डांस,हाऊजी, भजन,आदि के साथ सभी ने आनंद लिया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित समिति अध्यक्ष डॉ नीलम वार्ष्णेय ने सभी को होली एवम महिला दिवस की शुभकामनाएं दी इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद रही। शीलू जैन,मीना वार्ष्णेय, कुंजिका वार्ष्णेय, किरण वार्ष्णेय, प्राची वार्ष्णेय, डॉ टीएस पाल, अंजू गुप्ता,हेमा वार्ष्णेय, पीयूष वार्ष्णेयगायत्री दीक्षित,प्रतिभा अग्रवाल,रानी अग्रवाल, अंशु वार्ष्णेय, लक्ष्मी चौहान, अंजली रस्तोगी,अंजू अग्रवाल, मीरा अग्रवाल शालू अग्रवाल, सौरभ वार्ष्णेय,भक्ति वार्ष्णेय,पालक आदि।



# गजब की सेटिंग: तीन साल से साल्वर बन परीक्षा दे रहा था समीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** खूब चंद इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सुभाष कश्यप की साल्वर समीर राजपूत से पिछले तीन साल से सांठगांठ चल रही थी। इससे पहले भी दो बार की बोर्ड परीक्षा में भी समीर ने अन्य छात्रों के स्थान पर बैठकर इंटर की परीक्षा दी। दोनों साल्वर से पूछताछ में पुलिस को यह चौकाने वाली जानकारी हाथ लगी है।

लिहाजा, आरोपित प्रधानाचार्य की तलाश तेज कर दी गई है। जिससे पता चल सके कि इन तीनों के अलावा किस-किस की मदद से यह धंधा चल रहा था। उधर, अब से पहले किस-किस की परीक्षा में वह साल्वर बनकर शामिल हुआ, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।छात्र कौशल, प्रदीप व विकू पाल तीनों पंडित नगला स्थित खूब चंद इंटर कालेज के छात्र हैं। कौशल व प्रदीप हाईस्कूल में है। जबकि विकू पाल इंटर का छात्र है। खूब चंद इंटर कालेज का परीक्षा केंद्र ऊंचा गांव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष इंटर कालेज में है। शुक्रवार को प्रथम पाली हाईस्कूल के अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र था। चेकिंग के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दे दिया गया। आधे समय से अधिक का पेपर हो जाने के बाद परीक्षार्थियों के उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर चल रहे थे। कक्षा संख्या-2 में कौशल के हस्ताक्षर में भिन्नता दिखी तो सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि परीक्षा देने वाला कौशल नहीं डबल फाटक निवासी साल्वर समीज राजपूत है।इसी दौरान कक्ष संख्या 15 में भी साल्वर हाथ लग गया। वह प्रदीप के स्थान पर शिमलाठेर कुंदरकी निवासी विकू पाल परीक्षा दे रहा था। इसके दोनों को पुलिस को सौंप दिया गया। जानकारी पर पता चला कि खूब चंद इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सुभाष कश्यप की मिलीभगत से साल्वर परीक्षा दे रहा था। इस मामले में पुलिस ने आरोपित समीर राजपूत, बिकू पाल, प्रधानाचार्य सुभाष कश्यप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

**मानकों की अनदेखी** निर्माण कार्य के दौरान दिखने लगी दरारें, नागरिको ने जताई नाराजगी

# इंटरलॉकिंग सड़क में घटिया सामग्री का प्रयोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** नगर पालिका बहजोई के वार्ड छह में शौचालय के पास से नई इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण चल रहा है। शहर में बन रही इस सड़क में मानकों की अनदेखी की जा रही है। निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। सड़क का एक हिस्सा अभी निमार्णाधीन है। दूसरी तरफ पहले से ही दरारें नजर आ रही हैं।नाली में भी अभी से ही दरारे साफ नजर आ रहीं हैं स्थानीय निवासी ओमपाल और सोमवीर का कहना है कि घटिया निर्माण से सड़क जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी। इससे शहर वासियों को आने वाले समय में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।





ठेकेदारों की लापरवाही और भ्रस्टाचार से हर साल सड़कों के घटिया निर्माण में करोड़ों रुपए बर्बाद हो रहे हैं। नागरिको ने मांग की है कि इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण मानकों के अनुसार किया जाए। वार्ड मेंबर दर्शन कुमार ने इस तरह के घटिया निर्माण को रोकने के लिए कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क के विकास के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। इस सम्बन्ध में जब ठेकेदार से बात की तो उन्होंने कहा कि हमे जिस प्रकार से सड़क बनाने के निर्देश मिले हैं हम उसी तरह से सड़क निर्माण करा रहे हैं । **बड़ी बात** जहाँ एक तरफ कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी कह रहे हैं कि सड़क निर्माण में सिबिल इंजीनियर की भूमिका संदेहास्पद है वही ये ठेकेदार सड़क निर्माण में कह रहे हैं कि हमे इसी तरह सड़क निर्माण के आदेश मिले हैं बड़ी बात ये है कि इस तरह घटिया सामग्री के निर्माण की आखिर कोन दे रहा है आदेश।

**वर्जनः**

मामला मेरी संज्ञान में नही है में वहा जाकर देखूंगा अगर गलती की है तो दोबारा सही कराई जाएगी।

**सचिन कुमार जेई डूंडा विभाग**

# समाजवादी पार्टी के निष्क्रिय पदाधिकारी होंगे पदमुक्तः जयवीर सिंह यादव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** समाजवादी पार्टी की बैठक में पार्टी के संगठन को मजबूत किए जाने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान यह तय किया गया कि निष्क्रिय पदाधिकारियों को पदमुक्त करके नए लोगों को काम करने का मौका दिया जाएगा।



समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को मासिक बैठक हुई, जिसमें महंगाई, शिक्षा, सरकारी उत्पीड़न, व्यापार मंदी, पार्टी गुटबाजी और जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने कहा कि जिन अधिकारियों को होली और ईद पर एकरूपता दिखानी चाहिए, वे ही नकारात्मक बातें कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा शासन में सौहार्द की रक्षा कैसे होगी? उन्होंने प्रदेश में बढ़ते कर्ज, बेरोजगारी और महंगाई पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल नारा बनकर रह गया है, और महिलाएं आज कर्ज लेने को मजबूर हैं। जिलाध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों को चेतावनी दी कि जो बैठक में गैरहाजिर रहेंगे, उन्हें पद से मुक्त किया जाएगा। निष्क्रियता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों में जुटने और इच्छुक दावेदारों को आगे आने का आह्वान किया। संचालन नरेश शर्मा किया। बैठक में पूर्व विधायक हाजी रिजवान, फिरासत हुसैन गामा, नाजिम अली, अमित प्रजापति, लाखन सिंह सैनी, फुरकान अली, नाग भारती, प्रदीप यादव, धर्मेंद्र यादव, वेद प्रकाश सैनी, हसनैन अख्तर, योगेंद्र यादव, अताउर रहमान, मोईनुद्दीन, नबी हसन, विक्रम सिंह यादव, प्रेमबाबू वाल्मीकि, राम सिंह आर्य सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

# देश के लिए प्रेरणा स्रोत वनी, औरैया की बेटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** औरैया जिले की रहने वाली रीनू यादव जो अब जिला संभल में रह रही हैं और यहीं रहकर समाज सेवा कार्य कर रही है। पूर्व में जिला फिरोजाबाद में रह समाज सेवा का कार्य कर रही थी

**संभल में रह रही औरैया की रहने वाली रीनू यादव कर रही है समाज सेवा का कार्य**

रही थीं। उन्होंने यहां रहकर लोक कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किये हैं, जो जिले के लिए किसी वरदान से काम नहीं है। उनको कई बार सम्मानित भी किया गया है। बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए बहुत प्रयास किये जिसके परिणाम स्वरूप बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का देशव्यापी अभियान पूरे देश में आज आसमान की ऊंचाइयां छू रहा है। आज प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों के कागजों पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का लोगो देखने को मिल रहे हैं। लगाया जा रहा है। इनके अभियान से बेटियों के सशक्तिकरण में बहुत इजाफा हुआ है। उनकी सोच और पहल से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का लोगो लगाने के लिए उत्तर प्रदेश के कई जिलाधिकारियों ने आदेश दिए हैं।

# परिवारिक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन संगम ने किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम शामली ने दिल्ली रोड पर एक रेस्टोरेंट पर पारिवारिक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। जिसमें शुभारंभ मुख्यअतिथि अरविंद संगल चेयरमैन नगर पालिका परिषद शामली, अंकित गोयल वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मंडल, अनुज गर्ग समाजसेवी, यशपाल पवार समाजसेवी, मार्गदर्शक अरविंद द्दष्टा महाराज,अध्यक्ष डॉ राजीव बंसल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन अजय गर्ग, अनुराग जैन, मनोज धीमान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण स्कूली बच्चों द्वारा संस्कृति प्रोग्राम का आयोजन, एवं राजेंद्र चोटा एण्ड पार्टी द्वारा भी होली पर ऊपर विशेष झांकियां का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें पहलाद नाटिका, मीराबाई भजन नाटिका, बाल कन्हैया माता यशोदा से विवाह का आग्रह करते हैं, बच्चों का नाटक, आदि प्रस्तुतीकरण किया गया। एलसीडी पर सीधा





प्रसारण किया गया। संरक्षक मुकेश गर्ग एडवोकेट ने बताया इस वर्ष संगम का 38 सालों में ऐतिहासिक वर्ष रहा। जिसमें पांच भव्य प्रोग्राम पारिवारिक का आयोजन किया गया। जिसमें ऐतिहासिक भीड़ रही। सभी कार्यक्रम अलग हटकर किए गए। सुंदर रूपरेखा बनाकर। संगम संरक्षक एवं अतिथिगण ने 2025 संगम अवार्ड सत्र संयोजक विनोद मित्तल, अध्यक्ष डॉ राजीव बंसल, सचिव मोहन कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष भटनागर को दिया गया। कार्यक्रम में हास्य कविताएं, होली गीत, डीजे पर होली भजनों पर नृत्य हैं फूलों की होली का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी महिलाएं बच्चे पुरुषों ने आनंद उठाया। कार्यक्रम में अपार भीड़ रही। कार्यक्रम संयोजक महेश गुप्ता, राकेश शर्मा, संदीप चौहान, विवेक जैन, प्रभात भार्गव, शिवानु बंसल, डॉ नीरज वशिष्ठ रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ राजीव बंसल ने सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। और कहां की आपके सहयोग से ही यह सब कार्यक्रम कर पाए। जो अवार्ड हमें दिया गया वे सभी का अवार्ड है। सभी की मेहनत है। इस अवसर पर सत्र संयोजक विनोद मित्तल, अध्यक्ष डॉ राजीव बंसल, सचिव मोहन कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष भटनागर,प्रदीप बंसल , डॉक्टर अजय चौधरी, मनोज मित्तल, सुधीर कुमार सिंघल, विकास कौशिक, रवि संगल, अजय जैन, विजय शर्मा, राम भरोसे शर्मा, रामनिवास सैनी, सुभाष सैनी, दीपक शर्मा, अनिल बंसल, प्रदीप शर्मा, राजीव जैन, राजकुमार जैन, कंवर वीर कंबोज, रुपेश त्यागी, सतेंद्र शर्मा, महेश सिरोही, मनोज गोयल, विक्की मित्तल, दिनेश शर्मा, एडवोकेट विकास शर्मा, बृजपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# असलम हत्याकांड में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** दौराला रोड स्थित रेड रोज स्कूल के सामने असलम की पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों ने हत्या में जो दो बाइक प्रयुक्त की थी, उन्हें भी बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। सरधना में 6 मार्च को दौराला पुल पर बाइक टकराने को लेकर दो पक्ष में विवाद हुआ था।

इस दौरान असलम पुत्र इस्तेकार निवासी गांव पिठलोकर की पुलिस के सामने ही पीटकर हत्या कर दी गई थी। प्रकरण में पीड़ित पक्ष से रिजवान पुत्र महफूज ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल एक आरोपी रितिक पुत्र बोबी निवासी गांव बेगमाबाद सरधना को दबोच लिया था। आरोपी से पूछताछ के बाद चार अन्य आरोपियों अखिल पुत्र रामकुमार, शेखर पुत्र वीरेन्द्र, विनय पुत्र मनोज, शेखर उर्फ गोलू पुत्र कल्लू के नाम का खुलासा हुआ। पुलिस ने सभी पांच आरोपियों को खिर्वा रोड पर शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।




आरोपियों से हत्या में प्रयुक्त दोनों बाइक और दो डंडे बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ हत्या और कातिलाना हमले का मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी देहात डॉ. राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की गई, जिसमें हत्या की बात कबूली है। इस मामले में कानूनी कार्रवाई कराई जा रही है।

# बेसमेंट में मरीजों का इलाज, सुरक्षा नियमों की उड़ रही धज्जियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** शहर के कई निजी अस्पतालों ने अपने बेसमेंट को वार्ड में बदल दिया है, जहां मरीजों का इलाज किया जा रहा है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी से इन अस्पतालों में भर्ती मरीजों की जान को गंभीर खतरा है। खासकर, अति संवेदनशील एसएनसीयू (विशेष नवजात देखभाल इकाई) जैसे वार्ड भी बेसमेंट में चल रहे हैं, जिससे नवजात बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है।

शहर में कई निजी अस्पतालों ने बेसमेंट को वार्ड में बदलकर मरीजों को भर्ती करना शुरू कर दिया है। नियमों के अनुसार, किसी भी अस्पताल में बेसमेंट का उपयोग केवल पार्किंग, स्टोरेज या तकनीकी उपकरणों के लिए किया जा सकता है, लेकिन यहां मरीजों का इलाज किया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बेसमेंट में वेंटिलेशन की उचित व्यवस्था नहीं होती, जिससे मरीजों को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा, आपात स्थिति में आग लगने या अन्य हादसे की स्थिति में मरीजों को निकालना बेहद मुश्किल हो सकता है।

चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ अस्पतालों ने नवजात शिशुओं के लिए एसएनसीयू वार्ड भी बेसमेंट में बना रखे हैं। यह वार्ड उन शिशुओं के लिए होता है, जिन्हें विशेष देखभाल और ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि बेसमेंट में ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित होने पर नवजात बच्चों की जान को बड़ा खतरा हो सकता है। इसके अलावा, संक्रमण फैलने का खतरा भी अधिक रहता है। राज्य सरकार और मेडिकल काउंसिल के नियमों के अनुसार, किसी भी अस्पताल में फायर सेफ्टी मानकों का पालन करना अनिवार्य है। लेकिन बेसमेंट में बनाए गए इन वार्डों में न तो पर्याप्त आग बुझाने के यंत्र हैं और न ही उचित वेंटिलेशन की व्यवस्था। यदि किसी आपात स्थिति में आग लगती है, तो मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालना मुश्किल हो जाएगा। कई निजी अस्पतालों में बेसमेंट में बनाए गए इन वार्डों में ऑक्सीजन सिलेंडर भी रखे गए हैं, जो आग लगने की स्थिति में विस्फोट का कारण बन सकते हैं। मरीजों के परिजन भी इस स्थिति से परेशान हैं। एक मरीज के परिजन ने बताया, "हमने अस्पताल में अपने मरीज को भर्ती करवाया, लेकिन हमें यह नहीं बताया गया कि उसे बेसमेंट में रखा जाएगा। यहां हवा भी नहीं आती और बहुत घुटन महसूस होती है। अगर कुछ हो गया तो कौन जिम्मेदार होगा?"

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर भाकियू किसान सभा के पदाधिकारी आवासों में किए गए नजरबंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** रविवार को विधानसभा के सलावा गांव में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निरीक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (किसान सभा) के एलान पर पुलिस हरकत में आ गई।राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी को उनके इकड़ी गांव स्थित पैतृक आवास में ही नजरबंद कर दिया गया।सलावा में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम सकुशल हो जाने के बाद पुलिस आवास से हटी। भाकियू किसान सभा के जिलाध्यक्ष निखिल राव ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर सलावा में ज्ञापन सौंपे जाने का एलान कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस अलीपुर स्थित निखिल राव के आवास पर पहुंच गई और उन्हें घर से नहीं निकलने दिया निखिल राव ने आरोप लगाया कि प्रशासन और पुलिस किसानों की आवाज दबाने की कोशिश कर रहे हैं। किसानों की लड़ाई लगातार लड़ी जाएगी।शाम को उनके आवास के बाहर से पुलिस हटा दी गई। इस दौरान अकरम कुरैशी, शहरोज खान, सुमित मलिक, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।





# तनाव से मुक्ति के लिए एकात्म अभियान के साथ कानपुर में अग्रसर संस्था हार्टफुलनेस की टीम: रामवीर यादव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** दीघार्यु और और शारीरिक स्वस्थता के लिए अगर कोई ईश्वरीय वरदान है तो वह है योग और इस योग में भी प्राणायाम और ध्यान ही ऐसा है जो कि तनाव और चिंता से निजात दिलाने के मामले में किसी रामवाण से कम नहीं।

**भारत सरकार के संस्कृतिक मंत्रालय के निर्देश पर लगातार हो रहा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन**

दरअसल यह प्राणायाम और ध्यान योग ही है ,जो पशु मानव से मानव एवं मानव से देव मानव बनने की दशा में आगे बढ़ने में सफलता प्रदान करता है। यहां तक कि ध्यान और प्राणायाम के महत्व को समझते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार भी इस दिशा में सार्थक और सफल भूमिका निभा रही है। मसलन भारत सरकार के संस्कृतिक मंत्रालय एवं श्री राम चन्द्र मिशन हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में सहज मार्ग के संस्थापक पूज्य श्री बाबूजी महाराज की 125वीं जयंती के अवसर पर ग्रामीण स्तर पर एकात्म अभियान चलाने के लिए गए निर्णय के मुताबिक इसका उद्देश्य ध्यान और योग के माध्यम से लोगों की विचारधारा में सकारात्मक परिवर्तन कराते हुए उनके हृदय को प्रसन्न और स्वस्थ रखना है।

इस अभियान का प्रारंभ स्थानीय स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन और हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में सरसौल ब्लॉक से किया गया। दयानन्द विहार स्थित हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के ध्यान केंद्र से इसका शुभारंभ संस्थान के वयोवृद्ध स्वयंसेवक रामजी पाण्डेय एवं राम मल्होत्रा द्वारा झंडी दिखा कर किया गया।



अगर हार्टफुलनेस संस्था की बात करें तो यह कर्म और ईश्वरी सत्ता में विश्वास रखने वाले रामवीर सिंह जैसे व्यवहार कुशल समाजसेवी प्रशिक्षकों के जरिए ईश्वर साक्षात्कार की दिशा में एक सरल एवं आसान पद्धति से लोगों की परिचित कराती है। इसके अलावा हार्टफुलनेस संस्था किसानों को वायओचार के मध्यम से उनकी उपज बढ़ाने के तरीके भी बताती है।

इस दिशा में जारी सफल प्रयासों के क्रम में भारत सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश के सचिव मुकेश मेश्राम के आदेश से सीडीओ श्री मती नेहा जैन द्वारा कानपुर के प्रत्येक ग्राम पंचायत में हार्टफुलनेस के स्वयं सेवी लोगों के सहयोग से ध्यान योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाने का सिलसिला अपने आप में कम सराहनीय नहीं।

फिलहाल तनाव मुक्त और स्वस्थ जीवन के लिए हर दिन ध्यान हर दिल ध्यान ध्येय वाक्य के साथ भारत सरकार के तत्वाधान में चलाए जा रहे "एकात्म अभियान" और रामवीर सिंह तथा रंजना यादव की अगुवाई वाली संस्था हार्टफुलनेस का देश और समाज के हित में यह सफल प्रयास लगातार जारी है ,जिसके क्रम में प्रशिक्षक रामवीर सिंह, रंजना यादव, कुलदीप एवं निर्मला यादव द्वारा ग्राम पंचायत केंधा,गढ़ी सुजानपुर एवं सोना ब्लॉक कल्याणपुर के करीब 165 लोगों को तीन दिवस का प्रशिक्षण देकर स्वास्थ्य और तनाव मुक्त जीवन की दिशा में सफलता पूर्वक अग्रसर किया जा चुका है।

**खिलवाड़** — दिव्यांग बच्चों के साथ हो रहा खेल, सिस्टम फेल , छात्रों ने रो रो कर सुनाई आपबीती,सुनने वालों की आंखें हुई नम

# दिव्यांग बच्चों के भविष्य से हो रहा है खिलवाड़, विद्यालय स्टाफ, छात्रों के साथ करता है दुर्व्यवहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जहां सरकार दिव्यांग बच्चों के लिए हर सम्भव मदद देने की कोशिश कर रही है सरकार चाहती है कि दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह आगे बढाया जाय, दिव्यांग बच्चे भी आत्मनिर्भर बन सके और समाज को एक मिशाल कायम कर सके, परन्तु के द्वारा जो सुविधाएं दिव्यांग बच्चों को दी जा रही है उनका उन्हें पूरा लाभ नहीं मिल रहा है।

समय-समय दिव्यांग बच्चों के बास्ते प्रोग्राम भी आयोजित किए जाते है उनका मनोबल बढ़ाने के लिए, दिव्यांग बच्चों का पूरे मंडल में एक ही स्कूल में यहा पर पढ़ने वाले बच्चों अनेकों जनपदों से आये हुए हैं उनका बस यही सपना है कि हम पड़ लिख कर कामयाब बने किसी पर बोझ नहीं।

मंडल में जनपद संभल के रतनपुर-खुर्द में के०एस०जे०हाई स्कूल आवासीय दिव्यांग विद्यालय के नाम से संचालित हो रहा है।

**विद्यालय के बच्चों ने बताई आपबीती**

जब बच्चों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि हमे पेट भर भोजन नहीं दिया जाता,भोजन भी सही नहीं बनता अगर हम कुछ कहते है तो हमारी पिटाई की जाती है बच्चे आपबीती सुनाते सुनाते रो पड़े ऐसा दृश्य देखकर कोई भी अपने आशु रोक नही पा सकता , आखिर कार इन बच्चों का क्या दोष है अगर बह बोल नहीं सकते सुन नहीं सकते और देख नहीं सकते तो क्या यह उनका कसूर है।

**धनवान व्यक्ति, अधिकारी गण व अन्य व्यक्ति भी यहा पर देते है धनःसूत्र**

सूत्रों की मानें तो यह आये दिन धनवान व्यक्ति, अधिकारी गण व अन्य व्यक्ति इन बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए धन देकर जाते है,इसी के साथ साथ सरकार द्वारा बड़ी मात्रा में धन उपलब्ध कराया जाता है बडा सबाल आखिर इतने धन के बाबजूद बच्चों के साथ दुर्व्यवहार क्यों किया जा रहा है आखिर इसका कोन है जिम्मेदार।

**विद्यालय में भोजन मीनू चार्ट महज एक दिखावा**

विद्यालय में जो भोजन चार्ट चस्पा किया गया है बह के अधिकारियों को भिर्मित करने के लिए वनाया गया है,जो भोजन,नास्ता चार्ट पर लिखा है

उस तरह का भोजन -नास्ता वहां नही बनता।

बच्चों के लिए वह भोजन दिया जाता है इसके वह हकदार नहीं और वह भी पर्याप्त मात्रा में नहीं।

अगर हम बात करे साफ सफाई की तो शौचालय गन्दे पडे रहते है और बच्चों के आवास भी गन्दे पडे थे अगर हम छात्रों के कमरों की बात करे तो दरबजे भी टूटे पड़े हैं कोई देख-रेख नहीं जबकि विद्यालय में दो रसोईया है,दो सफाई कर्मचारी व एक आया के साथ साथ क्लर्क व अध्यापक वहां मौजूद है टोटल स्टाफ 17लोगों का है इन सभी स्टाफ का भार सरकार उठा रही है और वहा मौजूद सभी बच्चों को सरकार हर सुविधा मुहैया करा रही है,उसके उपरांत वहां छात्रों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

अगर विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगे होते तो वहां पर छात्रों के साथ जो हो रहा है वह दृश्य वो अधिकारी भी देख लेते जो यहां पर विजिट पर आते है और विद्यालय की डायरी में साफ साफ लिखकर जाते है कि व्यवस्था सही पाई गई उन्होंने कभी छात्रों की आंखों में आंखें डालकर या उनकी आपबीती बारीकी से सुनी होती।












**आखिर कोन है इन सब का जिम्मेदार**

यह छात्र जिनको इनके माता-पिता ने उनको यहां इस लिए भेजा है कि यह पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर बन सके और अपने इस हाल पर इन्हें दुखी ना होना पडे,या फिर सरकार जो इनके उज्जवल भविष्य की मामना के साथ साथ इन्हें बह हर सुख दे रही है जिसके वह हकदार है या फिर विद्यालय स्टाफ जिनके लिए इन बच्चों की जिम्मेदारी दे रखी है या फिर इस संस्था को चलाने वाला

यह अपने आप में एक बडा सवाल है कोन है जो इन छात्रों के भविष्य के साथ कर रहा है खिलवाड़।

जब इस संबंध में वहां के स्टाफ से बात की तो उन्होंने बताया की अगर खामियां देखे तो एक भी विभाग बचेगा नहीं, खामियां यहां पर भी है और हम सुधार कर रहे है आगे सब ठीक हो जाएगा और हम कोशिश करेंगे।

जो बच्चे खाने व रहने सहने की बात कर रहे है उनको घर जैसी सुविधाएं तो नही मिल सकती फिर भी हम कोशिश करेंगे।

**क्या कहना है विभागीय अधिकारी का**

जब इस संबंध में जिला दिव्यांग जन अधिकारी से बात की तो उन्होंने बताया कि मेंने स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा है और प्रत्येक दिन की रिपोर्ट भी मांगी है अगर ऐसे छात्र जो बोल नहीं सकते,सुन नही सकते,देख नहीं सकते अगर इनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है तो हम अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे और हमारे से जो भी उचित होगा उस संबंध में कार्यवाही भी की जाएगी।

**बर्जन**

अगर छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है तो हम इसकी जांच कराई जाएगी,और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे प्रत्येक दिन की अपडेट ली जाएगी और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**माधवी पांडे दिव्यांग जन अधिकारी संभल**

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 200 महिलाओं को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के नंगली सकरावती स्थित साई गार्डन में प्रजापति महासभा दिल्ली प्रदेश द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 200 महिलाओं को महिला सशक्तिकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना व दीप प्रज्वलित कर की गई थी। इस अवसर पर प्रजापति महासभा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष श्री प्रदीप चन्द्र प्रजापति, मुख्य संयोजक ओम प्रकाश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह, महासचिव अनिल बंशीवाल,परमानंद जी,मुख्य महासचिव मलखान सिंह,राजेश कुमार, महिला अध्यक्ष उषा डोरीवाल, रमेश जी, पवन जी, राम गोपाल, मुकुंद, सुरेन्द्र सेन्दी, प्रवेश बंशीवाल, जगबीर सिंह,, विजयपाल, ओम प्रकाश कैशियर, धनराज, डोरीलाल,सहित संस्था के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।




प्रजापति महासभा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष श्री प्रदीप चन्द्र प्रजापति ने बताया कि प्रजापति महासभा दिल्ली प्रदेश प्रदेश की सबसे बड़ी संस्था है इसके लगभग 10000 के आसपास सदस्य हैं। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पूरे देश और दुनिया में आज महिला दिवस को सेलिब्रेट किया जाता है। हर साल 8 मार्च को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को विश्व की महिलाओं के योगदान, उनकी त्याग व साहस को समर्पित है। इस खास दिवस को महिलाओं के मान-सम्मान, सियासत व आर्थिक क्षेत्र में उनकी तरक्की के जश्न के तौर पर मनाया जाता है। महिलाएं आज के समय पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। कला से लेकर खेल, बिजनेस व साइंस से लेकर टेक्नोलॉजी तक हर क्षेत्र में महिलाएं कदम से कदम मिला चल रही है। ऐसे में समाज में उनके इसी योगदान व साहस के लिए आज अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया है। प्रजापति महासभा दिल्ली प्रदेश मुख्य महासचिव संगठन राजेश कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरुप माना गया है और आज की नारी घर की जिम्मेदारियों से लेकर हर क्षेत्र में देश की प्रगति में योगदान दे रही है।

इस विशेष दिन पर हम उन सभी महिलाओं को सलाम करते है, जिन्होंने अपने साहस, समर्पण व मेहनत से समाज में एक मिसाल कायम की है। हर वर्ष 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है, यह दिन महिलाओं के सम्मान में समर्पित है। हम सबके जीवन में महिला की भूमिका में मां, बहन, बेटी, बहू होती है, जिनके बिना हम अधूरे हैं, स्त्री है तो संसार है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने यह कार्यक्रम आयोजित किया था।

# नहटौर निवासी को देवी दिखाकर कांठ निवासी पति पत्नी बेटी ने की1.40 करोड़ की ठगी,रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एक करोड़ चालीस लाख रूपए की ठगी करने के मामले में नगर की मां बेटी सहित पांच के खिलाफ एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ितों ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी । आरोपी मां व बेटी देवी बनती थी।जानकारी के अनुसार नहटौर के मोहल्ला धर्मशाला निवासी सीताराम सिंह का आरोप हैं तीन वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात नगर पंचायत कांठ के मोहल्ला घोसीपुरा के अशोक कुमार पुत्र फूल सिंह से हुई थी। उसने तरह तरह की बाते करते हुए उसके परिवार को जान का खतरा बताते हुए फंसा लिया। हरिद्वार, जसपुर, बैराज, गंज आदि स्थानों पर ले जाकर देवी दिखाकर एक करोड़ चालीस लाख रूपए की ठगी कर ली। आरोपी ने अपनी पत्नी व पुत्री के अलावा कई लोगों को शामिल किया गया। पत्नी व पुत्री चमकीला पदार्थ लगाकर देवी बनती थी। कई किस्तों में उसे पैसे ले लिए। उसे देवी दिखाते हुए डरा धमकाया गया। उसे उसने अपने जाल में फंसा लिया। उसने बेशकीमती दो बीघा जमीन बिकवा दी। पहले उसने दस व बीस हजार रुपए लिए। बाद में जमीन उसने एक करोड़ रूपए की बेच दी।

उससे वह रूपए भी ले लिए। इसके अलावा उससे 18 लाख व उसके रिश्तेदार से 20 लाख व उसकी पुत्री से एक लाख रूपए ले लिए। कुल एक करोड़ चालीस लाख रूपए ले लिए गए। आरोपी के घर पर गए तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया। उससे एक साजिश के तहत फंसाया गया है और उससे एक करोड़ चालीस लाख रूपए की ठगी कर ली गई।

# पुलिस की बड़ी सफलता: 17 साल से फरार चल रहे हैं पाकिस्तान के आतंकी संगठन के सदस्य को एटीएस और कटघर पुलिस ने किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** करीब 17 साल से फरार चल रहे पाकिस्तानी आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के सक्रिय सदस्य रहे उल्फत हुसैन उर्फ सैफल इस्लाम को एटीएस और कटघर पुलिस की संयुक्त टीम ने जम्मू कश्मीर स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।कोर्ट ने साल 2015 में उसके खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पांच दिन पहले ही एसएसपी ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम धोषित किया था। कटघर पुलिस ने 2002 में आरोपी उल्फत हुसैन और उसके साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन 2008 में जमानत पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया था। एटीएस और कटघर पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि कटघर थाने के तत्कालीन एसएचओ किशन सिंह तालान की टीम ने नौ जुलाई 2002 को नगर के असालतपुरा में रहने वाले जम्मू-कश्मीर में पुंछ के सूरनकोट थाना क्षेत्र के गांव फजालाबाद निवासी उल्फत हुसैन उर्फ सैफुल इस्लाम के साथ ही मूंढापांडे के सक्टूनगला निवासी मो. तकी उर्फ कारी तकी, नागफनी थाना क्षेत्र के झब्बू का नाला निवासी मोहम्मद रिजवान हैदर, रामपुर के गांव कुंवरपुर नानकार निवासी जफर आलम को गिरफ्तार कर आतंकी माड्यूल का खुलासा किया था। उस समय आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने मुरादाबाद और उत्तराखंड के रामनगर स्थित किराये के मकानों से भारी मात्रा में असलहा, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया था।

इनकी गिरफ्तारी के दो दिन बाद 11 जुलाई 2002 को इनके 5वें साथी नदीम को मझोला के जयंतीपुर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया था। पांचों ने उस समय स्वीकार किया था कि वे धार्मिल स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में बड़ी आतंकी घटना की तैयारी कर रहे थे। उस गिरफ्तारी के छह साल बाद 2008 में मुख्य आरोपी उल्फत हुसैन उर्फ सैफल इस्लाम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद से फरार हो गया था।

# पीएम श्री विद्यालयों के बच्चों का जनपद स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 11 मार्च को मुरादाबाद में होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पी०एम०श्री योजनान्तर्गत चयनित विद्यालयों में अभिभावकों/समुदाय की सहभागिता, बच्चों के सर्वांगीण विकास, विद्यालयों में नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव में वृद्धि, बच्चों में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के साथ ही आत्मविश्वास, अनुशासन और टीमवर्क की भावना विकसित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय जनपद स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 11 मार्च को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सोनकपुर स्टेडियम, मुरादाबाद में आयोजित किया जाएगा' जनपद स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय चरण में चयनित कुत 15 पी०एम०श्री० विद्यालयों से विकास खंड के पी०एम०श्री० विद्यालयों के प्रधान अध्यापक एवं विद्यालय के 10-10 बच्चे खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे' इस प्रतियोगिता में पीएम श्री विद्यालय स्टेशन रोड कांठ, पीएम श्री विद्यालय मथाना सहित अन्य विद्यालय प्रतिभाग करेंगे।




# जेल भेजे गए हाईस्कूल की परीक्षा में पकड़े दोनों सॉल्वर, पुलिस ने प्रधानाचार्य की तलाश में दी दबिश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** कटघर थाना क्षेत्र के ऊंचा गांव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की अंग्रेजी की परीक्षा देते पकड़े गए दो सॉल्वरों को शनिवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस मामले में तीसरे खूबचंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष कश्यप की तलाश में पुलिस ने दबिश दी है । पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज को पंडित नगला स्थित खूबचंद इंटर कॉलेज के हाईस्कूल और इंटर के विद्यार्थियों की परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है। शुक्रवार की सुबह की पाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी की परीक्षा में एक छात्र के स्थान पर 12वीं का छात्र बीकू पाल और दूसरे छात्र के स्थान पर बीएससी का छात्र समीर राजपूत परीक्षा देते पकड़ा गया था। इस मामले में केंद्र व्यवस्थापक मुनेंद्र सिंह की तहरीर पर कटघर थाने में खूब चंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष कश्यप और दोनों सॉल्वरों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। कटघर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि शनिवार को दोनों आरोपी सॉल्वरों को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। तीसरे आरोपी प्रधानाचार्य की तलाश की जा रही है।



# स्वास्थ्य केंद्रों पर न हो दवाओं की कमी, 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुर्जुगों के अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाएं : बृजेश पाठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश सरकार का स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर है। सामुदायिक-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्ध के साथ ही मरीजों को बेहतर उपचार दिया जाए। प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक में अपना नजरिया साफ कर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि 70 से अधिक उम्र के बुजुर्गों के अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। ई-संजीवनी व्यवस्था पर भी चिकित्सकों को जोर देना होगा। स्वास्थ्य केंद्रों पर कर्मचारियों का व्यवहार अच्छा होना चाहिए।एडी हेल्थ डा. रितु कत्याल, सीएमओ डा. कुलदीप सिंह से डिप्टी सीएम ने कहा कि सभी सीएचसी व पीएचसी और उप केन्द्र प्रतिदिन समय से खुलें। सीएमओ कार्यालय और अन्य केंद्रों पर 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। अस्पतालों में व्यवहार कुशल स्टाफ तैनात हों। 108-102 एंबुलेंस का रिस्पांस टाइम चेक करें। इससे सही स्थिति का पता चलता रहेगा।

जिला पुरुष और महिला अस्पतालों में आपरेशन के लिए भर्ती मरीजों को इंतजार न कराया जाए। किसी भी चिकित्सक और स्टाफ की शिकायत मिलती है तो उसपर तत्काल कार्रवाई करें।

# पंचायत भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी ) ।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत इमरतपुर फखरुद्दीन के पंचायत भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में ग्राम प्रधान दिलशाद हुसैन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बुके देकर व माला पहनाकर उनका अभिवादन किया और उपहार भेंट किए। इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है।

हर क्षेत्र में महिलाएं बराबर का काम कर रही है।





# खानकाहे आलिया में सात रोज में कुरान ए करीम हुआ मुकम्मल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर के मौहल्ला नरूल्ला मे स्थित खानकाहे आलिया में शुक्रवार को रात में तरावीह की नमाज में कुरान ए करीम मुकम्मल हुआ। तरावीह की नमाज में कुरान ए करीम हाफिज वसीम ने पढ़ा और कुरान ए करीम हाफिज उवैस ने सुना। इस मौके पर खानकाहे आलिया में कौम और मुल्क की सलामती और तरक्की की दुआ मौहम्मद हाशिम मियां साबरी ने की। लोगों ने हाफिज वसीम और हाफिज उवैस के गले में फूलों के हार डालकर गुलपोशी की और तोहफे दिये। खानकाह ए आलिया की इंतजाम कमेटी ने तबर्रुक भी तकसीम किया । इस मौके पर आलम मियां साबरी, आजम मियां साबरी, हाजी माजिद साबरी, अहमद अली साबरी, हकीम हीरा साबरी, बबलू साबरी, सैफू साबरी, फैजान साबरी, फैजान साबरी, दिले हसन साबरी, परवेज साबरी, शकील साबरी, अजीम साबरी, कासीर तादात में मौजूद रहे।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छात्राओं ने रंगोली बनाकर आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी) ।** तहसील के गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में विश्व महिला दिवस पर छात्राओं ने रंगोली बनाकर अतिथियों का स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। नितल चिंकी निशा रजनी रिया आदि छात्रों ने "ममता सेवा त्याग ही इनकी पहचान है, इनके हौसले से हर मुश्किल आसान है" गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में बालिकाओं में जोश भर दिया।

## आज के दौर में नारी अबला नहीं साबला है: राजवाला

विश्व महिला दिवस कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुई। देहरादून से पहुंची सामाजिक महिला संगठन की अध्यक्ष राजबाला सिंह ने विश्व के विभिन्न क्षेत्र में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्यार प्रकट करते हुए कहा कि इस दिन को महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष में हर वर्ष 8 मार्च को उत्सव के तौर पर मनाया जाता है ।आगे कहा कि आज महिलाएं विज्ञान, खेल, राजनीति, शिक्षा किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। क्रिकेट का खेल तथा सेना की सेवा महिलाओं के लिए मुश्किल मानी जाती थी। जिसमें आज हमारी बेटियां अपना परचम लहरा रही है। आज के दौर में अब नारी अबला नहीं सबला है। प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ,उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल तथा दिल्ली मुख्यमंत्री आदि का उदाहरण देते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। हमें उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव,अनिल कुमार, सुषमा राघव , परीक्षा राघव, मगन , रजनी,राधा देवी, दीपा सिंह, सहित अनेकों मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती ममता देवी तथा संचालन प्रियंका ने किया।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : मेधावी छात्राओं एवं महिलाओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर (द्वितीय) में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया 'इस अवसर पर विद्यालय की मेधावी छात्रा एवं बच्चों की माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया'

## माता संस्कारों की जननी, देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान : प्रियंका चौधरी

विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि देश की तरक्की में महिलाओं का योगदान अहम है महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी के साथ आगे बढ़ रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं उन्होंने माता को संस्कारों की जननी बताया, ' अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर बालिकाओं को महिला दिवस के उद्देश्य, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया' अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम सलेमपुर की वरिष्ठ आंगनवाड़ी( महताब जैदी ), आंगनवाड़ी कार्यकत्री सुषमा देवी, पूनम कुमारी, ए एन एम सोनम कुमारी एवं अभिवावक माता रूही परवीन, शिक्षिका पारुल चौधरी,आसमा, विद्यालय रसोईया को महिला दिवस पर अच्छे कार्य एवं सहयोग के लिए पुरुस्कृत किया गया' विद्यालय की पूर्व छात्र पारुल, अल्तशा जिन्होंने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में अच्छा स्थान प्राप्त किया, छात्र जैबी परवीन पुत्री राजिक दाद खाँ ने इंस्पायर अवार्ड मे स्थान प्राप्त किया उन्ही की पुत्री जारा परवीन (पूर्व प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय की छात्रा है) वर्तमान में कक्षा दस की छात्रा है ( राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में पूर्व में स्थान प्राप्त कर चुकी है ) इन सभी छात्राओं को ग्राम सलेमपुर का नाम रोशन करने के लिए पुरस्कार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई'रुही परवीन के द्वारा प्रभारी प्रधान अध्यापिका प्रियंका चौधरी को धन्यवाद दिया साथ ही यह भी कहा कि इन छात्रों की नींव प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय के द्वारा मजबूत की गई क्योंकि प्राथमिक शिक्षा छात्र के जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं ' प्रियंका चौधरी एंव शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है 'प्रभारी प्रियंका चौधरी ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया।






# बोर्ड परीक्षा : विभिन्न परीक्षा केदो पर शनिवार को 341 परीक्षार्थी रहे गैर हाजिर, एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** यूपी बोर्ड परीक्षा नगर व क्षेत्र के 13 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में चली। हाईस्कूल 101 और इंटरमीडिएट में 240 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षाओं की दोनों पालियों में एसडीएम संत दास पंवार ने नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, धर्म सिंह इंटर कॉलेज चेतरामपुर, राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर मुजफ्फरपुर आदि परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया और कैमरों के संचालन को देखा। डीएसएम इंटर कॉलेज उप संकलन केंद्र प्रभारी रामसागर ने" बुलंद संदेश" को बताया कि सुबह की पाली में हाईस्कूल गृह विज्ञान की परीक्षा थी, जिसमें पंजीकृत 1516 में से 1415 परीक्षार्थी उपस्थित और 101 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में दोपहर को हाईस्कूल कंप्यूटर की परीक्षा में 139 में सभी उपस्थित रहे। इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान की परीक्षा में पंजीकृत 2900 में से 2740 उपस्थित और 160 अनुपस्थित रहे। समाज शास्त्र की परीक्षा से 905 में से 823 उपस्थित और 82 अनुपस्थित रहे।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | नागरिक एकता परिषद की ओर से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

# महिला दिवस पर महिला सुरक्षा शिक्षा का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी)।** महिला दिवस कार्यक्रम की शुरूआत निशा यादव ने गाना बहना चेत सको तो चेत जमानो आयो चेतन रो। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विचार रखते हुए कहा कि हम लोग 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाते है पर सवाल उठता है कि हम लोगो ने 8 मार्च को ही यह दिन क्यों चुना। पहले महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले शारीरिक एवं बौद्धिक स्तर पर कमतर आंका जाता था यह साधरण घरों में व संभ्रांत परिवारों में भी और यह आज भी जारी है। परन्तु पहले कुछ ज्यादा होता था। फ्रांसीसी क्रांति के दौरान रेपब्लिको ने यह मांग की की। असल मे महिला दिवस मजदूर आंदोलन से ही उपजा है 1908 में 15 हजार महिलाओं ने एक न्यूयॉर्क शहर में एक मार्च निकाली और मांग रखी कि हमारे काम के घण्टे कम करो और बेहतर वेतन की व्यवस्था की जाए साथ ही मतदान करने का अधिकार भी महिलाएं मांग रही थी। ठीक एक वर्ष बाद अमेरिका में सोशलिस्ट पार्टी ऑफ अमेरिका ने 28 फरवरी 1909 को पहला महिला दिवस घोषित कर दिया इसी 28 फरवरी 1917 को सोवियत संघ ने राष्ट्रीय महिला अवकाश घोषित कर दिया। एक महिला क्लारा जेड किम 1910 कोपेनहेगन कामकाजी महिलाओं कॉन्फ्रेंस महिला दिवस मनाने का सुझाव रखा गया। 17 देशों के लोगो शामिल हुए और 100 महिलायें शामिल हुई। उन्ही 100 महिलाओं ने यह सुझाव रखा कि हमे इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाना चाहिये। 1975 में ४ल्लं३ी ल्लं३्नल्ल ल्ली एक थीम के रूप में मनाना शुरू कर दिया। 8 मार्च साल 1917 में महिलाओं ने ब्रेड एंड पीस की मांग कर हड़ताल की थी वही से यह दिन प्रकाश में आया और 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाने लगा। कार्यक्रम का संचालन निशा यादव ने किया अध्यक्षता मिथलेश यादव साक्षी सिहारी लड्डा, लक्ष्मी, नेहा, अंगिता, खुशबू, विनीता शिवानी, अनिता अन्नू, ममता, कमलेश यादव बवीता आदि ने विचार रखे।



# कांठ का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) 20 केवीए सोलर पैनल लगने से होगा जगमग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश की स्कूली शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) को भी अत्याधुनिक बनाने की कवायद तेज हुई है। इस क्रम में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस व आईसीटी लैब के बाद अब यहां पर न सिर्फ स्टेम लैब स्थापित की जाएगी। बल्कि कांठ सहित प्रदेशकी 48 डायट सोलर से भी जगमग होंगी। इससे उनका काफी बिजली का बिल बचेगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से इसके लिए केंद्र सरकार की प्रोजेक्ट एडवायजरी बोर्ड (पीएबी) को प्रस्ताव भेजा गया था।पीएबी ने 48 डायट में 20-20 केवीए का सोलर पैनल लगाने की सहमति दे दी है। इसके लिए कुल 11.25 करोड़ के बजट की स्वीकृति दी गई है। इसी क्रम में एससीईआरटी में भी दो नए सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे डायट और एससीईआरटी में काफी बिजली भी बचेगी।एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक पवन सचान के मुताबिक पीएबी ने सभी 70 डायट में साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एंड मैथ्स (स्टेम) लैब बनाने की भी सहमति दी है। इससे छात्र प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों के माध्यम से इन क्षेत्र की पढ़ाई व नवाचार कर सकेंगे। इससे वह परिषदीय विद्यालयों के लिए भी बेहतर काम कर सकेंगे। इस लैब से शिक्षकों को भी लाभ होगा।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# महारानी के चौथे सीजन का ऐलान, रानी भारती बन लौट रहीं हुमा कुरैशी, टीजर आया सामने

हाल ही में 'महारानी सीरीज के चौथे सीजन का टीजर रिलीज किया गया है, जिसमें हुमा कुरैशी सामाजिक और राजनीतिक उलझनों से लड़ती नजर आएंगी। महारानी के इस सीजन को दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव के यूट्यूब पर महारानी के चौथे सीजन का टीजर रिलीज किया गया है और हुमा ने भी अपने इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया है। 50 सेकेंड के इसके टीजर में हुमा कुरैशी रानी भारती के किरदार में दिखने वाली हैं, जो बिहार की प्रधानमंत्री हैं। इसके टीजर में हुमा बिहार को अपना परिवार बता रही हैं और कह रही हैं अगर किसी ने उनके परिवार को नुकसान पहुंचाया तो वह उसकी सत्ता हिलाकर रख देंगी। साथ ही इसमें हुमा को चुनौतियों से लड़ते हुए दिखाया गया है। महारानी सीरीज का चौथा सीजन सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों से भरा नजर आ रहा है। महारानी वेब सीरीज के चौथे सीजन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इससे फैंस की बेसब्री सीरीज को लेकर और बढ़ चुकी है। हालांकि, अभी तक सीरीज के रिलीज डेट को लेकर कोई आधिकारिक सूचना नहीं आई है। महारानी सीरीज 2021 में सोनी लिव पर शुरू हुई थी। इस शो में हुमा कुरैशी ने रानी भारती का किरदार निभाया था, जो एक साधारण और अनपढ़ गृहिणी थी। वह अचानक अपने पति भीमा (सोहम शाह) के चोटिल होने के बाद बिहार की मुख्यमंत्री बन जाती है। फिर इसी के आधार कहानी को आगे बढ़ाया जाता है। इस सीरीज का दूसरा सीजन जुलाई 2022 में आया, वहीं तीसरा सीजन पिछले साल मार्च में आया था। पुनीत प्रकाश के निर्देशन में बनी महारानी का चौथा सीजन जल्द ही दर्शकों के बीच में आने वाला है।


# वेब सीरीज अक्का से कीर्ति और राधिका का फर्स्ट लुक आउट

कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे अभिनीत अक्का का पहला लुक जारी कर दिया गया है, और यह इतना अच्छा है कि इसे मिस नहीं किया जा सकता। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित आगामी वेब सीरीज की घोषणा नेटफ्लिक्स द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में की गई। फर्स्ट लुक वीडियो में दमदार कीर्ति सुरेश को अपनी गर्ल गैंग के साथ लोगों से भरे कमरे में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है, जबकि राधिका आप्टे को उनके ऑफिस में एक बड़ी कुर्सी पर बैठे हुए दिखाया गया है। वीडियो में सोने की छड़ें, बंदूकें और गहन दृश्यों की झलक भी दिखाई गई है, जो एक रोमांचक सवारी के लिए माहौल तैयार करती है।1980 के दशक में दक्षिण भारत के काल्पनिक शहर पनुर्रु में सेट की गई अक्का गैंगस्टर रानियों की कहानी है, जिनके मातृसत्तात्मक शासन को तब चुनौती मिलती है जब कोई बाहरी व्यक्ति एक अदृश्य खतरा लेकर आता है। यह सीरीज कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सत्ता के लिए संघर्ष करते हैं, और शक्तिशाली महिलाओं की एक दुनिया को एक साथ लाते हुए दिखाती है। यह शो गेम-चेंजर होने का वादा करता है, राधिका आप्टे ने इसे इसके केंद्र में उग्र और शक्तिशाली महिलाओं का शो कहा है। बेबी जॉन के साथ हाल ही में बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने वाली कीर्ति सुरेश ने अक्का को सफल बनाने के लिए वाईआरएफ को धन्यवाद दिया। उन्होंने इस सीरीज को एक पूरी तरह से अलग दुनिया बताया, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। राधिका आप्टे, जो हाल ही में माँ बनने के कारण इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकीं, ने एक वीडियो संदेश भेजकर अक्का को गेम-चेंजर कहा। इस सीरीज का निर्देशन नवोदित धर्मराज शेट्टी कर रहे हैं ।



# छावा की कमाई में आया उछाल, 20वें दिन बॉक्स ऑफिस पर हुआ कमाल, तीसरे वीकेंड 500 करोड़ पक्के?

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा छावा ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 20 दिन पूरे कर लिए हैं. फिल्म छावा का भौकाल अभी तक जारी है. छावा भारत में 500 करोड़ रुपये कमाने वाली फिल्मों की लिस्ट में शुमार होने जा रही है. वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर छावा पहले ही 600 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है. हालांकि दूसरे वीक के बाद से छावा की कमाई में गिरावट जरूर आई है, लेकिन थिएटर्स में दर्शक अभी भी जुट रहे हैं. छावा ने 20 वें दिन कितना कलेक्शन किया और भारत में कुल कितना पैसा कमा लिया आइए जानते हैं। सैकनिल्क के अनुसार, छावा की



कमाई में तीसरे सोमवार के बाद से गिरावट देखी जा रही है. छावा ने तीसरे रविवार 24.25 करोड़ रुपये थे और फिर सोमवार को 7.75 करोड़ और मंगलवार को 5.4 करोड़ रुपये की कमाई की थी. अब सैकनिल्क की मानें तो फिल्म की कमाई में बुधवार को थोड़ा उछाल आया है. फिल्म छावा ने 20वें दिन 5.75 करोड़ रुपये (अनुमानित) कमाए हैं. इसी के साथ छावा का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कलेक्शन 477.65 करोड़ रुपये का हो गया है, लेकिन कहा जा सकता है कि तीसरे वीकेंड तक छावा 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू सकती है। छावा के बारे में बता दें कि विक्की कौशल को संभाजी महाराज और रश्मिका मंदाना को येसूबाई भोसले के किरदार में देखा जा रहा है. फिल्म में अक्षय खन्ना मुगल शासक औरंगजेब के रोल में हैं. फिल्म को लक्ष्मण उटेकर ने डायरेक्ट किया है. मडोक फिल्म्स बैनर तले बनी फिल्म के निमार्ता दिनेश विजान हैं।

# श्रुति हासन ने बताई अपनी जिंदगी की कहानी

अभिनेत्री श्रुति हासन ने अपनी जिंदगी की कहानी शेयर की है और बताया है कि वह सुबह जल्दी उठने वाली व्यक्ति नहीं हैं। सिने आइकन कमल हासन की बेटी श्रुति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर श्रुति की एक सेल्फी लग रही है जिसमें वह कार की पिछली सीट पर बैठी हैं। उनके बाल गीले हैं और बहुत कम मेकअप में उनका लुक नेचुरल लग रहा है। फोटो में वह थोड़ी गंभीर दिख रही हैं। तस्वीर के नीचे लिखा है, मैं सुबह जल्दी नहीं उठती। मेरी जिंदगी की कहानी। श्रुति की ब्रिटिश मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म 'द आईइ ने 5वें वेंच फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग फीचर के रूप में भारत में अपना प्रीमियर किया।

ग्रीस के लुभावने परिदृश्यों पर आधारित, 'द आईइ में श्रुति ने डायना का रोल निभाया है। कहानी में डायना की भावनात्मक यात्रा दिखाई गई है जिसमें उनके पति का देहांत हो चुका है। फिल्म का निर्देशन डेफ्ने श्मोन ने किया है और इसका निर्माण फिंगरप्रिंट कंटेंट ने किया है। यह श्रुति हासन की बहुप्रतीक्षित अंतर्राष्ट्रीय शुरूआत है। सपना भवनानी द्वारा स्थापित, वेंच फिल्म फेस्टिवल भारत का अग्रणी मंच है जो हॉरर, साइंस-



फिक्शन और फंतासी सिनेमा को समर्पित है। मनोवैज्ञानिक थ्रिलर, द आई एक गहन सिनेमाई अनुभव प्रदान करती है, जो दर्शकों को रोमांचित करता है।

इसकी पटकथा अवार्ड विनिंग लेखका एमिली कार्लटन ने लिखी है और इसमें अंतर्राष्ट्रीय स्टार मार्क रोली, ब्रिटिश अभिनेता अन्ना सव्वा और लिंडा मार्लो भी हैं।

फिल्म के बारे में बात करते हुए, श्रुति ने पहले साझा किया था कि जिस क्षण उन्होंने स्क्रिप्ट पढ़ी थी, उन्हें पता था कि यह फिल्म उसके लिए बनी है। मैं हमेशा ऐसी कहानियों की ओर आकर्षित हुई हूं, जिसमें प्रेम, अंधकार और आत्म-खोज जैसे विषय होते हैं, ऐसी अवधारणाएं जो मेरे साथ गहराई से गूंजती हैं। द आई ने मुझे स्क्रीन पर उन भावनाओं को उतराने का मौका दिया, और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने से अनुभव और भी खास हो गया।

# अनुपम खेर की फिल्म तुमको मेरी कसम का ट्रेलर जारी, 21 मार्च को सिनेमाघरों होगी रिलीज


पिछली बार अनुपम खेर फिल्म इमरजेंसी में नजर आए थे, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। काफी समय से अनुपम अपनी आगामी फिल्म तुमको मेरी कसम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान विक्रम भट्ट ने संभाली है। इस फिल्म के निमार्ता महेश भट्ट हैं। अब निमार्ताओं ने तुमको मेरी कसम का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसकी कहानी कोर्ट रूम ड्रामा पर आधारित है। अनुपम के साथ तुमको मेरी कसम में अदा शर्मा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। ईशा देओल और इश्वाक सिंह जैसे कलाकार भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। ट्रेलर में तमाम सितारों की झलक दिख रही है।तुमको मेरी कसम एक पारिवारिक ड्रामा है, जो इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ अजय मुर्डिया के जीवन से प्रेरित है। यह फिल्म 21 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।




# जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला बड़ा तोहफा, आरसी16 से पहली झलक आई सामने

अभिनेत्री जान्हवी कपूर के 28वां जन्मदिन के खास दिन पर इनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरसी 16 के निमार्ताओं ने एक्ट्रेस का एक लुक रिलीज करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।

साउथ इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता राम चरण और बॉलीवुड की अभिनेत्री जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म 'आरसी 16 का पहला लुक सामने आया है। यह लुक एक्ट्रेस जान्हवी के जन्मदिन का खास तोहफा है, जो वृद्धि सिनेमा द्वारा शेयर किया गया है। इसमें एक्ट्रेस ट्रैक पैंट के साथ टीशर्ट पहने हुए दिख रही हैं और वह हाथ में एक बकरी लिए खुशी से झूम रही हैं। यह दृश्य गांव का है, जो फिल्म का एक बिहाइंड दी सीन है। हालांकि, इसमें एक्ट्रेस के किरदार के बारे में कोई खुलासा नहीं किया गया है।



अभिनेत्री जान्हवी कपूर की पहली तेलुगु फिल्म देवरा थी। उसके बाद एक्ट्रेस की यह दूसरी तेलुगु फिल्म है, जिसका लोगों को बेसब्रसी से इंतजार है। इस फिल्म में कई बड़े कलाकार भी शामिल हैं। बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही फिल्म जल्द ही शीर्षक से भी पर्दा उठाने की योजना बना रही है। फिलहाल इस फिल्म का अस्थाई नाम आरसी 16 रखा गया है और कहा जा रहा है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जिसमें क्रिकेट मुख्य विषय होगा। हाल ही में क्रिकेट से जुड़े कुछ मुख्य दृश्यों की शूटिंग एक विशेष रूप से बनाए गए स्टेडियम सेट में की गई। इस फिल्म में राम चरण बिल्कुल नए लुक में नजर आएंगे, जिसका संगीत एआर रहमान ने दिया है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर को मुख्य भूमिका में हैं, जो राम चरण के साथ उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म का निर्माण पुष्पा के बैनर माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जा रहा है। इनके अलावा कन्नड़ सुपरस्टार शिवराजकुमार जगपति बाबू, दिव्या शर्मा भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

# रिवीलिंग साड़ी पहन सोफी चौधरी ने दिखाई दिलकश अदाएं, लेटेस्ट फोटोज ने सोशल मीडिया का बढ़ाया तापमान

बॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर सोफी चौधरी हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपन ओर खींचती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने बलखाती हुई अदाओं में पोज देते हुए अपना हॉट फोटोशूट करवाया है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छा गई हैं।


एक्ट्रेस सोफी चौधरी हमेशा अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर फैंस के बीच चचाएं बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

इन फोटोज में आप देख सकते है एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने रिवीलिंग लुक में सिल्वर कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

खुले बाल को स्टाइलिश लुक



देकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये कातिल अवतार देखकर फैंस फिर से दीवाने हो गए हैं। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस सोफी चौधरी अपने हर एक अंदाज में कहर ढाती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

# अच्छे और बुरे दोस्त की पहचान पर गुफ़्तगू की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** रमजान की पुर बरकत फजा में शहर ए लखनऊ और अतराफ ए लखनऊ में बरपा होने वाले दीनी व समाजी क्लासेज

### "महदवी समाज" दीनी क्लासेज का दसवां दौर

अपने पूरे जोर ओ शोर से मुख्तलिफ मकामात पर जारी हैं जिसमें शिरकत करने वालों की तादाद तकरीबन दो हजार से ज्यादा हो चुकी है जिसमें खवातीन के दीनी व समाजी जज्बे को देख कर खुशी हो रही है। रोज ब रोज क्लासेज मे जॉइन होने के लिए एप्लीकेशन आ रही हैं जिसको जिम्मेदार लोग कुबूल नहीं कर सकते क्यूंकि सबके के लिए इंतेजाम करना एक साथ मुश्किल काम है और इस 3 नयी जगहों पर क्लासेज शुरू हुए हैं जिसमें गोला गंज, अली गंज, इंद्रा नगर हैं। कल के लेक्चर में टीचर्स ने जवानों को एक अहम मसले पर तवज्जो दिलाई, अच्छे और बुरे दोस्त की पहचान पर गुफ़्तगू की जो जवानों की जरूरत भी है. और उनके फ्यूचर की कामियाबी और नाकामी काफी हद तक अच्छे और बुरे दोस्त की सुहबत से ताल्लुक रखती है।




मौलाना सईद उल हसन साहब ने कर्बला दयानत उद्दौला में अपने लेक्चर मे अच्छे दोस्त के मेयारात बताते हुए कहा कि इंसान तन्हा नहीं रह सकता लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि वो हर एक को अपना दोस्त समझ कर अपने राज को बता दे ब्लकि दोस्त बनाते वक़्त यह देखना जरूरी है कि वो कितना हमदर्द है, हमारे नफा ओ नुकसान मे कितना शरीक है, सच्चा है कि नहीं, वादा पूरा करने वाला है कि नहीं, अकलमंद है कि नहीं, जज्बाती तो नहीं है, अपने गुनाहों को सबसे बताता तो नहीं है या हमारी गलतियो की तरफ तवज्जो दिलाता है कि नहीं! जो ऊपर बयान किया गया यह सब दोस्त की निशानियाँ हैं. मौलाना ने इमाम (अस) की हदीस को कोड किया कि इमाम फरमाते हैं कि बुरे दोस्त से दोस्ती करने से बचो नहीं तो तुम को पता भी नहीं चलेगा कि कब तुम उसके रंग में रंग गए हो. क्लास के आखिर मे इमाम जमाना (अस) की खिदमत मे सलाम आका सलाम मौला की आवाजों पर खत्म हुआ।

# प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोध को सत्ता समर्थन में बदला: नड्डा

**दिल्ली।** भाजपा प्रमुख यहां स्वामी विवेकानंद मैदान में राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए पिछले तीन लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के पक्ष में बढ़ते मत प्रतिशत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, अब मोदी ने सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। सत्ता समर्थक भावना का मतलब है कि लोग खुश हैं और चाहते हैं कि मोदी बार-बार जीतें। नड्डा ने कहा, भाजपा को 2014 लोकसभा चुनाव में 17 करोड़ वोट (31.30 प्रतिशत) मिले थे, जो 2019 में बढ़कर 22 करोड़ (36.7 प्रतिशत) हो गये। पिछले लोकसभा चुनाव (2024) में यह आंकड़ा करीब 24 करोड़ वोट (37 प्रतिशत) था। लोग हर बार मोदी जी को अधिक मतों से आशीर्वाद दे रहे हैं। भाजपा प्रमुख यहां स्वामी विवेकानंद मैदान में राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की तुलना में मोदी काल में कर हस्तांतरण में पांच गुना वृद्धि हुई है।

# मेदांता लखनऊ ने शुरू की 'होम सैंपल कलेक्शन' सेवा, 60 मिनट में घर से होगा सैंपल कलेक्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने के लिए मेदांता लखनऊ ने होम सैंपल कलेक्शन सेवा शुरू की है। मेदांता लैब्स के तहत मरीजों को 60 मिनट के भीतर घर से ही सैंपल कलेक्ट कराने की सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें अस्पताल जाने की आवश्यकता कम होगी। रविवार को शहीद पथ, पावर हाउस के पास, हरिहरपुर, लखनऊ में इस सेवा का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. राम कीर्ति सरन ने इसे स्वास्थ्य सुविधाओं को घर-घर तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, "यह सेवा बुजुर्गों, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों और व्यस्त जीवनशैली वाले लोगों के लिए लाभकारी साबित होगी। अब मरीजों को केवल एक कॉल पर घर बैठे जांच की सुविधा मिलेगी, जिससे उनका समय और ऊर्जा बचेगी।"मरीज इस सेवा का लाभ ऑनलाइन बुकिंग या कस्टमर केयर हेल्पलाइन के माध्यम से उठा सकते हैं। बुकिंग के तुरंत बाद अस्पताल की टीम प्रशिक्षित फील्ड एजेंट को मरीज के घर भेजेगी, जो पूरी सावधानी के साथ सैंपल एकत्र करेगा। यह सेवा कई लाभ प्रदान करती है, जिनमें त्वरित सैंपल कलेक्शन, शीघ्र रिपोर्ट प्राप्ति और प्रशिक्षित पेशेवरों द्वारा उच्च स्तर की स्वच्छता व सुरक्षा शामिल हैं।



सेवा का संचालन कर रहे श्री राहुल सिंह ने बताया, "इस पहल से मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं घर बैठे मिलेंगी।" यह सुविधा उन मरीजों के लिए विशेष रूप से मददगार होगी, जो समय की कमी या स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल नहीं जा सकते।

# लखनऊ कैंट में नर्सिंग कॉलेज का वार्षिक दिवस स्पंदन आयोजित हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** कमान अस्पताल, मध्य कमान, लखनऊ के नर्सिंग कॉलेज ने 08 मार्च 2025 को लखनऊ छावनी स्थित मेजर एलजे सिंह एसी ऑडिटोरियम में प्रतिभा और सौहार्द के शानदार प्रदर्शन के साथ अपना वार्षिक दिवस, स्पंदन मनाया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शाम में नवोदित सैन्य नर्सों की पाठ्येतर गतिविधियों के प्रति गहरी रुचि दिखाई गई। मुख्यालय मध्य कमान के मेजर जनरल सुब्रतो सेन, एसएम, एमजी मेड ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिभाशाली नर्सिंग छात्रों द्वारा प्रस्तुत शानदार प्रदर्शन के साथ हुई। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। मेजर जनरल सुब्रतो सेन ने नर्सिंग कैडेट मधु कुमारी को कॉलेज कलर्स और सप्ताह भर चलने वाली अंतर-हाउस प्रतियोगिताओं जिसमें कला, नाटक और साहित्यिक प्रतियोगिताएं शामिल थीं, में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए सिग्नस हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस ट्रॉफी प्रदान की। मेजर जनरल सुब्रतो सेन ने प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी नर्सिंग छात्रों को बधाई दी और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की पाठ्येतर गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। इस समारोह में लखनऊ गैरीसन के वरिष्ठ सेना अधिकारी और नागरिक गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।





# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने रक्तदान अभियान का आयोजन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने "लाइफ्स गुड व्हेन लाइफ्स शेयर्ड" नामक पैन इंडिया मेगा रक्तदान अभियान के माध्यम से समुदाय में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह पहल स्वैच्छिक रक्तदान को प्रेरित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है और अब तक भारत भर में 50 से अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। फरवरी 2025 में ही लगभग 5,000 पंजीकरण किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 3,000 से अधिक रक्त यूनिट्स का दान हुआ। इस अभियान को युवाओं का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है, जिसमें छात्र, ठरर सदस्य और यहां तक कि शिक्षकों ने भी इस नेक कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया है। रक्तदान शिविर विभिन्न शहरों में आयोजित किए गए, जिनमें दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, लुधियाना, चंडीगढ़, रांची, सीकर, कोलकाता, मणिपाल, सूरत, राजकोट, अहमदाबाद और अन्य शहर शामिल हैं। यह शिविर मार्च 2025 तक आयोजित किए जाएंगे, ताकि यह पहल और भी अधिक समुदायों तक पहुंचे। यह सीएसआर पहल, केयर टुडे फंड के साथ साझेदारी में, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया की सामाजिक जिम्मेदारी और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।




# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः आईफा ने महिलाओं के सिनेमा में योगदान को खास अंदाज में मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जयपुर।** आईफा के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन के तहत जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक खास इवेंट हुआ। 'द जर्नी ऑफ वुमन इन सिनेमा' नाम के इस इवेंट में बॉलीवुड की

### 'द जर्नी ऑफ वुमन इन सिनेमा'- माधुरी दीक्षित और गुनीत मोंगा संग खास बातचीत

दिग्गज अदाकारा माधुरी दीक्षित और ऑस्कर विजेता प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने अपने अनुभव साझा किए। बातचीत को आईफा की वाइस प्रेसिडेंट नोरीन खान ने होस्ट किया।माधुरी दीक्षित ने अपने 39 साल के करियर के अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे महिलाओं के किरदार समय के साथ मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब महिला किरदार सिर्फ सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे कहानी का केंद्र भी बन रही हैं। वहीं, गुनीत मोंगा ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने संघर्ष, ऑस्कर जीतने के सफर और महिला नेतृत्व के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है और यह बदलाव भविष्य के लिए उम्मीद जगाता है।

इस चर्चा में महिलाओं के बदलते किरदार, उनकी चुनौतियों और उनके बढ़ते प्रभाव पर बात हुई। दोनों ने अपने सफर की कहानियाँ साझा कीं, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिली। नोरीन खान ने कहा,"आईफा के 25 साल पूरे होने पर, हम सिनेमा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ह्यद जर्नी ऑफ वुमन इन सिनेमाह्न सिर्फ एक चर्चा नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। जब हम हिम्मत, रचनात्मकता और नेतृत्व की कहानियाँ साझा करते हैं, तो हम सिर्फ सफल महिलाओं का जश्न नहीं मनाते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करते हैं। आईफा ऐसे मंच, इवेंट और साझेदारियों के जरिए बदलाव की दिशा में काम करता रहेगा, जहाँ हर आवाज सुनी जाए और ह्यमैं बदलाव ला सकती हूँ का संकल्प एक सामूहिक शक्ति बने।




यह कार्यक्रम 7 मार्च, 2025 को हयात रीजेंसी, जयपुर में भव्य रूप से आयोजित हुआ और भारतीय सिनेमा में महिलाओं की ताकत व योगदान का जश्न मनाने का एक शानदार अवसर बना।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने अपने वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव संकेत 2025 का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** दो दिवसीय इस भव्य आयोजन में गाजियाबाद के विभिन्न संस्थानों के कई छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इसके बाद ग्लोबल फ्यूजन थीम पर फैशन शो और सेलिब्रिटी गायक दीप मनी द्वारा लाइव कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया, जिसमें दर्शकों ने अपनी शानदार और यादगार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि डी.एस. चौहान आई.पी.एस., आई.जी. सेवानिवृत्त, निदेशक यू.पी. क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया, अतिथि कुलाधिपति-एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी श्री महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष- अखिल अग्रवाल उनकी पत्नी श्रीमती शैली अग्रवाल, कुलपति-प्रोफेसर (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार, प्रो वीसी पीयूष श्रीवास्तव, (सेवानिवृत्त आई.जी), रजिस्ट्रार-डॉ. राजीव रतन, उप निदेशक और सांस्कृतिक समिति प्रमुख-डॉ. दीपा कंवर, चीफ प्रॉक्टर संदीप सिंह, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, सुभाष शर्मा द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान सभी प्राचार्य/निदेशक के साथ-साथ सभी संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे। मुख्य अतिथि-श्री डी.एस. चौहान ने विविधता, समावेशिता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में सांस्कृतिक उत्सवों के महत्व पर जोर दिया।








# कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के भारतीय मेधावी छात्र रियाज़ुल के शोध से प्रवाहित हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पटियाली।** इंग्लैंड की विश्वविख्यात कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में भारत के मेधावी युवा आर्किटेक्ट और शहरी डिजाइनर चिवनिंग स्कॉलर रियाजुल समद बिन मोहम्मद ने चिवनिंग हाउस,केंट, इंग्लैंड में आयोजित चिवनिंग स्कॉलर मीट-अप कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और यूके के विदेश मंत्री डेविड लैमी का स्वागत किया।

यह कार्यक्रम विदेश मंत्री एस. जयशंकर की यूके द्विपक्षीय यात्रा का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य भारत-यूके संबंधों का अकादमिक सहयोग के माध्यम से मजबूत करना है। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में एमफिल व शोध कर रहे होनहार युवा छात्र चिवनिंग स्कॉलर रियाजुल समद का शोध कार्य सतत शहरी योजना Sustainable Urban Planning ) और जलवायु परिवर्तन शमन ( Climate Change Mitigation ) विषय पर केंद्रित है।उन्होंने अपने शोध प्रेजेंटेशन भाषण में बताया शोध कार्य इस बात पर जोर देता है कि प्राकृतिक संसाधनों को सतत शहरी विकास में एकीकृत करने की आवश्यकता है,विशेष रूप से तेजी से विकसित हो रहे विश्व और भारत के सतत शहरों के भविष्य को आकार देना है तथा वैश्विक सतत शहरी योजना और जलवायु सहनशीलता को मजबूत करने के वैश्विक प्रयासों का एक हिस्सा है।

कैम्ब्रिज, इंग्लैंड में अपने शोध कार्यों और वैश्विक नेतृत्व क्षमता के माध्यम से रियाजुल समद ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत को 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र और विश्व के सुपरपावर देशों में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि सात समंदर पार इंग्लैंड में आकार हमारा सिर गर्व से ऊंचा हो रहा है कि हमारे देश के मेधावी छात्र रियाजुल समद कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में शोध कार्य कर व अन्य चिवनिंग स्कॉलर विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान बनाकर भारत का नाम रोशन कर रहे है।आपने भूरी-भूरी प्रशंसा कर बधाई भी दी। कार्यक्रम के समापन पर यूके के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा रियाजुल समद का वैश्विक शोध कार्य व अन्य चिवनिंग स्कॉलर का कार्य भारत और इंग्लैंड के बीच सतत विकास और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को हल करने में सेतू का कार्य करेगा।

**'मिशन संकल्प'** 8 मार्च 2025 से एक वर्ष तक 40 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओं के लिए निःशुल्क मैमोग्राफी और पैप स्मीयर टेस्ट की घोषणा

# अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ ने महिलाओं में कैंसर की शुरूआती जाँच के लिए 'मिशन संकल्प' किया लॉन्च

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थान,अपोलोमेडिक्स सुपर

### उत्तर प्रदेश में केवल 1.5% महिलाएं करवाती हैं सर्वाइकल कैंसर की जाँच, और 1% से भी कम महिलाएं करवाती हैं ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग

स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स, ने 'मिशन संकल्प' की शुरूआत की है, जो महिलाओं में स्तन और सर्वाइकल कैंसर की शुरूआती पहचान और रोकथाम पर केंद्रित है। इस पहल की घोषणा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में की गई, जिसमें महिलाओं में बढ़ते कैंसर की दर को रोकने के लिए नियमित जांच के महत्व पर जोर दिया गया।

इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास और पोषण मंत्री, श्रीमती बेबी रानी मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने जागरूकता और जांच की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महिलाओं में स्तन और सर्वाइकल कैंसर सबसे अधिक पाया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 5 में से 3 कैंसर मरीज इस बीमारी के कारण अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे लगभग 60% की उच्च मृत्यु दर दर्शाई जाती है। अनुमान है कि 2050 तक भारत में कैंसर से संबंधित मृत्यु दर वर्तमान 64.9 प्रति 100,000 जनसंख्या से बढ़कर 109.6 प्रति 100,000 हो सकती है। इस अवसर पर श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने कहा, "यह महिलाओं में होने वाले आम कैंसर से लड़ने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उत्तर प्रदेश में स्तन और सर्वाइकल कैंसर के मामले सबसे अधिक हैं, लेकिन जांच की दर चिंताजनक रूप से कम है। सरकार इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है, और जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठा रही है, लेकिन अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ द्वारा 40 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओं के लिए मुफ्त जांच की यह पहल हमारे प्रयासों को मजबूती प्रदान करेगी और इस बीमारी के बोझ को कम करने में मदद करेगी।





मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267